पेज-12



मुझे मत सीखओ, बल्कि मेरे ...

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-10



साउथ से मिल रे आफर ...

वर्ष : 12 | अंक : 203 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | शनिवार, 27 जुलाई 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2


## एक नजर

### मनीष सिसोदिया की 31 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली।** आप नेता मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता को राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली एक्साइज पॉलिसी सीबीआई मामले में मनीष सिसौदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी। इससे पहले गुरुवार को ईडी धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी थी। आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया था।

### लगातार बारिश से सड़कें बनीं तालाब



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ बाढ़ के हालात निर्मित होने लगे है। राजधानी भोपाल में गुरुवार रात से रुक-रूक कर हो रही बारिश आज सुबह से लगातार जारी है। लगातार बारिश के राजधानी के कई निचले इलाकों में जलभराव की खबरें आ रही है। राजधानी के कटारा हिल्स और कोलार इलाके में तेज बारिश का सिलसिला सुबह से जारी है होशंगाबाद रोड स्थित कई कॉलोनियों में जलभराव की शिकायतें नगर निगम के कंट्रोल रुम पहुंच रही है।

### असम की धरोहर ने पाई यूनेस्को की हेरीटेज लिस्ट में जगह



**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि असम के मोइदाम - अहोम राजवंश की टीला दफन प्रणाली को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। इसे आगे बढ़ाते हुए मोइदाम विश्व विरासत सूची में शामिल हो गए। अहोम राजवंश की टीला दफन प्रणाली, जिसे मोइदाम के नाम से भी जाना जाता है, को सांस्कृतिक संपत्ति की श्रेणी के तहत यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चल रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र के दौरान लिया गया। असम से आने वाले केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी मान्यता है। मैं नॉर्थ ईस्ट के लोगों की ओर से पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। यह फिर से साबित करता है कि पीएम मोदी असम और उत्तर-पूर्व की सेवा करना जारी रखते हैं और परिणामस्वरुप, हमें दुनिया भर में पहचान हासिल करने का मौका मिला... मैं अहोम समुदाय और असम सरकार को भी धन्यवाद देता हूं।

### मुख्यमंत्री राज्यव्यापी वन महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में हुए सम्मिलित, वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दोहराया संकल्प

# हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का लें संकल्प : सीएम

- **मुख्यमंत्री ने कहा - पर्यावरण संतुलन के लिए हम सभी कदम से कदम मिलाकर चलें**
- **पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे**
- **वन महोत्सव पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक अभियान**



**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। अगर पेड़- पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित 75 वां राज्यव्यापी वन महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य अतिथि गणों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

**75 वर्षों से मनाते आ रहे हैं वन महोत्सव :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरूआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है। ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है उसे नियंत्रित कर सकें।

**एक वक्त था जब झारखंड में वृक्षारोपण की कोई जरूरत नहीं थी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जल- जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे। हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां वृक्षारोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन, जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गए, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया। उद्योग - धंधे का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और , पूल - पुलिया सड़कों का जाल बिछने समेत कई अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए । जहां जंगल हुआ करते थे, वहां कंक्रीट के जंगल बन गए। प्राकृतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप का सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से आज हमें तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा, तभी पर्यावरण के साथ अपने जीवन को सुरक्षित रख पाएंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री श्री रामेश्वर उरांव, श्री इरफान अंसारी एवं श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कई विधायकगण, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, पीसीसीएफ श्री संजय श्रीवास्तव समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### सीएम हेमंत की बेल के खिलाफ दायर याचिका कोर्ट में सूचीबद्ध

**रांची/दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली बेल को रद्द करने की मांग वाली एऊकी याचिका पर 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो सकती है. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, यह मामला सुनवाई के लिए 29 जुलाई को सूचीबद्ध हो सकता है।

### रसोइया की मौत पर सीएम ने दी अंतिम विदाई



मुख्यमंत्री आवास में तैनात जैप 1 के एक जवान की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई है. मृतक जवान लक्ष्मण छेत्री सीएम हेमंत सोरेन के आवास में रसोई का काम करता था. झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के केंद्रीय पदाधिकारी ने खअढ 1 के रसोइया लक्ष्मण छेत्री को नम आंखों से अंतिम विदाई दी. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जैप के कई पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

### पीएम मोदी ने कारगिल वार मेमोरियल पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# आतंकियों के आकाओं को मुंह तोड़ जवाब मिलेगा : मोदी

- **कारगिल विजय दिवस के 25 साल, पीएम मोदी ने अग्निपथ पर विपक्ष को घेरा**
- **पीएम मोदी के बयान से पाकिस्तान में दहशत बॉर्डर पर तैनात किये सैनिक**



**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्रास जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने अग्निपथ योजना, वन रैंक वन पेंशन को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 सालों में हमने डिफेंस रिफॉर्म को रक्षा क्षेत्र की पहली प्राथमिकता बनाया। इन रिफॉर्म्स के कारण आज हमारी सेनाएं ज्यादा सक्षम हुई। उन्होंने कहा कि सेना की ओर से साहसिक निर्णय का कारण अग्निपथ स्कीम भी है। भारत के सैनिकों की औसत आयु ग्लोबल एवरेज से ज्यादा होना ये हम सबकी चिंता बढ़ाता रहा है। यह विषय वर्षों तक अनेक कमेटियों में भी उठा, लेकिन देश की सुरक्षा से जुड़ी इस चुनौती के समाधान की पहले इच्छाशक्ति नहीं दिखाई गई। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोगों की मानसिकता ही ऐसी थी कि सेना मतलब, नेताओं को सलाम करना, परेड करना। हमारे लिए सेना मतलब 140 करोड़ देशवासियों की आस्था, 140 करोड़ देशवासियों की शांति की गारंटी और देश की सीमाओं को सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इतने संवेदनशील विषय को कुछ लोगों ने राजनीति का विषय बना दिया है। कुछ लोग सेना के इस रिफॉर्म में भी अपने व्यक्तिगत स्वार्थ में झूठ की राजनीति करते हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने हजारों करोड़ के घोटाले करके सेना को कमजोर किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने वायु सेना को आधुनिक विमान न मिले। प्रधानमंत्री ने कहा कि अग्निपथ योजना के जरिए देश ने इस महत्वपूर्ण सपने को एड्रेस किया है। अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना और सेनाओं को युद्ध के लिए निरंतर योग्य बनाए रखना है। अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी। भारत के अधिक से अधिक युवा मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आएंगे। निजी क्षेत्र ने भी अग्निवीर को प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों ने वन रैंक वन पेंशन पर झूठ बोला। हमारी सरकार ने इसे लागू किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने वार मेमोरियल नहीं बनाया। सेना के जवानों को प्रर्याप्त बुलेट प्रूफ जैकेट भी नहीं दी। ये वही लोग हैं जो कारगिल विजय दिवस को भी नहीं मनाते हैं। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के एक बयान के बाद पडोसी देश पाकिस्तान दहशत में आ गया है। वहां सैन्य गतिविधियां तेज हो गई हैं। यहां तक कि डर के मारे पाकिस्तान ने बॉर्डर पर अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दिया है।

# अनुराग गुप्ता ने संभाला डीजीपी का पदभार

### गिनाई प्राथमिकताएं, ट्रांसफर-पोस्टिंग को पारदर्शी बनाने पर जोर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता ने राज्य के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है. निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. पदभार संभालते ही डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से चार बिंदुओं पर फोकस किया जाएगा. इनमें नारकोटिक्स, साइबर, वायलेंट क्राइम और महिलाओं की सुरक्षा को टॉप प्रायोरिटी पर रखा जाएगा।



डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर पुलिस का क्विक रिस्पॉन्स होना चाहिए. पुलिस को पब्लिक के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जाएगा। सबसे ज्यादा जरुरी है कि थाना पहुंचने पर लोगों की बात को अच्छे तरीके से सुना जाए. इस दौरान कमजोर वर्ग, खासकर वृद्ध और महिलाओं के मामलों को संवेदनशीलता के साथ हैंडल किया जाएगा। अनुराग गुप्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि पुलिस सिस्टम को मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है. प्रतिनियुक्ति पर विशेष सावधानी बरती जाएगी. साथ ही इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा कि पारदर्शिता के साथ ट्रांसफर-पोस्टिंग हो. उन्होंने कहा कि जहां पुलिस फोर्स की जरुरत होगी, वहां डिप्लायमेंट सुनिश्चित किया जाएगा. आपको बता दें कि अनुराग गुप्ता बेहद काबिल पुलिस अफसर माने जाते हैं. साइबर क्राइम के मामले में वह हाईटेक माने जाते हैं। उनके प्रयास की बदौलत साइबर अपराध के कई गंभीर मामले सुलझाए गये हैं। इससे पहले डीजीपी पद पर तैनात अजय कुमार सिंह को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं एक अन्य सीनियर आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक संचार और तकनीकी सेवाएं रांची के पद पर पुलिस महानिदेशक के कोटि में उत्क्रमित करते हुए पुलिस महानिदेशक संचार और तकनीकी सेवाएं रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। 1989 बैच के अधिकारी हैं, पिछले साल फरवरी में उन्हें झारखंड का डीजीपी बनाया गया था। उससे पहले वो एसीबी में डीजी के पद पर पोस्टेड थे। डीजीपी झारखंड बनने से पहले वो पुलिस हाउसिंग में एमडी थे।

# विधानसभा में मॉनसून सत्र की शुरूआत

### सभापति और कार्यमंत्रणा समिति का गठन, कार्यवाही अंतिम चरण कि ओर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया है। यह सत्र छह दिन चलेगा और 2 अगस्त को समाप्त होगा। इसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी रणनीति बना ली है। सत्र की शुरूआत में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें 2024-25 के लिए पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इसके अलावा कई विधेयक भी पेश किए जाएंगे। मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में दिवंगत राजनीतिक हस्ती और अन्य क्षेत्रों के खास शख्सियत के निधन पर शोक संवेदना जताई है। मॉनसून सत्र के लिए स्टीफन मरांडी, रामचद्र सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी, निरल



पूर्ति और रामदास सोरेन को सभापति मनोनीत किया गया। वहीं कार्यमंत्रणा समिति में स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो के अलावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संसदीय कार्य मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, सुदेश महतो और सरयू राय को सदस्य मनोनीत किया गया। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुवा, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कमलेश कुमार सिंह, स्टीफन मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदीप यादव, रामचंद्र चंद्रवंशी, विनोद सिंह और पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल हैं।

# नीट पेपर लीक : धनबाद में सीबीआई की दबिश तालाब से निकाला मोबाइल और दस्तावेजों से भरा बोरा

- **तालाब में फेंका गया था दस्तावेज से भरा बोरा**
- **अमन सिंह के घर से मिले थे कैश और कागजात**

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** नीट पेपर लीक केस की जांच लगातार चल रही है. देश के साथ साथ झारखंड के कई हिस्सों में सीबीआई दबिश दे चुकी है. इसी कड़ी में शुक्रवार को जांच एजेंसी की टीम एक बार फिर से धनबाद पहुंची. यहां से उन्होंने पवन को हिरासत में लिया है. पूछताछ के बाद पवन की निशानदेही पर एक तालाब से मोबाइल और दस्तावेजों से भरा बोरा बरामद





किया गया है। नीट पेपर लीक मामले में पिछले दिनों सीबीआई ने सरायढेला से अमन, बंटी और राहुल को गिरफ्तार किया था. तीनों से पूछताछ में अमित और पवन समेत कई लोगों का नाम आया. शुक्रवार को सीबीआई को पता चला कि पवन धनबाद में है और सदर थाना क्षेत्र के पास एक मिश्रित भवन के पास अपने घर में छिपा है. इसी सूचना के आलोक में सीबीआई की टीम पटना से धनबाद पहुंची और पवन को शिकंजे में लिया. सीबीआई की टीम द्वारा पूछताछ में पवन ने बताया कि सुदामडीह स्थित एक तालाब में कई दस्तावेज और उपकरण बोरा में भरकर फेंका गया है. सीबीआई पवन को सुदामडीह ले गई और तालाब से बोरे को बरामद किया. इसके बाद सीबीआई पवन और बोरा को जब्त करते हुए अपने साथ पटना ले गई। इस घटना के बाद पवन की मां अपने बेटे की तलाश में सरायढेला स्थित सीबीआई ऑफिस पहुंची. जहां अधिकारियों ने पवन की मां से कहा कि धनबाद सीबीआई की टीम ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है. उसे दूसरे राज्य की सीबीआई ने हिरासत में लेकर अपने साथ पटना ले गई है. जहां उससे नीट परीक्षा पेपर लीक के बारे में पूछताछ की जा रही है. सूत्रों का दावा है कि अब तक नीट परीक्षा लीक मामले में 37 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं. सीबीआई सरायढेला स्थित कार्मिक नगर के अमित सिंह को तलाश कर रही है।

# संसद में विपक्ष का हंगामा, सरकार का दावा, किसान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2024-25 पर दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा जारी रही। करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शूरवीरों को श्रद्धांजलि दी और उनके पराक्रम को याद किया। बजट के खिलाफ विपक्ष के विरोध के बीच, सरकार लगातार विपक्ष से आग्रह कर रही है कि वह संसदीय कार्यवाही को बाधित न करें। आज भी बजट को लेकर दोनों सदनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार देखने को मिली। दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। मंडल आयोग के मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों की नोकझोंक भी देखने को मिली।

- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश केंद्रीय बजट विकसित भारत बनाने में उपयोगी साबित होगा। भाजपा सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में सेवा भाव से काम किया है और ऐसी योजनाएं देश को समर्पित की हैं जिनका देश के लोगों को लाभ मिला है। सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में पिछले 60 वर्ष में इतना विकास नहीं हुआ, जितना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दस साल के कार्यकाल में हुआ है।

लोकसभा में शुक्रवार को बंगाल से जुड़े एक मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों और कर्नाटक में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े विषय पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक करीब



25 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने शुक्रवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट युवा विरोधी और किसान विरोधी है जिसे अमीरों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह सवाल भी किया, हरियाणा ने क्या कसूर किया था कि इस बजट में उसकी अनदेखी की गई? जयप्रकाश ने कहा, इस बजट में किसान, नौजवान और संविधान के लिए कुछ नहीं है। यह सिर्फ धनवानों के लिए बनाया गया।

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कैंसर के मामलों में वृद्धि के बीच सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास कर रही है कि कैंसर रोगियों के लिए किफायती और सुलभ उपचार उपलब्ध हो। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए नड्डा ने कहा, कैंसर के मामलों की संख्या बढ़ रही है, यह हर साल लगभग 2.5 प्रतिशत बढ़ रही है।

जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने केंद्रीय बजट को विपक्ष द्वारा सरकार बचाओ बजट बताए जाने पर शुक्रवार को पलटवार किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ उनकी पार्टी का चुनाव-पूर्व गठबंधन है जो फेविकोल से चिपका हुआ है।

- समाजवादी पार्टी (सपा) और एमडीएमके समेत विपक्षी दलों के सदस्यों ने केंद्रीय बजट में राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए सरकार से कृषि उपकरणों पर लागू जीएसटी को समाप्त करने की मांग की, वहीं कई सांसदों ने अपने-अपने राज्यों को विशेष दर्जा या विशेष पैकेज देने की मांग उठाई। लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए सपा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि बजट में किसानों को खाद पर कोई सब्सिडी नहीं मिली और आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को आर्थिक सहायता का भी कोई प्रावधान नहीं किया गया।

राज्यसभा की कार्यवाही

विपक्ष पर किसानों के मुद्दों पर केवल राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वह पूरी जिम्मेदारी के साथ अथक परिश्रम करती रहेगी। किसानों को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जवाब को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा अन्नदाता की इज्जत कीजिये, उसकी सेवा कीजिये, हंगामा कर उसका अपमान मत कीजिये।

- राज्यसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने केंद्र सरकार पर बजट के माध्यम से आम लोगों की आकांक्षाओं पर सर्जिकल स्ट्राइक करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी एवं असमानता को दूर करने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए अधिक बजटीय प्रावधान, दक्षिण के राज्यों पर अधिक ध्यान देने, निजी निवेश को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर गौर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उच्च सदन में आम बजट 2024-25 एवं जम्मू कश्मीर के बजट पर एक साथ हो रही चर्चा में भाग लेते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी ने कहा कि यह बजट देश के विभिन्न भागों में रहने वाले लोगों के लिए एक बोझ की तरह है।

# कुटुम्ब न्यायालय में मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद



## विशेषज्ञ मध्यस्थ, जहान आरा, अधिवक्ता अवध किशोर सिंह व संदीप कुमार जयसवाल के प्रयास से वाद सुलझा

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** मध्यस्थता केंद्र रांची में वाद संख्या ओ.एम. 76/2024 जो कि माननीय कुटुम्ब न्यायालय, रांची से मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थता के लिए आया था। इस वाद को विशेषज्ञ मध्यस्थ जहान आरा, प्रथम पक्ष के अधिवक्ता यशवंत कुमार ठाकुर, द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता अवध किशोर सिंह के प्रयास से सुलझाया गया। इसमें प्रथम पक्ष सोनम जयसवाल व द्वितीय पक्ष संदीप कुमार जयसववाल है। पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद होने के कारण वाद उत्पन्न हुआ था। दोनों पक्ष मध्यस्थता के माध्यम से वाद को सुलझाने में राजी हुए। मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के बीच दोनों पक्ष उपस्थित होकर पूर्व की सभी रंजिशों को भुलाकर फिर से एक साथ राजी-खुशी जीवन जीने के लिए राजी हो गये। दोनों एक-दूसरे का सम्मान करेंगे। जरूरतों को पूरा करेंगे। दोनों पक्ष परिवार के एक-दूसरे के सदस्यों के साथ भी अच्छा व्यवहार करेंगे। भविष्य में दोनों पक्ष अच्छे से रहेंगे। किसी भी प्रकार का वाद-मुकदमा नहीं करंगे। दोनों पति-पत्नी एक-दूसरे के आचरण पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं करेंगे। ज्ञात हो कि उक्त वाद को सुलझाने में विद्वान अधिवक्ता अवध किशोर सिंह का सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने पूर्व में भी कई परिवारिक विवादों को सुलझाया हैं। पति-पत्नी का पुनर्मिलन कराकर घर को उजड़ने से बचाया है, जो कि एक सराहनीय कार्य है और समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। डालसा सचिव ने दोनों पक्षों को शांति पूर्वक रहने को कहा। विवाद न करने तथा अपने बच्चे का भविष्य को संवरने के लिए कहा।

## 75वां राज्यव्यापी वन महोत्सव का आयोजन किया गया

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पेड़ लगाते हुए सभी से आग्रह किया





**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के समीप आज 75वां राज्यव्यापी वन महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया, कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर झारखण्ड के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए, साथ ही कार्यक्रम मे विभिन्न विभाग के मंत्री गण एवं विधायक गण भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम मे मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को भी शामिल होकर एक पेड़ लगाने का स्वभाग्य अवसर प्राप्त हुआ। विधायक ने पेड़ लगाते हुए सभी से आग्रह किया, कि आप लोग भी प्रकृति की रक्षा हेतु इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए एक पौधा जरुर लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने में अपना सक्रिय योगदान करें। एक वृक्ष को लगाना और उसका पालन करना एक सौ पुत्रो के पालन के बराबर होता है इसलिए केवल वृक्ष लगाना ही नही, उसका पालन और सुरक्षा भी करना है। 'वृक्ष लगाए और जीवन बचाए' वन हमारी धरती का वह अंग है जो हवा को शुद्ध करता है और तापमान को नियंत्रित करता है। यह कार्बन डाई ऑक्साइड को कम करके बारिश करवाता हैं। ग्राउंड वाटर बढ़ता है पानी स्टोर करता है। मिट्टी से जहरीले पदार्थ सोखता है, जैव विविधता को बचाने मे मदद करते है। पेड़ हमारे और पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। अपने घरों के आस पास एक वृक्ष जरूर लगाए और उसकी सुरक्षा और पालन जरूर करे। वृक्ष लगाए,जीवन बचाए।

# कारगिल विजय दिवस के 25 साल पूरे होने पर निकाला गया मोटरसाइकिल जुलूस

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**ओरमांझी।** कारगिल विजय दिवस के 25 साल पूरे होने पर पूर्व सैनिक संघ लालगंज के द्वारा संघ के अध्यक्ष सह कारगिल युद्ध के लड़ाके लेफ्टिनेंट कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को पूर्व सैनिकों के द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस लालगंज सूर्यनगर से शुरू होकर खेलगांव चौक,बूटी मोड़ होते हुए दीपाटोली स्थित 23 इन्फैंट्री डिविजन वार मेमोरियल तक गया। जहां पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को भावभीन्नी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व सैनिक संघ राज्य के पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों,वीर नारियों के हित के प्रति कृत संकल्पित है। उनके हर सुख-दुख के साथ खड़ा है,साथ ही उनके समस्याओं के निदान के लिए है। उन्होंने कारगिल युद्ध की आपबीती व भारत के विजय के दौरान ऊंची शिखर,घाटी को लांघते हुए वीर गाथा को बताया। मौके पर संजीत सिंह,आरपी सिंह,आरके सिंह, मोहन कुमार,चंदन कुमार,प्रकाश मिश्रा, अवध कुमार सिंह,चंदन कुमार, त्रिपुरारी नारायण,डी आर पांडे,तरुण कुमार के अलावे अन्य मौजूद थे। 27 को रक्षा राज्य मंत्री वीर नारियां व पूर्व सैनिकों को सम्मानित करेंगे *: पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि गोविन्दम वेंक्वेट सभागार में कारगिल युद्ध के 25 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पूर्व सैनिकों, कारगिल युद्ध के योद्धाओं व वीर नारियों को सम्मानित करेंगे।

# 'डीएवी स्पोर्ट्स-2024' शतरंज व हैंडबॉल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची में 'डीएवी स्पोर्ट्स-2024' 'क्लस्टर लेवल-5' की प्रतियोगिताओं का आखिरी दिन बालक-बालिका हेतु 14,17 एवं 19 आयु वर्ग के अंतर्गत,शतरंज(चेस) एवं हैंडबॉल की प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं,जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' से सम्बंधित डीएवी के सात विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। एस के मिश्रा असिस्टेंट रिजिनल ऑफिसर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' सह क्लस्टर इंचार्ज ने शतरंज एवं हैंडबॉल की प्रतियोगिताओं का विधिवत उदघाटन किया। उन्होंने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि शतरंज दिमागी कसरत का खेल है।इस खेल से आत्मचिंतन में वृद्धि होती है।खेलकूद बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होता है।यह मन में जीत का जज्बा जागृत करता है।इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।इसके माध्यम से खिलाड़ी देश-दुनिया में प्रतिभा की चमक बिखेर सकते हैं।क्लस्टर-5 के ऑब्जर्वर सह डीएवी,खलारी के प्राचार्य कमलेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को खेल प्रारंभ होने से पूर्व शुभकामनाएं दीं।शतरंज के निर्णायक मण्डली में आईए.दीपक कुमार,चीफ ऑर्बिटर,एफ.ए. प्रभात रंजन कुमार,डिप्टी चीफ ऑर्बिटर एवं रागिनी रानी,असिस्टेंट ऑर्बिटर थे।जिन्होंने शतरंज की प्रतियोगिता को पूर्ण कराने में अपनी महती भूमिका निभाई। आज खेली गई प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार हैं'शतरंज बालक-बालिका वर्ग' शतरंज बालक वर्ग-अंडर-14 **विजेता**-डीएवी,बरियातु **उपविजेता**-डीएवी,हेहल। शतरंज बालक वर्ग-अंडर-17 **वजेता**-डीएवी,हेहल। उपविजेता-डीएवी,पुंदाग। शतरंज बालक वर्ग-अंडर-19 **विजेता**-डीएवी,बरियातु। **उपविजेता** डीएवी,हेहल।शतरंज बालिका वर्ग-अंडर-14 **विजेता**-डीएवी,बरियातु उपविजेता-डीएवी,हेहल। शतरंज बालिका वर्ग-अंडर-17 **विजेता**-डीएवी,हेहल।**उपविजेता**-डीएवी,टी सी आई, गोविंदपुर शतरंज बालिका वर्ग-अंडर-19**विजेता**-डीएवी,हेहल उपविजेता-डीएवी,बरियातु।

# मौलिक सुविधाओं से वंचित हैं ईटकी वासी: डॉ परमेश्वर



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**ईटकी।** ईटकी प्रखंड अंतर्गत ग्राम रानीखटंगा में गांव के युवकों के अगुवाई में आज एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमे मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी लोगों को अनेक तरह के सार्वजनिक समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। जिसमे मुख्य रूप से रेलवे क्रॉसिंग का समस्या है। लोगो ने बताया कि विगत 2 वर्षो से इटकी और रानीखटंगा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के बीच में रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर 2 किलोमीटर दूर अंडरग्राउंड से जाने का प्रावधान सरकार लेकर आई है, जिसका विरोध इटकी वासी बार बार कर रहे है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार स्थानीय विधायक एवं सांसद को लिखित तौर पर जानकारी दिया गया है, परंतु अभी तक कोई ठोस पहल जनप्रतिनिधियो के तरफ से नहीं देखा गया है जिसके कारण ग्रामीणों में काफी रोस है। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि इटकी भ्रमण के क्रम में पता चला कि कई जगह के ट्रांसफरमर, गांव के अंदर का सड़क, अबुवा आवास, सरकारी योजनाओं में सीधा लाभ न मिलना सहित दर्जनों समस्याए है जिसका निराकरण बहुत जरूरी है। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों को आश्वासन दिया कि इन सभी समस्याओं को लेकर जल्द ही विभागीय अधिकारियों एवं सचिव से मिलकर वार्ता करते हुए ठोस पहल किया जाएगा। मौके पर जहांगीर अंसारी, मंसूर अंसारी, तालहा अंसारी, साकिब अंसारी, चांद अंसारी, अबूल अंसारी, नौशाद अंसारी, रमजान अंसारी, मो फैजल अंसारी, अमानत अंसारी, इशरत अंसारी एवं जाकिर अंसारी मौजूद थे।

# संत अन्ना परिसर मांडर में धूम धाम से मना स्थापना दिवस



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चान्हो।** संत अन्ना परिसर मांडर में धूम धाम से संत अन्ना धर्म समाज का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर संत अन्ना परिसर के संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, संत अन्ना कान्वेंट स्कूल मांडर, संत अन्ना हाई स्कूल, और मिडिल स्कूल के छात्र- छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही पिछली परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं कि सम्मानित भी किया गया। मौके पर संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज कि प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा कि संत अन्ना धर्म समाज कि स्थापना आज के ही दिन मांडर के सुदूरवर्ती गाँव सरगाव से होकर आज झारखण्ड सहित कई राज्यों में विस्तारित होकर शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दें रहा है यह एक धर्म बहनों का समाज है और हमारे लिए सौभाग्य है कि ईश्वर ने हमें इस सेवा कार्य के लिए चुना है।कार्यक्रम को सफल बनाने में संत अन्ना कान्वेंट कि प्रचार्या अलैक्सीया बेक, हाई स्कूल कि प्रचार्या मैरी तिर्की, मिडिल स्कूल कि प्रचार्या ज्योति जसिंता मिंज, अनिल खलखो, सुमन तिर्की, बोनीफस एक्का, प्रीति कुजूर, सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे झारखंड के शिक्षक

# सीसीआरटी दिल्ली में बिखेरी झारखंडी संस्कृति के जलवे



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में स्थित सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र में 16 राज्यों से आए 96 शिक्षकों के प्रशिक्षण के दौरान झारखंड राज्य से शिक्षकों ने अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया` उन्होंने झारखंड राज्य का इतिहास, वहां की समृद्ध कलाकृति, यहां की जीवन शैली , प्रमुख पर्यटन स्थल , मुख्य खानपान, उद्योग परंपरागत, वाद्य यंत्र से अन्य राज्य के लोगों को परिचित करायो झूमर , सरहुल पर होने वाले गीत पेश कीं ज्ञात हो कि झारखण्ड के 9 शिक्षक दिनाँक 18 जुलाई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और 27 जुलाई तक करेंगे । आज के कार्यक्रम को प्रस्तुत करने में मुख्य रूप से रांची जिले के सफदर ईमाम, चंचला कुमारी पांडे, कुंदन कुमार, सैयद इबरार हसन, लातेहार जिले के बृजेश कुमार, राजेश कुमार, अनिमा लकड़ा , धनबाद जिला की सुनीता कुमारी तथा पूर्वी सिंहभूम की हेमा भट्टाचार्य ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया ।

## बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण के विरुद्ध कार्यशाला

# बाल श्रम व यौन शोषण अपराध : राजेश कुमार सिंह

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**रांची।** झालसा के निदेर्शानुसार, माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के एन.जी.ओ. के सहयोग से डालसा, सभागार में पारा लिगल भोलेन्टियर के साथ जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय-2, श्री राजेश कुमार सिंह, डालसा सचिव, श्री कमलेश बेहरा, एल.ए.डी.सी.एस. प्रमुख, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एल.ए.डी.सी.एस. डिपुटी, राजेश कुमार सिन्हा, सी.डब्ल्यू.सी. मेम्बर, विनय कुमार, प्रियरंजन, एल.पी.ओ., डी.सी.पी.यू., दुर्गा शंकर साहू, बचपन बचाओ आंदोलन के ब्रजेश कुमार मिश्रा, एस.जी.वी.वी. के सचिव, राजेन कुमार, जिला समन्वयक, अरविंद कुमार, डालसा के कार्यरत सभी पीएलवी उपस्थित थे। एकदिवसीय कार्यशाला का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण, डालसा सचिव श्री कमलेश बेहरा ने दिया। मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार सिंह, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय- 2 ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला बच्चों के संरक्षण से संबंधित कानून के बारे में आप सभी को जागरूक करने के लिए है, ताकि आप कस्बों, गांवों, सुदुरवर्ती क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक कर सकें और बच्चों के अधिकारों के बारे में बता सकें। बच्चों से संबंधित पोक्सो एक्ट-2012 के बारे में एलएडीसी अधिवक्ता श्री राजेश कुमार सिन्हा ने विस्तार से बताया। उन्होंने कानूनी प्रवधानों के बारे में तथा पोक्सो एक्ट में कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था है, इसकी जानकारी दी। पीड़ित बच्चों से संबंधित कोई भी पहचान अखबार में प्रकाशन नहीं करना है। आगे कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे-बच्चियों के साथ अगर किसी भी तरह का दुश्कर्म, छेड़छाड़ या बच्चों को इस तरह का कार्य में धकेला जाता है, तो पोक्सो एक्ट में कड़ा प्रवधान है जैसे कि उम्र कैद, आजीवन कारावास की सजा इत्यादि, इसके तहत अभियुक्त को सजा दिलवाया जा सकता है।

# झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जोड़ी जायेंगी 48 लाख महिलाएं

## महिला के सशक्तिकरण और रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रख कर बनायी गयी है योजना

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**रांची।** हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक नई योजना की शुरूआत कर दी है। इस योजना के तहत शुरूआती दौर में अड़तालीस लाख महिलाओं को जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है ।झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMS ) सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है ।

**क्या है योजना:** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMS ) हेमंत सरकार का महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है जिसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए रू.1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।योजना के तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

**किसे मिलेगा लाभ :** इस योजना के तहत लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम की हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो।आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना(पीला रंग का राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड)/K-Oil राशन कार्ड (सफेद रंग का राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

**क्या है सरकार की मंशा :** हेमंत सरकार ने हाल के दिनों में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई योजनाओं को पेश किया इन योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु थी और उनके आर्थिक उन्नयन का का विशेष ख्याल रखा गया था। खासकर गरीब तबके की महिलाओं को केंद्रित कर योजनाएं बनाई गई थी, स्कूल जाने वाली बच्चियों के लिए योजना थी, साथ ही घरेलू महिलाएं जो छोटे-मोटे कामकाज करना चाहती थी उन्हें भी कैसे सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया था।इन योजनाओं से काफी फायदा भी हुआ जो योजना चली उनमें से प्रमुख है।

**महिला सशक्तिकरण और उनसे केंद्रित हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जिसमे आठवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक तथा 18/19 वर्ष की बेटियों को आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत कुल 40 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है।

## एक नजर

### झारखण्ड विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहला दिन

# अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से मुख्यमंत्री ने भेंट कर उनका अभिवादन किया



**रांची।** झारखण्ड विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भेंट कर उनका अभिवादन किया।

# कैमरून से लौटे प्रवासी मजदूरों को सरकारी योजनाओं से किया जाएगा आच्छादित

### मुख्यमंत्री ने की संयुक्त श्रमायुक्त को नोडल पदाधिकारी को नामित करने की अनुशंसा

**दबंग हिन्द,रांची।** कैमरून, दक्षिण अफ्रिका से लौटे झारखण्ड के 27 प्रवासी मजदूरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने इस संदर्भ में निर्देश दिए हैं। योजनाओं से आच्छादित कार्यों को सफल रूप से पूर्ण करवाने हेतु श्री राजेश प्रसाद, संयुक्त श्रमायुक्त, झारखण्ड, राँची (मोबाईल सं०- 9431344109) को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने की अनुशंसा की है। श्री प्रसाद पत्र प्राप्ति के 72 घंटे के भीतर संबंधित जिले में जाकर उपायुक्त, जिला कौशल विकास पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक से सम्पर्क स्थापित कर कार्य योजना तैयार कर इस कार्य को पूर्ण करायेंगे। श्रमायुक्त, झारखण्ड इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# मृतक के मिट्टी में शामिल हुए: डॉ. परमेश्वर भगत



**दबंग हिन्द,ईटकी।** बाजार मोहल्ला में जौहर अंसारी की अम्मी का अचानक निधन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत मृतक के मिट्टी में शामिल होने पहुंचे और परिवार वालो को ढांढस बंधाया साथ ही हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

# मुड़मा एनएच 39 से कलेशर महतो के घर तक योगदान से रास्ता बनाया गया



**दबंग हिन्द,मांडर।** मुडमा एनएच 39 से कलेशर महतो के घर तक योगदान से रास्ता बनाया गया । जिसमे मुख्य रूप से उप प्रमुख अमानत अंसारी जिला परिषद प्रतिनिधि जगराम उरांव मुडमा पंचायत के मुखिया बंधन उरांव उप मुखिया सुरेश उरांव, चमरा उरांव, आशिक अंसारी,अर्जुन महतो,अनिल तिर्की आदि शामिल थे।

# सीसीएल को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार

**दबंग हिन्द,रांची।** सीपीडीआईएल द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति उपक्रम (रांची) की छमाही बैठक में वार्षिक पुरस्कार योजना, 2023-24 के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन के लिए सीसीएल रांची को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीसीएल की ओर से श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल ने पुरस्कार ग्रहण किया। उक्त आयोजन में सीसीएल के महाप्रबंधक राजभाषा, प्रबंधक (सचि./रा.भा.)/ उप प्रबंधक राजभाषा एवं सहायक प्रबंधक (रा.भा.) ने भाग लिया। विगत छमाही में नगर राजभाषा कार्या-?वयन समिति उपक्रम (रांची) के विभिन्न सदस्य कार्यालयों के द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में सीसीएल के 3 विजयी प्रतिभागियों को भी सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा राजभाषा 'हिंदी' का अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु समय - समय पर विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित किये जाते हैं, जिससे प्रेरित होकर सीसीएल के सभी कार्मिक अपने कार्यालयीन कार्य का निष्पादन हिंदी में करते हैं।

# नगड़ी प्रखण्ड परिसर में निशुल्क बीज का वितरण



**दबंग हिन्द,पिस्का नगड़ी ।** झारखण्ड सरकार की ओर से बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत नगड़ी प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत-देवरी के ग्राम-देवरी एवं सुगदा के 40 किसानों के बीच संकुल प्रत्यक्षण हेतु आठ-आठ किलोग्राम मक्का प्रभेद एन०एन०एच०-803 बीज का वितरण शत प्रतिशत अनुदान में उप प्रमुख श्रीमती अफसाना प्रवीण के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उप प्रमुख श्रीमती अफसाना प्रवीण,प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार,प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक बरदानी लकड़ा,देवरी मुखिया विजेता कच्छप तथा देवरी पंचायत के ग्राम देवरी एवं सुगदा के ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड के 61 वीडीओ का तबादला स्थगित, सीएम हेमंत सोरेन के समक्ष विधायकों ने जतायी थी आपत्ति

**दबंग हिन्द,रांची।** झारखंड के 61 बीडीओ का तबादला स्थगित कर दिया गया है. पिछले दिनों इनकी ट्रांसफर-पोस्टिंग की गयी थी. सत्ता पक्ष की बैठक में विधायकों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष इस संदर्भ में आपत्ति जतायी थी. ग्रामीण विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर तबादला स्थगित कर दिया है.ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि द्वितीय विशेष मतदाता पुनरीक्षण से संबद्ध पदाधिकारियों (बीडीओ) की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन की तारीख 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख 20 अगस्त 2024 तक पाबंदी लगायी गयी है. इस आलोक में 24 जुलाई के तबादले के आदेश को स्थगित किया गया है. विभाग ने 61 प्रखंड विकास पदाधिकारियों का तबादला किया है. इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है. अधिसूचना में कहा गया है कि जहां बीडीओ की पदस्थापना नहीं की गयी है, वहां कार्यरत सीओ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यभार संभालेंगे. वहीं जहां अंचल अधिकारी के पद रिक्त हैं, वहां बीडीओ ही सीओ के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

**इन प्रखंड विकास पदाधिकारियों का हुआ था तबादला :** मो हारुन रशीद (व्याख्याता सर्ड), मनीष कुमार (नामकुम), रेणु कुमारी (मांडर), सोमनाथ चटर्जी (रातू), कामेश्वर बेदिया (ओरमांझी), कनक (बुंडू), मनोज कुमार गुप्ता (राहे), मनीष कुमार (धुरकी), अखिलेश कुमार सिंह (मझिआंव), मनोज कुमार तिवारी (डंडई), अमरेन डांग (रंका), प्रवीण कुमार (रामगढ़, पलामू), हरिशंकर बारिक (विश्रामपुर), अशोक कुमार चोपड़ा (मनातू), आशा साहू (उंटारी रोड), संतोष कुमार (नौडीहा बाजार), विजय कुमार (हरिहरगंज), अमित कुमार पासवान (चंदवा), संतोष कुमार महतो (गारू), दयानंद प्रसाद जायसवाल (महुआडांड़), संतोष कुमार चौधरी (बारियातू), संदीप कुमार (मनिका)।

शैक्षणिक उत्कृष्टता ने डीपीएस को बनाया ब्रांड

# अवसरों का लाभ ले विद्यार्थी : अपर नगर आयुक्त

दबंग हिन्द,संवाददाता



**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में 1993 बैच के मेधावी छात्र रहे झारखंड प्रशासनिक सेवक अधिकारी अनंत कुमार शुक्रवार को 3 दशक के बाद अपने पुराने विद्यालय पहुंचे निगम के अपर नगर आयुक्त एवं बेरमो के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने विद्यालय में 30 साल पहले बिताए अपने स्वर्णिम पर एवं स्मृति को साझा करते हुए 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया अतिथि व्याख्यान शाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दसवीं के बाद विद्यार्थियों के लिए वह समय होता है जब वह अपने सपने बुनते हैं उसे पूरा करने के लिए जरूरी है कि वह बगैर किसी दबाव में आए अपनी क्षमता और रुचि को ध्यान में रखकर ही अपना करियर चुने उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य मानवीय चेतना का विकास करना है एक सफल और अच्छा इंसान बनने के लिए विद्यार्थी हमेशा अपना नैतिक मूल्य और अपनी विनम्रता बढ़करा रखें तीन दशक पहले विद्यालय में अपने छात्र जीवन के अनुभव को सजा करते हुए कहा कि आज वह जिस मुकाम पर है उसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो की केंद्रीय भूमिका है यहां के कुशल शैक्षणिक व्यवस्था और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के पर्यटन का ही परिणाम है कि आज दिल्ली पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक ब्रांड बन चुका है प्राचार्य डॉक्टर ए एस गंगवार ने इस प्रकार की अतिथि व्याख्यान शाला को विद्यार्थियों के हित में आवश्यक बताया उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम के जरिए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया जाता रहा है उन्होंने अपना नगर आयुक्त श्री कुमार के व्याख्यान के लिए आभार व्यक्त किया।

# कारगिल विजय पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने आयोजित किया श्रद्धांजलि सम्मान कार्यक्रम

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने की खुशी में पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बोकारो इकाई द्वारा रजत जयंती समारोह की परिकल्पना के साथ अपने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहीद उद्यान सिटी पार्क में श्रद्धांजलि सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार के साथ अश्वनी कुमार मित्तल आंचलिक प्रबंधक बैंक आफ इंडिया पीके मिश्रा मंडल अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक एवं संघ चालक बोकारो महानगर रंजीत बरनवाल उपस्थित थे मौके पर कुंदन कुमार सहित उपस्थित सभी लोगों ने सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया मौके पर उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया इस मौके पर बैंक आफ इंडिया का आंचलिक प्रबंधक अश्वनी कुमार मित्तल ने अपने वक्तव्य में इस युद्ध के दौरान सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए सैनिकों के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखने को कहा मौके पर श्री अशोक ने अपने परिचित अंदाज में है



प्रीत जहां की रीत सदा मैं गीत वहां के गाता हूं गीत से भावनाओं की बारिश करते हुए अपने उधर व्यक्त किया कार्यक्रम में पूर्व कारगिल विजय 1999 के अवसर पर परिषद की बोकारो इकाई द्वारा अपने सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम की श्रृंखला का प्रारंभ 16 जुलाई को ही सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 में वृक्षारोपण का एक कार्यक्रम संपन्न करते हुए किया गया ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम विजेता स्नेहा कुमारी को स्मृति फलक प्रदान कर सम्मानित किया वहीं आशा लता केंद्र के दिव्यांग बच्चों की भी उपस्थित प्रेरक रहे इस मौके पर कारगिल युद्ध के कुछ जवानों ने अपने यादगार पलों को साझा किया जो रोमांचित करने वाला था कार्यक्रम में महाराणा विचार मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह महानगर कार्यवाहक रतन की जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक कौशल किशोर एस एन दास विद्या भारती से जितेंद्र विवेक सिंह चैतन्य श्री रोहित लाल अशोक कुमार वर्मा मृगेंद्र प्रताप सिंह चंद्रशेखर कुमार राजेश दुबे सहित सैकड़ो पूर्व सैनिक और नागरिक उपस्थित थे।

# युवा कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

दबंग हिन्द,संवाददाता



**चास।** युवा कांग्रेस का झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार बोकारो आगमन पर देव शर्मा का युवा कांग्रेस एवं युवा लाइंस फोर्स के तमाम नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा ढोल नगाड़े पटाखे आतिशबाजी फूल गुलदस्ता एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया मौके पर मुख्य रूप से बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौबे नारायण सिंह चौधरी युवा कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्रदेव राजभर ने श्री शर्मा के आते ही लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करवाया एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवास कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रभारी मिर साहब युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज प्रभारी इशिता साहित्य तमाम कांग्रेस और युवा कांग्रेस के प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा समर्थकों को बधाई दी गई तत्पश्चात युवा लाइंस फोर्स के द्वारा संयुक्त रूप से बाइक जुलूस निकाला गया जिसमें श्री शर्मा भी शामिल हुए बाइक रैली चेक पोस्ट बाईपास धर्मशाला मोर महावीर चौक होते हुए निकली इस बीच जगह-जगह मिठाई एवं पटाखे से उनका स्वागत किया गया रैली जोधा रिमोट पहुंचे तमाम ऑटो चालक एवं दुकानदारों ने बधाई दी श्री शर्मा ने सभी का अभिवादन किया फिर लाल गरिया मोर पहुंचते ही ट्रैक्टर संघ से लेकर तमाम दुकानदारों ने भी स्वागत कर बधाई दी अपने निवास स्थान बोदरो पहुंचे और कहा कि कार्यकताओं की बदौलत आज उन्हें यहां पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ है वह हमेशा हर तरीके के सुख-दुख में साथ खड़े थे और रहेंगे।

# प्रबंध प्रशिक्षुओ ने बोकारो इस्पात संयंत्र में दिया योगदान

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में 25 प्रबंध प्रशिक्षु ने योगदान दिया तथा इन का तीन सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञान अर्जन एवं विकास विभाग में शुरू किया गया प्रबंध प्रशिक्षु के लोकल इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद अधिशासी निदेशक माइंस जयदीप दास गुप्ता उपस्थित थे मुख्य महाप्रबंधक मनीष जलोटा ने प्रशिक्षु को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया मौके पर सुरक्षा शपथ दिलाई गई सभी प्रबंधन प्रशिक्षण ने अधिशासी निदेशक मानव संसाधन राजन प्रसाद के साथ सुरक्षा शपथ ली मौके पर श्री प्रसाद ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि प्लांट निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है जिसमें आप लोगों की भूमिका भी अपेक्षित है।

# पेड़ हमारे जीवन के स्रोत, रोटरी ने चलाया पौधारोपण अभियान : अग्रवाल



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चास।** पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य रोटरी क्लब चास ने आज चास धनबाद रोड पर एक निजी परिसर में 80 फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि पर्यावरण एवं प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्ष की सुरक्षा एवं संपोषण हम सभी का कर्तव्य है कार्यक्रम के संयोजक विपिन अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ उसकी सुरक्षा करना सभी का दायित्व और नैतिक जिम्मेदारी है श्री अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में नारकीय जीवन से निदान का उपाय वृक्षारोपण है। मौके पर संस्थापक अध्यक्ष संजय वैद्य ने कहा कि वृक्षारोपण करके ही हम आने वाली पीढियां को एक सुरक्षित पर्यावरण देने का संकल्प ले सकते हैं श्री संजय ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे मौलिक आवश्यकता है सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी का स्पष्ट संदेश है यदि पेड़ पौधे सुरक्षित नहीं होंगे तो मानवीय जीवन में सुरक्षित नहीं रहेगा उन्होंने बताया कि आज आम कटहल जामुन अमरुद गुलमोहर सहित फलदार और छायादार वृक्ष के 80 पौधे लगाए गए कार्यक्रम में विनोद चोपड़ा मुकेश अग्रवाल पूजा वेद डिंपल कौर विपिन अग्रवाल कुमार अमरदीप गौरव रस्तोगी रितु अग्रवाल ज्योति अग्रवाल मनजीत सिंह श्वेता रस्तोगी विजय अग्रवाल पूर्वी केजरीवाल आदि उपस्थित थे।

# हैशटैग नाम जांचों अभियान में शामिल हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के निर्देश पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित होने की तिथि 25 जुलाई गुरुवार को जन जागरूकता के लिए आहट नाम जांचों सोशल मीडिया अभियान में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुआ यह अभियान 1 घंटे तक दोपहर 12:00 बजे से लेकर 1:00 तक चला समाहरणालय सभागार में डीसी के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी एवं अन्य जिला स्तर अधिकारी कर्मी ने नाम जांचों सोशल मीडिया अभियान में हिस्सा लिया सभी ने बूथ लेवल ऑफीसर अप पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की और फोटो लेकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया उधर बोथ लेवल ऑफिसर जिले के सभी मतदान केंद्र पर उपस्थित रहे मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन के साथ मतदाताओं को नाम जांच करने में उनके द्वारा सहयोग किया गया वहीं जिनका नाम छूटा है या त्रुटि है उनसे फॉर्म 6 तथा 8 संग्रह किया गया जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के अनुसार जेएसएलपीएस की दीदी ने भी क्षेत्र में जन जागरूकता फैला कर मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जचने एवं उन्हें नाम जांचों सोशल मीडिया अभियान के संबंध में अवगत कराया।

# खुदरा विक्रेताओं के लिए ऊर्जा संरक्षण व स्टैंडर्ड एवं लेवलिंग कार्यक्रम



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के अधीन 26 जुलाई को वेस्ट इन होटल बोकारो में खुदरा विक्रेताओं के लिए ऊर्जा संरक्षण तथा स्टैंडर्ड एवं लेवलिंग कार्यक्रम पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया कार्यक्रम में विक्रेताओं को स्टार लेवल के बारे में प्रशिक्षण जीके विकास उर्जा विशेषज्ञ के द्वारा दिया गया कार्यक्रम के शुरूआत मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि मंच पर मौजूद अन्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया मौके पर शैलेंद्र कुमार पांडे अध्यक्ष लघु उद्योग भारती कुंदन कुमार उपाध्याय स्टेट प्रेसिडेंट जेएसटी एसबीईए एवं विश्वजीत कुमार मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी उजाला इंटरप्राइजेज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य को समझाते हुए कम ऊर्जा खपत वाले उपकरण अपने साथ ही ऊर्जा बचाने के अन्य माध्यम पर ध्यान देने के लिए कहा उन्होंने सभी रिटेलर्स और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बिजली उपकरण का उचित उपयोग करने और जागरूक होने को कहा कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण कैसे हो स्टार रेटिंग की क्या महत्व है एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड एस एंड एल इंस्पेक्शन प्रक्रिया के बारे में सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई मौके पर अतिलेश गौतम सदा प्रभारी जरेडा अतुल निगम ऊर्जा विशेषज्ञ कार्यक्रम में बतौर गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# फुसरो नगर में बूथ समिति को मजबूत करे कार्यकर्ता - कमलेश



दबंग हिन्द,संवाददाता

**फुसरो।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेएलकेएम फुसरो नगर की बैठक ढोरी बस्ती वार्ड संख्या 18 को हुई।अध्यक्षता व संचालन नगर अध्यक्ष निर्मल महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संगठन मंत्री सह पूर्व गिरीडीह लोकसभा प्रभारी कमलेश महतो ने कहा कि पूरे राज्य में जेएलकेएम पार्टी तीसरा मोर्चा के रूप में जनता के लिए विकल्प के तौर पर उभरी है। फुसरो नगर में बूथ समिति को मजबूत करे कार्यकर्ता और बेरमो विधानसभा में अपने प्रत्याशी को जिताकर विधानसभा भेजे।आज फुसरो के लोग सीसीएल को अपना जमीन देकर विस्थापन का दंश झेल रहे है और रोजगार के लिए दर दर भटक रहे है जबकि यहां के विधायक अपने सगे संबंधियों को रोजगार दिला रहे है। आने वाले चुनाव में जनता इसका मुहतोड़ जवाब देगी।बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव कुणाल कुमार, जिला महामंत्री मो हाशिम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, नगर उपाध्यक्ष लक्षमण सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

# डीटीओ ने 12 वाहनों से वसूल किया रू.350000 फाइन



**बोकारो।** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने डीसी के निर्देश पर जिले के बियाडा बालीडीह टोल प्लाजा ओर बेरमो फुसरो रोड में बड़ी गाड़ियों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया इस दौरान पाया गया कि अधिकतर गाड़ियों में बिना वैध मार्ग पर मीटर ओवरलोड ओवर सीज पॉल्यूशन फिटनेस एवं इंश्योरेंस पेपर फेल पाया गया जिसके कारण इन वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया दी गई जानकारी के मुताबिक 12 गाड़ियों से लगभग ?350000 जमाने की वसूली की गई जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के बियाड़ा क्षेत्र साहित्य अन्य क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया जिसमें 12 गाड़ियों से साढे तीन लाख रुपये फाइन लिया गया उक्त सभी वाहनों को अंतिम वार्निंग दिया गया कि इसे जल्द से जल्द सुधार कर ले अन्यथा संबंधित गाड़ी मालिक के विरुद्ध आर्थिक एवं दंडात्मक नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ठेका कर्मियों को 10 लाख का इंश्योरेंस देने के लिए बीएसएल प्रबंधन धन्यवाद का पात्र : चौधरी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो सिटी।** जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर 9 में यूनियन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए महामंत्री बीके चौधरी ने कहा कि ठेका कर्मियों का प्लांट में हो रहे दुर्घटना सुबह मौत की संख्या बढ़ रही है उनके मृत्यु के उपरांत उनके ऊपर आश्रित परिवार के लिए बहुत बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाने के कारण यूनियन लगातार उनके लिए अन्य स्टील प्लांट की तरह बोकारो स्टील में भी उनके लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा स्कीम लागू करने के लिए सभी प्लेटफार्म पर आवाज उठाती रही है जिसका सकारात्मक नतीजा 24 जुलाई को प्रबंधन और बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट के साथ हुए समझौता में हुआ जिसमें दुर्घटना से हुए ठेका कर्मियों के मृत्यु के उपरांत उनके आश्रित को 10 लख रुपए का भुगतान किया जाएगा उन्होंने इस ऐतिहासिक समझौता करवाने में अहम भूमिका निभाने के लिए बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी अधिशासी निदेशक मानव संसाधन राजन प्रसाद के साथ मुख्य महाप्रबंधक हरिमोहन झा को यूनियन की ओर से साधुवाद दिया श्री चौधरी ने कहा कि ठेकेदार इंजीनियर इंचार्ज गठजोड़ से आर्थिक शोषण हो रहा था तथा वेतन में से पैसा नहीं लौटने पर गेट पास रोका जा रहा था उसे पर भी काफी स्तर तक रोक लगाया जा रहा है उन्होंने कहा कि उपरोक्त समस्या का समाधान हो जाने पर ठेका कर्मियों में उल्लास है ठेकेदार का संगठन बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट को भी बधाई दी गई बैठक में संयुक्त महामंत्री शंकर कुमार क सिंह एसके सिंह अनिल कुमार राजेंद्र प्रसाद बदल करी रोशन कुमार तुलसी महतो आरके मिश्रा आशिक अंसारी राम रवानी ई अहमद मानिक चंद्र शाह अभिमन्यु मांझी आदि उपस्थित है यह जानकारी कार्यालय मंत्री आर बी चौधरी ने दी।

# डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




दबंग हिन्द,संवाददाता

**बांध कथारा।** डीएवी कथारा के प्रांगण में कारगिल विजय उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रार्थना सभा में वीर जवानों की शहादत और उनके शौर्य को याद किया गया ।इस दौरान विद्यार्थियों ने मां भारती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। कक्षा दशम की छात्रा शानवी आनंद ने कारगिल विजय उत्सव पर भाषण प्रस्तुत किया । कक्षा दसवीं की अनुश्री कुमारी, नवमी की छात्राए रूहानी प्रवीण, संचिता महतो ,सृष्टि कुमारी ने संगीत शिक्षक श्री संगीत कुमार के निर्देशन पर इस अवसर पर विजई विश्व तिरंगा प्यारा गाना गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय ने कहा कि हमें अपने वीर सेनानियों से प्रेरणा लेते हुए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहिए।इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक पंकज कुमार, पीएन चौधरी,डाक्टर आर एस मिश्रा, शर्मिला ठाकुर ,रेखा कुमारी,ए के गोस्वामी,सीसीए कोऑर्डिनेटर बी के दसौंधी, धर्म गुरु टी एम पाठक, जितेंद्र दुबे , अरविंद क्षा,संजय कुमार सिंह, मंतोष कुमार, अमित पाण्डे, सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहे अनुसचिवीय कर्मचारी संघ

**बोकारो।** राज्य के सभी जिलों की भांति बोकारो जिले के सभी अनुसूचियां कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर आज भी डटे रहे जिसके कारण बोकारो संभलनायक सहित अनुमंडल कार्यालय के साथ सभी प्रखंड एवं अंचल का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ सभी कर्मी से मारनालय के समीप धरना स्थल पर बैठे रहे संघ के उपाध्यक्ष रवि मुर्मू ने बताया कि सरकार को जनता की सहूलियत से कोई सरोकार नहीं है उन्होंने कहा कि संघ की सभी मांगे प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर है जल्दी ऐसा हुआ तो जनता का भी कम समय पर होगा एवं विकास की गति तेज होगी लेकिन सरकार को व्यवस्था ठीक करने से कोई मतलब नहीं है श्री मुर्मू ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल पर रहेंगे इन लोगों ने वेतनमान ग्रेट 24 सोकर ने समाहरणालय सहित सभी अनुमंडल प्रखंड एवं अंचल में पदों का सृजन करने ताकि जनता का काम तेजी से हो सके आउटसोर्सिंग की प्रथा को खत्म करते हुए उन्हें संविदा पर रखते हुए सेवानिवृत्ति की सीमा 60 वर्ष करने तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति देने की मांग की गई है

## एक नजर

### जिले के 21 से 50 वर्ष की 552235 लागू को मिलेगी मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत पेंशन

बैठक में विकास योजनाओं को गति देने व समय पर पूरा करने पर बल

**बोकारो।** जिला समन्वय समिति की मैराथन बैठक हुई 7 घंटे से अधिक चली बैठक में विभाग बार समीक्षा की गई और विकास योजनाओं में गति लाने तथा उसे समय पर पूरा करने का निर्देश डीसी ने दिया बैठक में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद डीआरडीए निदेशक मां का पर समर्थ ममता जानकारी अपर नगर आयुक्त आनंद कुमार अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी उपस्थित थे बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा के दौरान डीसी ने सभी प्रखंड में योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की और लक्ष्य के रूप मानव दिवस सृजन करने को कहा इसके अलावा रणनीति बनाकर योजना पद तरीके से मानव दिवस सृजन करने योजना में महिला कर्मियों की भागीदारी बढ़ाने का निर्देश दिया विशेष कर जारीडीह कसमार चास एवं पेटरवार प्रखंड को इस दिशा में काम करने को कहा। डीसी ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत सभी प्रखंडों को लक्ष्य के अनुरूप अभियान चलाकर गड्ढा खोदने का निर्देश दिया इसके अलावा वीर शहीद पोटो हो योजना में बेहतर प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगे भी जारी रखने का निर्देश दिया वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के समीक्षा में लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को योजना स्वीकृत करने उसके अनुरूप प्रथम किस्त का भुगतान करने तथा द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान को लेकर समीक्षा की गई उपयुक्त ने लंबित आवास को पूर्ण करने के लिए सभी प्रखंड को अलग-अलग लक्ष्य दिया इसके अलावा बरसा सिंचाई खूब और संवर्धन योजना में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की डीसी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन देने के लिए शीघ्र लांच होने वाले मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना की प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया कहा कि योजना के तहत जिले के 552235 लाभुक लाभान्वित होंगे।

### अधिवक्ता को अदालत ने दी अग्रिम जमानत

**बोकारो।** पिंडरा जोड़ा थाने में दर्ज कांड संख्या 183 में अधिवक्ता रंजीत कुमार मिश्रा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा की अदालत ने अग्रिम जमानत प्रदान कर दी ज्ञात होगी अधिवक्ता भूदेव सिंह चौधरी और रंजीत कुमार मिश्रा पर जानलेवा हमला करने वालों ने झूठा आरोप लगाकर प्राथमिक की दर्ज करवाई थी आज न्यायालय ने रंजीत कुमार मिश्रा को अग्रिम जमानत दे दी यह जानकारी अधिवक्ता रंजीत गिरी ने दी।

### जिला प्रशासन के पहल पर रैयतों ने भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा राशि का नोटिस किया प्राप्त

**बोकारो।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीसी ने बरलांगा से कश्मीर भाया नेमरा पथ के चौड़ी करण कार्य को लेकर कश्मीर प्रखंड के खुदीबैरा ग्राम का दौरा किया उनके साथ अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी जिला नजर दुख समाहर्ता वंदना से जबलपुर कर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे डीसी ने कश्मीर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में सड़क निर्माण को लेकर 18 किलोमीटर गैर वन क्षेत्र भूमि अधिग्रहण से संबंधित ग्रामीणों के साथ बैठक की उनकी शिकायत सुनी ग्रामीणों ने अधिग्रहण के तहत मुआवजा राशि काम देने की बात कही जिस पर डीसी ने मुआवजा राशि निर्धारित करने की प्रक्रिया की जानकारी दी और कहा कि विभाग ने उनके क्षेत्र अंतर्गत 2020 एवं 2021 एवं 2022 में हुए भूमि की बिक्री का डर को ही निर्धारित किया है उनके द्वारा समझाने पर ग्रामीणों ने मामले को समझा और भुगतान नोटिस एवं मुआवजा राशि का वाउचर प्राप्त करने पर सहमति जाता है इसके साथ ही मार्ग सड़क बनने का प्रशस्त हो गया मौके पर रजातों को भुगतान नोटिस का तमिल कराया गया मुआवजा भुगतान को लेकर वाउचर वितरण किया गया मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रखंड विश्व सूत्री सदस्य तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी एडीपीआरओ पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवालय में बायोमेट्रिक मशीन का अधिष्ठापन कर पंचायत सचिव को दर्ज करना होगा उपस्थिति

**बोकारो।** पदाधिकारी को सुनिश्चित करने का भी निर्देशित डीसी ने दिया । बैठक में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग 15 में वित्त आयोग महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग परिवहन विभाग नगर निगम नगर परिषद स्कूल शिक्षा पे जो स्वच्छता के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई।

### बोकारो जिला के तीन सीटों से सीपीएम लडेगा चुनाव- भागीरथ



**बेरमो।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ( माकपा ) के जिला सचिव सह राज्य कमिटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने रांची के बुंडू में पार्टी के दो दिवसीय बैठक से लौटकर प्रेस वक्तव्य के माध्यम से बताया कि हमारी पार्टी की बोकारो जिला कमिटी ने बोकारो जिला के तीन सीट क्रमशः बोकारो , बेरमो और गोमियां विधान सभा सीट से चुनाव लडने का प्रस्ताव 14 जुलाई को लिया था जिसे राज्य कमिटी की उक्त दो दिवसीय बैठक में मेरे द्वारा रख दिया गया है . उक्त बैठक में राज्य कमिटी के सदस्यों के अलावे केंद्रीय पर्यवेक्षक पोलिट ब्यूरो सदस्य सह पूर्व सांसद वृंदा कारात एवं रामचंद्र डोम उपस्थित थे . उन्होंनें बताया कि माकपा तथा जनसंगठन सीटू, किसान सभा तथा जनवादी महिला समिति तीनो क्षेत्रों में आम जनता , किसानो तथा मजदूरों के सवालों की लडाई में अगली कतारों लगातार रही है . इसलिए हमारी पार्टी की जिला कमिटी तीनो क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारी की दावेदारी पेश किया है . तैयारी शुरू कर दी है . उपरी कमिटी के फैसले व अनुमोदन का इंतजार है ।

### खतरनाक ढंग से होती है कोयला पत्थरों की ढुलाई

**जारंगडीह।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी एनईपीएल के डंपरों द्वारा खतरनाक ढंग से कोयले की ढुलाई की जाती है जिससे आम रहगीरो में भय व्याप्त है। जानकारीके अनुसार कथारा क्षेत्र के जारंगडीह से आउटसोर्सिंग कंपनी एनईपीएल द्वारा बोल्डर की ढुलाई कर खदान से ओबी में ले जाकर गिराया जाता है। इस क्रम में डंपरों में लोड किया गया बड़े-बड़े बोल्डर आधे से अधिक डंपर के बाहर लटका रहता है जिससे यहां कभी भी दुर्घटना घटित हो सकता है । बानगी तौर पर गुरुवार की सुबह जांच क्रम में एनईपीएल आउटसोर्सिंग कंपनी की डंपर संख्या ओ डी 35 डीस /6859 में लदा बोल्डर खतरनाक स्थिति को दर्शा रहा है, इसे लेकर आम जनों द्वारा कड़ी आपत्ति जताते हुए उक्त डंपर के ऑपरेटर को कड़ी लताड़ लगाई।इस संबंध में क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने इसकी जांच कर आवश्यक सुधार की बात कही।

### चोरी गया मोटर साइकिल डीवीसी आवास एन टाइप झाड़ी से बरामद

**बेरमो।** डीवीसी बोकारो थर्मल एसडीटी 6 से चोरी गया हीरो होंडा स्पलेंडर बाइक डीवीसी के आवास एन टाइप 4/6 के झाड़ियों से बरामद किया गया ।बताया जाता है कि इसका पता तब चला जब उक्त आवास में रह रहे पिलपिलो रहिवासी श्याम सुंदर महतो झाड़ियों की साफ सफाई करने जा रहे थे। उनकी नजर झाड़ी में छुपाकर रखे काले रंग की हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक-खल02ल/0464 पर पड़ी। जिसके बाद महतो ने इसकी सूचना स्थानीय बोकारो थर्मल थाना को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बाइक को बरामद कर अपने साथ थाना ले गई ।उक्त मोटर साइकिल चोरी की लिखित आवेदन गैरमजरुवा रहिवासी शुभम कुमार प्रजापति ने बोकारो थर्मल थाना में बीते 12 जुलाई को दिया था।

### यात्री बस स्टैंड से सटे जर्जर शैड को हटायें जाने की मांग

**तेनुघाट।** भारत माता न्यास परिषद के अध्यक्ष इंदेश्वरी चौबे ने बांध प्रमंडल तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता को एक पत्र प्रेषित कर बताया कि तेनुघाट 2 नंबर स्थित बस स्टैंड पर सिंचाई विभाग द्वारा बहुत पूर्व यात्री शेड निर्माण कराया गया था ।जो काफी ही जर्जर अवस्था में है और कभी भी गिर सकता है ।जिससे किसी के भी जान माल का नुकसान हो सकता है । मालूम हो कि यात्री शेड के जर्जर अवस्था में होने के बाद, एक यात्री शेड निर्माण कराया जा चुका है ।इसलिए इंदेश्वरी चौबे ने पत्र प्रेषित कर बांध प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को बताया कि उक्त जर्जर यात्री शेड को सुरक्षा के लिए हटवाया जाए । ताकि आगे किसी भी प्रकार के खतरा से बचा जा सके ।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी फरियाद



दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आमजन की समस्यायें सुना। उन्होंने संज्ञान में आये सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। इस दौरान मुख्य रूप से जमीन विवाद, आर्म्स लाइसेंस, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने, धोखाधड़ी, पेंशन, जबरन उत्खनन, ऑनलाइन रसीद, अबुआ आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जाति/आवासीय प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी सेविका चयन, जमीन बंटवारा, जमीन मापी सहित अन्य समस्याओं के संबंध में आवेदन आये। उपायुक्त ने आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद मौजूद थे।

## लंबित मामलों का समय पर निपटारा करें : सुश्री माधवी

### उपायुक्त ने की हाई कोर्ट/सुप्रीम कोर्ट में लंबित केसों और रिपोर्ट की समीक्षा

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आज उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में लंबित केस एवं विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित रिपोर्ट की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गयी। बैठक में उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निपटारा के लिए उपायुक्त ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लायी जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में



लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की बात कही, ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। इसके अलावा सभी अंचलाधिकारियों को लंबित म्यूटेशन, लंबित भू मापी को जल्द निष्पादन, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, सरकारी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों को सभी माइनिंग प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर खनन क्षेत्र की एरिया मापी करते हुए 5 अगस्त तक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, डीएलएओ रामनारायण खलखो, खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजुर सहित सभी अंचल अधिकारी एवं विधि शाखा प्रभारी मौजूद थे।

## पुण्यतिथि पर तपास नाग को दी गयी श्रद्धांजलि



दबंग हिंद संवाददाता

**मैथन।** एमसीसी नेता कॉमरेड तापस नाग की चौथी पुण्यतिथि स्थानीय रिक्रिएशन क्लब में आयोजित की गयी। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत पूर्व निरसा विधायक अरूप चटर्जी की पत्नी श्रीमती आनंदिता चटर्जी के द्वारा कॉमरेड नाग की आदमकद तस्वीर पर पुष्प माला अर्पण कर की। श्रीमती चटर्जी ने कहा कि कॉमरेड नाग पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई सफल आंदोलन का संचालन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी अच्छी पकड़ थी।वे कमजोर एवं निर्धन लोगों की आवाज थे। उनकी असमय हुई मृत्यु से पार्टी को गहरी क्षति हुई है, जिसकी पूर्ति नहीं की जा सकती है। मेढ़ा पंचायत के मुखिया मनोज राउत ने कहा कि कॉमरेड नाग के संग उनका व्यवहार मित्रवत था। वे लोगों की मदद हेतु सदैव उपलब्ध रहते थे। वे मिलनसार स्वभाव के कारण अपने विरोधियों एवं समर्थकों में काफी लोकप्रिय थे। श्रद्धांजलि सभा में रातुल सरकार द्वारा एक सुंदर गीत की प्रस्तुति की गयी। एकता संघ गणेश पूजा समिति द्वारा भी एरिया नंबर चार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व निरसा विधायक, पार्टी कार्यकर्ता, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, डीवीसी यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य, सामाजिक संगठन, स्थानीय दुकानदार एवं आम नागरिक शामिल थे। सभा का संचालन चंडीचरण चक्रवर्ती ने किया। सभा के सफल आयोजन में दिप्तो चटर्जी, राजन रजक, सुभाष अड्डी, आलोक भट्टाचार्य, निर्मल सरकार, अपूर्बो घोष एवं मुन्ना का सराहनीय सहयोग रहा।

## प्रबंधन के आश्वासन पर मृत श्रमिक का शव ले गये परिजन

दबंग हिंद संवाददाता

**भौंरा।** पूर्वी झरिया क्षेत्र अन्तर्गत भौंरा फोर ए पैच में केबुलमैन के पद पर कार्यरत युधिष्ठिर मोदी की मौत बीमारी के कारण चंदनकियरी के भोजुडीह स्थित उनेके घर पर आज अहले सुबह हो गयी। उनके परिजन शव को लेकर भौंरा कोलियरी कार्यालय पहुंचे तथा आश्रित को तत्काल नौकरी वा मुआवजा की मांग करने लगें। इस दौरान थोड़ा हंगामा भी हुआ। बाद में प्रबंधन के समझाने से मामला शांत हुआ और परिजन शव को लेकर वापस भोजुडीह अपने घर चल गये। तब जाकर प्रबंधन ने राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार युधिष्ठिर गत 22 जुलाई



को ड्यूटी करने के बाद अपने घर भोजुड़ीह चल गया था, जहां उसकी तबीयत बिगड़ गयी। परिजन उसका ईलाज अपने स्तर से करा रहे थे, लेकिन शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। कोलियरी प्रबंधक ने मृतक के परिजनों से कहा कि आश्रित की नौकरी कंपनी के नियमानुसार होगी, क्योंकि उसकी मौत ड्यूटी के समय नहीं हुई थी। इसलिए तत्काल नियोजन नहीं दिया जा सकता है। आपलोग प्रक्रिया में आयें, प्रबंधन आपको हर संभव मदद करेंगा। इस पर मृतक के परिजन मान गये और शव को लेकर लौट गये। बाद में मृतक की पत्नी नियूती देवी ने प्रबंधन को पत्र देकर पति की मौत की जानकारी दी और कम्पनी के नियमानुसार मिलने वाले नियोजन व मुआवजा जल्द से जल्द देने की मांग की। जनता श्रमिक संघ के क्षेत्रीय सचिव शिव कुमार यादव और अध्यक्ष रामचन्द्र पासवान ने मृतक के परिजनों को सहयता के रूप में 3000 रुपए दिये और कहा कि जनता श्रमिक संघ मजदूरों की सहायता के लिए हमेशा खड़ा रहेगा।

## केंद्रीय विद्यालय में कौशल और तकनीकी शिक्षा पर कार्यशाला संपन्न



दबंग हिंद संवाददाता

**मैथन।** केंद्रीय विद्यालय मैथन डैम में आज 6वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को कौशल एवं तकनीकी शिक्षा पर विभिन्न जानकारियां दी गयीं। कार्यशाला का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने किया। मुख्य वक्ता पीजीटी मंगल राय ने बताया कि आधुनिक युग में कौशल शिक्षा महत्वपूर्ण तथा रोचक कॅरियर ऑप्शन के रूप में आपको आगे बढ़ायेगा। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को अलग-अलग विभागों से संबंधित विभिन्न कोर्स की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीजीटी मंगल राय की अहम भूमिका रही। कार्यशाला में लगभग 210 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## आकाश एजुकेशनल ने लॉन्च किया एंथे- 2024

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के धनबाद सेंटर हेड फैयाज अहमद ने एंथे-2024 के लॉन्च के अवसर पर एंथे के 15 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि योग्य स्टूडेंट को वित्तीय सहायता करने उनकी क्षमता और उनकी क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में मदद करने की अपनी विरासत को जारी रखना, स्टूडेंट्स को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करना, स्टूडेंट को उनकी तैयारी का आंकलन करना प्रमुख उद्देश्य है। कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार की पेशकश की जाती है। एंथे, एईएसएल की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा, 19 से 27 अक्टूबर 2024 तक



ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी।100 फीसदी तक छात्रवृत्ति, कक्षा 7 से 9 तक में शीर्ष 100 छात्रों और कक्षा 11-12 में शीर्ष 50 छात्रों के लिए नकद पुरस्कार, पांच छात्रों को कैनेडी स्पेस सेंटर फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका में पांच दिवसीय पूर्ण खर्च के साथ यात्रा का लाभ मिलेगा। पिछले साल 11.8 लाख से अधिक छात्रों ने एंथे की परीक्षा दी थी।कई टॉपर्स (नीट यूजी और जेईई मेन और एडवांस्ड) ने एंथे के साथ अपनी यात्रा शुरू की। पंजीकरण शुरू हैं और छात्र या अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या अपने शहर में आकाश के निकटतम केंद्र पर जा सकते हैं। अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्षों को पूरा करते हुए परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। एंथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो सातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को महत्वपूर्ण नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति अर्जित करने का मौका देती है, जिससे उन्हें चिकित्सा या इंजीनियरिंग में सफल करियर के सपनों को हासिल करने में मदद मिलती है। इस वर्ष इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय यात्रा शामिल की गयी है। एंथे छात्रवृत्ति प्राप्तकताओं को आकाश के व्यापक कोचिंग कार्यक्रमों से उन छात्रों को लाभ होगा, जो नीट, जेईई, राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं।

## रोटरी क्लब ने शुरू किया पहला एक हजार दिन कार्यक्रम

दबंग हिंद संवाददाता

**महुदा।** रोटरी क्लब धनबाद द्वारा आयोजित पहला एक हजार दिन कार्यक्रम का छत्रुटांड़ पंचायत भवन में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि रोटरी क्लब धनबाद के सदस्यों का यह कदम सराहनीय है, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम होगी। उम्मीद है कि रोटरी क्लब महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य से संबंधित कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि धनबाद के साथ बाघमारा के लोगों के हर दुःख-सुख में साथ खड़ा हैं और आगे भी खड़ा रहेंगे। रोटरी क्लब धनबाद के अध्यक्ष राहुल व्यास ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि रोटरी क्लब ऑफ धनबाद पहला 1000 दिन नामक कार्यक्रम का आयोजन महुदा




के सुदूर इलाके में किया है। हमारा उद्देश्य इस कार्यक्रम के माध्यम से किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर उनमें और जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधित जानकारी विस्तार से दी गयी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता उमेश तुरी, कणव दत्त बाली, वैभव लेले, श्याम सुंदर हाजरा, जनार्दन महतो, सिंगड़ा के मुखिया सूरजकांत महतो, छात्रुटांड़ की मुखिया नंदिनी कुमारी, दिनेश प्रमाणिक, रूपा देवी, बसंती देवी, उषा देवी, सुनीता देवी, राधु राय, जमील अख़्तर, अमनजहां के अलावा सैंकड़ों ग्रामीण महिलायें और किशोरी उपस्थित थी।

## डीएवी मॉडल स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

दबंग हिंद संवाददाता

**जोड़ापोखर।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई धनबाद में डीएवी स्पोर्ट्स- 2024 क्षेत्रीय स्तर पर दो दिवसीय बास्केटबॉल, हैंडबॉल एवं फुटबॉल प्रतियोगिता आज से शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मेजबान स्कूल की प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने स्पोर्ट्स फ्लैग फहराकर किया। इन प्रतियोगिताओं में 30 टीमों के 377 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें 276 बालक एवं 101 बालिका हैं। प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि खेल में हार और जीत निश्चित है, पर खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अपने लक्ष्य को उत्साह, अनुशासन और धैर्य से भेदना चाहिए। पहले दिन खेली गयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग के अडर-19 आयु वर्ग में डीएवी बिष्टुपुर ने डीएवी नोवामुंडी को 27-12 अंक से हराया और गोल्ड अपने नाम किया। अडर-17 आयु



वर्ग में डीएवी सीएफआई ने डीएवी बिष्टुपुर को 27-12 अंक से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अडर-14 आयु वर्ग में डीएवी विष्टुपुर ने डीएवी सीएफआर आई को शानदार प्रदर्शन करते हुए 13-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। बालिका वर्ग के अंडर-17 आयु वर्ग में डीएवी सीएफआई ने डीएवी बिष्टुपुर को 13-04 अंक से हराकर गोल्ड मेडल जीता। दूसरी ओर हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग के अंडर-17 आयु वर्ग में डीएवी सीएफआरआई ने डीएवी बिष्टुपुर को 7-0 से अंक से हराया औ? अंडर-14 आयु वर्ग में भी डीएवी सीएफआरआई ने डीएवी बिष्टुपुर को 5-0 अंक से हराया। वहीं बालिका वर्ग के अंडर-14 में डीएवी सीएफआरआई ने डीएवी बिष्टुपुर को 2-0 अंक से हराकर गोल्ड मेडल जीता। अंडर-17 में डीएवी सीएफआरआई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएवी बिष्टुपुर को 5-1 अंक से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बालक वर्ग के अंडर-17 की फुटबॉल प्रतियोगिता में डीएवी बिष्टुपुर ने डीएवी जामाडोबा को 1-0 गोल से हराया तथा डीएवी सिजुआ ने डीएवी सीएफआरआई को 2-0 गोल से हराया। खेल की पर्यवेक्षक श्रीमती चंद्रिमा मुखर्जी, प्रधानाध्यापिका, डीएवी सिजुआ थी।

## मार्क्सवादी समन्वय धनबाद जिला कमेटी ने दिया धरना

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति की धनबाद जिला कमेटी ने आज 15 सूत्री मांगों को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने की एवं संचालन गणेश महतो ने किया। धरना में केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी उपस्थित थे। केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान आज भुखमरी के कगार पर खड़ा हैं। सरकार की जुमलेबाजी के कारण पूरा कोयलांचल बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। झारखंड में औसत से कम बारिश होने के कारण राज्य सूखा की चपेट में है। सरकार अविलंब झारखंड को सूखा क्षेत्र घोषित करे एवं किसानों का ऋण माफ करे। बलियापुर प्रखंड क्षेत्र में हर घर नल योजना के तहत जलापूर्ति योजना में संवेदक की लापरवाही के कारण ग्रामीण इसके लाभ से बाधित हैं। इसकी उच्च स्तरीय जांच कर संवेदक पर कड़ी कार्रवाई हो एवं जलापूर्ति योजना शीघ्र प्रारम्भ हो। धनबाद सदर प्रखंड के ढोकरा पंचायत को बलियापुर प्रखंड में अविलंब शामिल किया जाये। एमवाईएम के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने कहा कि झारखंड के अन्य विश्वविद्यालय की तरह बीबीएमकेयू में भी अंगीभूत महाविद्यालय में इंटर की




पढ़ाई चालू हो, ताकि स्थानीय छात्रों को लाभ मिल सके। साथ ही धनबाद जिले में नियमित विद्युत आपूर्ति की समस्या का निराकरण अविलंब हो। एमसीसी जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि पूरे जिले में बीसीसीएल, हर्ल समेत सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में 75 प्रतिशत स्थानीय को काम की गारंटी दी जाये एवं कार्यरत मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित हो, अन्यथा जोरदार आंदोलन होगा। धरना के बाद उपायुक्त, को मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर एमवाईएम जिला अध्यक्ष पवन महतो, जिला परिषद सदस्य श्वेता कुमारी, राजू महतो, सुभाष सिंह, राणा चट्टराज, फटिकचंद्र मंडल, काशीनाथ मंडल, मनीष यादव, राजाराम रजक, दिनेश महतो, लालमोहन महतो, संतोष रवानी, विजय राम, दुलालचंद्र बाउरी, सुनील महतो, शीतल दत्ता, हीरालाल महतो, चंदन भूमिहार, लखन गोराई, रामप्रसाद रजवार, देवाशीष पांडेय, आशुपति महतो, मांगन महतो, आरिफ अंसारी, राजेश बिरुआ, विक्की खान, मदन महतो, अजय चौबे, अरदेंदु दत्ता, विक्की खान, गंगाधर कर्मकार, चंद्रमौली पांडे, जनार्दन महतो, मोतीलाल महतो, चीनू महतो, सृष्टिधर महतो, दीपक महतो, रंजीत महतो, सुजल दास, हीरालाल महतो, भादोलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## मंदिर के गुंबद निर्माण के लिए पूजा-अर्चना

दबंग हिंद संवाददाता

**मैथन।** संजय चौक स्थित बालाजी मंदिर के गुंबद निर्माण हेतु आज पूजा-अर्चना की गयी। इस पुनीत कार्य में डॉक्टर रामजी द्विवेदी, अखिलेश्वर तिवारी, प्रमोद अग्रवाल, धिरेन्द्र नायक, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, मोना शर्मा, लंबू यादव, अरूण तिवारी, राकेश दुबे, सुखमय मंडल, जनार्दन यादव के अलावा महाराष्ट्र से आये शिल्पकार व अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीमारी से सहिया की इलाज के दौरान मौत



दबंग हिंद संवाददाता

**तिसरा।** लक्ष्मी कोलियरी निवासी जयरामपुर क्वार्टर की सहिया साथी कमला देवी उम्र लगभग 50 वर्ष की मृत्यु गंभीर बीमारी के कारण आज सुबह रांची रिम्स में हो गयी। मृत्यु की खबर सुनकर शहरी बीटीटी मनौव्वर अंसारी के साथ रेखा भट्ट, सुनीता देवी उनके घर पहुंच कर उनके पति अशोक शर्मा को आर्थिक तंगी से जूझ रहे मृतका के परिवार की मदद की तथा दुःख की घड़ी में हर संभव सहायता करने की बात कही। बताते हैं कि पिछले कई दिनों से कमला बीमार चल रही थी। पहले धनबाद पीएमसीएच में इलाजरत थी। इसके बाद उसे रांची रिम्स भेज दिया गया, जहां आज सुबह हृदय गति रुकने से उसकी मृत्यु हो गयी। क्लस्टर में शोक सभा कर उनको श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर लक्ष्मी दुबे, मनोरमा गुप्ता, शांति प्रिया, शांति देवी, रेखा देवी, किरण देवी, मुन्नी देवी, पूनम देवी, रानी देवी, सविता देवी आदि ने पहुंच कर परिजनों ढांढस दिया। उनके पुत्र श्रवण कुमार शर्मा ने मुखाग्नि दी। उनका दाह संस्कार मोहलवनी श्मशान घाट में संपन्न हुआ।

### अंजुमन तरक्की उर्दू (हिंद) धनबाद की बैठक संपन्न



दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू (हिंद) धनबाद की बैठक सैयद मिफ्ताहुल आरिफीन रिजवी की अध्यक्षता में शम्सुल हुदा अंसारी अलीग (छोटे हाजी) के वासेपुर स्थित आवास पर आयोजित की गयी। अंजुमन के सचिव डॉ. हसन निजामी ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में उर्दू के प्रचार-प्रसार, विकास एवं प्रकाशन के कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा हुई। लोगों ने अपनी नेक सलाह से नवाजा। प्रसारण सचिव गुलाम गौस 'आसवी' ने कहा कि उर्दू को बचाने और बढ़ावा देने के लिए हम सभी को तैयार रहना होगा। उर्दू बचाओ अभियान के तहत लोगों को उर्दू भाषा से जोड़ा जायेगा। सैयद सरवर हुसैन ने बताया कि जगह-जगह कैंप लगाकर उर्दू जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। मौके पर सैयद सरवर हुसैन, सैयद मिफ्ताहुल-आरिफीन रिजवी, इम्तियाज बिन अजीज, डॉ. यूनुस फिरदौसी, मास्टर अब्दुल गफ्फार, गुलाम गौस 'आसवी', डॉ. हसन निजामी, अब्दुल रहमान 'अब्द', शम्सुल हुदा अंसारी आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नगर की बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

दबंग हिंद संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी नगर कार्यसमिति की बैठक आज संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी समेत अन्य शामिल हुए। इस दौरान संगठन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बताया गया कि आगामी 28 जुलाई को हर बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम के बाद बूथ कमिटी की बैठक की जाएगी। हर बूथ पर बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रायशुमारी होगी। साथ ही बूथ कमिटी में नये एवं ऊजार्वान नौजवान कार्यकताओं को शामिल किया जायेगा। पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। इसलिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार कई कार्यक्रम होने हैं। इसके लिए बैठक कर रणनीति बनायी गयी है।

### फुटपाथ दुकानदारों को दिया गया गार्डन अंब्रेला

दबंग हिंद संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी क्लब गिरिडीह और निर्माण पाइप्स के सौजन्य से शहर के फुटपाथ दुकानदारों को गार्डन अंब्रेला उपलब्ध कराया गया। इस कड़ी में रोटरी गिरिडीह के पदाधिकारी और निर्माण पाइप्स के कर्मियों ने संयुक्त रूप से शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर फुटपाथ पर सामान बेचने वालों को गार्डन अंब्रेला दिया। बताया गया कि सेवा भावना से इस पुनीत कार्य को किया जा रहा है। सड़क किनारे सब्जी, फल समेत अन्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के अलावा मोची और फुटपाथ पर बैठ कर अन्य काम कर जिंदगी गुजारने वालों के बीच छाता का वितरण किया गया। रोटरी और निर्माण पाइप के लोगों ने कहा कि बरसात का मौसम में फुटपाथ दुकानदारों को बारिश के समय काफी परेशानी होती हैं। साथ ही कड़ी धूप में भी ये लोग सड़क किनारे बैठ कर जीविकोपार्जन के लिए मेहनत करते हैं। छाता मिलने से इनकी परेशानी कम होगी और ये लोग धूप और बारिश से बच सकेंगे। रोटरी क्लब गिरिडीह मानव सेवा का काम हमाशा करता रहा है। इस बार भी निर्माण पाइप के सहयोग से यह पुनीत कार्य किया जा रहा है।

### कल्पना सोरेन ने की जनता से मुलाकात



दबंग हिंद संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और जनता से मुलाकात की। उन्होंने पहले पचम्बा के बालिका मध्य विद्यालय में बच्चियों के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। यहां कार्यक्रम के बाद उनके काफिला ने तेलोडीह, तिलैयाटांड़, कोरबाटांड़, बड़कीटांड़ समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं से अवगत हुई तथा समस्याओं के निदान का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार काम करने पर भरोसा रखती है। क्षेत्र के विकास के लिए वह और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जल्द ही एक डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी। दौरा में सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीओआई एक्सटेंशन ब्रांच का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज बैंक ऑफ इंडिया के मिश्रित भवन स्थित एक्सटेंशन ब्रांच का उद्घाटन कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर किया। बैंक ऑफ इंडिया एफजीएमओ, रांची के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि एक्सटेंशन ब्रांच में अन्य शाखाओं की तरह ग्राहकों को नया अकाउंट, लोन, एटीएम, कैश डिपोजिट सहित सभी तरह की बैंकिंग सेवा प्रदान की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के धनबाद आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक, उप आंचलिक प्रबंधक दिनेश प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, कंबाइंड बिल्डिंग शाखा के वरीय प्रबंधक राजेश कुमार कुशवाहा, आंचलिक विपणन प्रभारी कंवलप्रीत सिंह, एक्सटेंशन ब्रांच के प्रबंधक शशि शेखर कुमार, विपणन प्रबंधक प्रशांत कुमार, राहुल प्रसाद के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने किया मेगा वृक्षारोपण

दबंग हिंद संवाददाता

**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने आज कमरशाली गांव में मेगा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। इसके तहत घनी आबादी वाले छोटे क्षेत्र में 150 वृक्ष लगाये गये। भविष्य में यह क्षेत्र मियावाकी वन में परिवर्तित हो जाएगा, जिससे पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में योगदान मिलेगा। क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सोनाली तरवे ने कहा कि हमारा उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना और हरित भविष्य की ओर कदम बढ़ाना है। अभी तक हमने सत्र की शुरूआत से लगभग 350 पेड़ अलग-अलग जगहों पर लगाये हैं। मियावाकी वन निर्माण तकनीक से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह क्षेत्र जल्द ही घने जंगल में परिवर्तित हो जाये। कार्यक्रम में सेक्रेटरी राखी झुनझुनवाला, आईपीपी सुमन गौरीसरिया, वाइस प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया, रिया अग्रवाल, रश्मि गुप्ता, सुनीता बरनवाल, शशि जैन आदि सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पलामू सांसद ने संसद में पलामू-गढ़वा में कल-कारखाना स्थापित करने का आवाज उठाया

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया।श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें यथा पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते है। आप जानते हैं कि आकांक्षी जिलों में आने का ही मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। पूरे झारखंड राज्य में मात्र यही एक (अनुसूचित जाति) के लिए सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है।इस क्षेत्र में सबसे बडी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है।इस मामले को मैं वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाते रहा हूँ। परन्तु आज तक एक भी उद्योग, कल-कारखाना नहीं लगा है।दुर्भाग्यवश एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी वह भी बंद हो चुकी है। यहाँ के लोग बडे पैमाने पर रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश है और पलायन कर रहे है।सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि मेरा पुरा पलामू



संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरपूर है यहॉ पर कोयला प्रचुर मात्रा में है। इसके अलावा ग्रेफाइट है, लाइम स्टोन है बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है। ये बाक्साइट मेरे दोनों जिलों से होकर मिजार्पुर जाता है जहॉ अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है, कोयला यहॉ से देश के थर्मल प्लांट में जाता है जो उस क्षेत्र में रौशनी देने का काम करता है जहॉ वह स्थापित है।गढ़वा जिला में भवनाथपुर थर्मल पावर प्लांट बनाने की जमीन भी उपलब्ध है, कोयला भी है, सोन नदी का पानी भी है, मानव संसाधन भी है सभी सुविधाएं उपलब्ध है। अल्युमिनियम का कारखाना भी लगाया जा सकता है इसके अलावा ग्रेफाइट की उपलब्धता और गुणवत्ता के अधार पर ग्रेफाइट आधारित उद्योग लगाया जा सकता है। लाइम स्टोन की बहुत सारी खदानें है जो अभी बंद पड़ी है उसे शीघ्रतिशीघ्र चालू किया जा सकता है।माननीय सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग, कल-कारखाना स्थापित कराने की कृपा की जाय, ताकि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या को रोका जा सके।

## पलामू उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में सर्वप्रथम बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर किये गये कार्रवाई से उपायुक्त श्री रंजन को अवगत कराया।उन्होंने बताया कि 28 जून से लेकर 25 जुलाई तक अवैध खनन से जुड़े कुल 55 वाहनों को जब्त किया गया है वहीं जुमार्ने के रूप में 32.78 लाख रूपए की वसूली की गयी है साथ ही कुल 42 राजसात केस दायर किये गये हैं।जब्त 55 वाहनों में 42 वाहन अवैध बालू के परिवहन से जुड़े है जबकि 13 वाहन अवैध पत्थर से जुड़े थे।सबसे अधिक 10 वाहनों की जब्ती चैनपुर थाना क्षेत्र से की गयी है।बैठक में डीसी श्री रंजन ने सभी अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों से कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे नदी को चिन्हित करें जहां से अवैध बालू का उठाव होता है,उसके पश्चात उस रुट में चेक पोस्ट स्थापित कर वहां से आवागमन कर रहे प्रत्येक वाहनों की एंट्री रजिस्टर में सुनिश्चित करें साथ ही आवश्यकता अनुरूप नदी से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर रास्ता को भी अवरोध करें या अपने स्तर से कोई अन्य कार्रवाई करें लेकिन यह सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी किसी प्रकार का कोई अवैध खनन न हो पायें।उन्होंने एनजीटी के नियमों का अक्षरशः पालन कराने के निर्देश दिये।उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों से अपने क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन के प्रति पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की बात कही।उपायुक्त श्री रंजन ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र अंतर्गत माइनिंग या बालू घाटों का निरंतर रूप से निरीक्षण करने की बात कही साथ ही प्रत्येक 15 दिनों में निरीक्षण का समेकित रिपोर्ट यथा कितनी कार्रवाई की गयी,कितनी प्राथिमिकी दर्ज की गयी,कितने वाहन जब्त हुए ये सारे बिंदुओं पर प्रतिवेदन जिला को देने की बात कही।मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन,वन प्रमंडल पदाधिकारी,अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ, एसडीपीओ समेत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।




## जिला कौशल समिति की बैठक में डीसी ने दिए कई निर्देश

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला कौशल समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला कौशल पदाधिकारी द्वारा डीएसडीपी 2024-25 के अंतर्गत कौशल विकास से संबंधित योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। परियोजना सहायक द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत जिले में संचालित प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं, कौशल केंद्रों,योजना योजनाओं एवं प्रशिक्षण हेतु वर्तमान में उपलब्ध जॉब रोल्स/ ट्रेंड्स के बारे में जिला कौशल समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया साथ ही यह भी अवगत कराया गया की जिला कौशल विकास प्लान पहले ऑफलाइन बनाए जाते थे लेकिन वित्तीय वर्ष 2024- 25 में यह ऑनलाइन डिसपाक पोर्टल के माध्यम से बनाया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन पोर्टल पर फीड किये गए है।साथ ही नए ट्रेड्स व जॉबरोल पर चर्चा किया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त,जिला कौशल पदाधिकारी,जिला कौशल समिति के सदस्य गण,परियोजना सहायक संचालित प्रशिक्षण संस्थान के सेंटर मैनेजर एवं अन्य उपस्थित थे।



### चौकीदार भर्ती का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

## अनुसूचित जाति का आरक्षण शून्य करने के खिलाफ दायर की गई याचिका

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू चौकीदार बहाली का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है. चौकीदार बहाली अनुसूचित जाति आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति बहाली पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट गई है. सोमवार को हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई होनी है. समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने बताया कि 22 जुलाई को हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है. पूरे मामले पर सोमवार को सुनवाई होनी है. संदीप पासवान ने बताया कि बहाली पर रोक लगाने की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है. याचिका में कई बिंदु रखे गए हैं।दरअसल, पलामू समेत झारखंड के कई जिलों में चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है. इस विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण शून्य रखा गया है. पलामू जिले में बहाली के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई तय की गई थी. बहाली का विज्ञापन जारी होने के साथ ही पलामू समेत कई इलाकों में आंदोलन शुरू हो गए। कुछ दिन पहले संघर्ष समिति ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर बहाली पर रोक लगाने की मांग की थी. संघर्ष समिति के अलावा पलामू में कई संगठनों ने आंदोलन कर विरोध जताया है. संघर्ष समिति का कहना है कि चौकीदार के पद पर अनुसूचित जाति के लोगों की नियुक्ति की गई थी. वेतन 1990 से शुरू हुआ था. विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण शून्य रखा गया है, जो गलत है।

## मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस सदर प्रखंड के पोल पोल स्थित कारगिल शहीद स्मारक पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कारगिल शहीद स्मारक पार्क में लगे शहीद युगम्बर दीक्षित एवं शहीद हवलदार प्रबोध महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर किया गया। पूरा परिसर भारत माता की जय, वंदे मातरम, शहीद युगम्बर दीक्षित अमर रहे, शहीद प्रबोध महतो अमर रहे के नारों से गूंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। सर्वप्रथम कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारत के वीर सपूतों की वीरता, बहादुरी, शौर्य एवं पराक्रम को नमन। आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। यह दिन भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज के दिन भारत के वीर सैनिकों के साहस एवं बलिदान को याद किया जाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा एवं संप्रभुता की रक्षा की। यह दिन राष्ट्रीय गौरव एवं एकता की भावनाओं को बढ़ावा देता है। कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के वीरता बहादुरी, शौर्य एवं पराक्रम का प्रतीक है, यह वह दिन है जब भारत के जांबाज सैनिकों ने अपने शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तानी सैनिकों को धूल चटाया था। आज के दिन हम कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। कारगिल युद्ध बड़ा ही कठिन एवं दुर्गम था, जहां पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर कारगिल, बटालिक एवं द्रास सेक्टर की चोटियों पर आ पहुंची थी। इस दौरान हालत बेहद खराब थे, क्योंकि पाकिस्तान सेना ऊंची चोटियों पर थी जबकि भारतीय सेना निचले हिस्से पर थी। लेकिन भारत के जांबाज सैनिकों ने हार नहीं मानी और दुर्गम स्थिति को पार करते हुए पाकिस्तानी सेना को परास्त किया। और पुनः कारगिल बटालिक एवं द्रास सेक्टर की चोटियों पर कब्जा किया। मौके पर पोल पोल पंचायत की मुखिया श्रीमती पुष्पा देवी, अरविंद कुमार गुप्ता, श्रीमती संजू शुक्ला, आयुष कुमार श्री सर्वेश्वरी मंगलम विद्या मंदिर के प्राचार्य नंदलाल विश्वकर्मा, ओम प्रकाश कंप्यूटर टीचर तथा वर्ग नवम एवं दशम के छात्र क्रमशः सलोनी स्नेहा कोमल लक्ष्मी खुशबू मिश्रा नेहा कुमारी प्रशांत, रंजन तिवारी महादेव कुमार गोपाल मयंक सूरज किशन राजहंस कुणाल सिंह, विवेक ऋतिक विष्णु सुजल रोशन ऋषिका वंदना प्रियंका शशि ब्यूटी अपेक्षा निखिल सुहाना सुषमा पूर्णिमा अंतिका विवेक प्रशांत संजीव कौशल अश्विनी पवन पंकज आशीष आयुष दिव्यांशु श्याम सौरभ सहित सैकड़ो बच्चे उपस्थित थे।



## बिशेष ग्राम सभा का आयोजन, कई जन उपयोगी योजनाओं का हुआ चयन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौश्र प्रखंड के विभिन्न पंखयतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। द्वारी पंचायत भवन में डीएमफटी मद व अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन मुखिया जगदीश यदाव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुखिया ने उपस्थित ग्रामीणों को डीएमफटी मद से संचालित योजनाओं की जानकारी दिया। वहीं ग्राम सभा के माध्यम से पीसीसी पथ, नली, गड़वाल सहित अन्य जन उपयोगी योजनाओं का चयन किया गया। साथ ही अबुआ आवास निर्माण कार्य की दूसरी लिस्ट में द्वारी पंचायत के 165 लाभुकों की सूची जारी की गई है। जिसका सत्यापन पर चर्चा की गई। वहीं बारीसाखी पंचायत कार्यालय स्थित सभा कक्ष में मुखिया सुमीरा कुमारी के नेतृत्व में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर सरकारी गाइडलाइन के तहत अबुआ आवास, बहन बेटी मई कुई, पशुधन, डीएमएफटी एवं 15वीं वित्त आयोग की राशि से जन उपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा मनरेगा तहत सरकार द्वारा चलाए गए महत्वाकांक्षी योजनाएं के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से योजना पारित किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, वार्ड सदस्य रजनी देवी, रीना देवी, दिनेश भारती, परमेश्वर रविदास समाजसेवी, प्रसादी पासवान, रंजीत यादव, रामशीष यादव,, धनेश्वर भुइयां, स्वयंसेवक विकास कुमार बिक्कू आदि उपस्थित थे।



## असाढी पूजा में 200 बकरों की दी गई बली



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी दुर्गा मंडप परिसर में असाढ़ी पूजा धूमधाम से शुक्रवार को किया गया। यह पूजा समाजसेवी राजकुमार दांगी, लिलो यादव, लक्ष्मी पांडेय व बुधन साव के नेतृत्व में सामूहिक रूप से ग्रामीणों द्वारा किया गया। इस पूजा में मुख्य रूप से भगत राजकुमार दांगी एवं मनोज दांगी दोनों को नीम के पत्ता ढोल से भरवाया गया। जहां गांव के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस पूजा में लगभग 200 बकरे की बाली दी गई। ग्रामीणों का मानना है कि इस पूजा से गांव के लोग खुशहाल रहते हैं। गांव में किसी तरह की अनहोनी नहीं होती है। मौके पर दिनेश भारती, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, समाजसेवी सुनील कुमार महतो, गणेश ठाकुर, रामजीवन कुमार साहू, बोध यादव, रामकृष्ण पासवान, प्रसादी पासवान, रामाशीष यादव, गोविंद दांगी, देवकुमार साव, रधु दांगी, खिरोधर यादव, विनोद साव, जगदीश साव आदि भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 26वें सीओ के रुप में उदल राम ने किया पदभार ग्रहण



**दबंग हिंद संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** शुक्रवार को पत्थलगड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 26वें अंचलाधिकारी के रूप में उदल राम ने योगदान दिया। श्री राम प्रभार सीओ राहुल देव से पदभार लिया। इस दौरान प्रभार सीओ ने बुके देकर नए सीओ का स्वागत किया। साथ ही इस मौके प्रेस क्लब चतरा के कार्यकारिणी सदस्य सह जेजेए के जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत राणा, पत्रकार संघ पत्थलगड़ा के अध्यक्ष पत्रकार मृत्युंजय कुमार, कैलाश दांगी, संजय राणा, कर्मचारी दिनेश्वर दास ने गुलदस्ता देकर नए सीओ का अभिवादन किया। प्रभार लेने के उपरांत श्री राम ने कहा कि अंचल से संबंधित कार्यों में आम लोगों को परेशानी नहीं हो व सरकार द्वारा संचालीत विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

## उपायुक्त के निर्देश पर अबुआ आवास को लेकर हुई ग्राम सभा

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रमेश घोलप के निर्देश पर पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी पंचायत भवन में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया राधिका देवी व संचालन पंचायत सचिव राकेश प्रसाद व श्वेता कुमारी ने संयुक्त रुप से किया। ग्राम सभा में अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों को पंचायत सचिव ने बताया कि अबुआ आवास वैसे लाभुकों को दिया जाएगा, जिसका कच्चा मकान है। पक्का मकान एवं फोर व्हीलर वाहन वाले लाभूकों को नहीं दिया जाएगा। अगर जांच के क्रम में गलत पाए जाते हं, तो वैसे लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगा। साथ ही अबुआ आवास का कोटिवार लिस्ट जारी भी किया गया, जिसमें एसी, एसटी के लिए 55, ओबीसी 76, जेनरल 2, अलपसंख्यक 1, इस प्रकार सिंघानी पंचायत में कुल 134 को आवाज का लाभ दिया जाएगा। मौके पर उप मुखिया पूनम देवी, बीटीएम राजीव रमन, वार्ड सदस्य रूबी कुमारी, मीना देवी, राजेश कुमार, इसराइल अंसारी व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### 17 सदस्यी वन पट्टा समिति गठित

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी पंचायत में शुक्रवार को वन अधिकार समिति (वन पट्टा) को लेकर मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में वन अधिकार समिति का गठन किया गया। इस दौरान 17 सदस्य का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष धनेश्वर भुइयां व सचिव तोखलाल साहू को सर्वसमति से चुना गया। बताया गया कि 1970 से पहले जो भी जमीन जोत कोड कर रहे हैं। उन्हें वन पट्टा का अधिकार दिया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी, उप मुखिया, दिनेश भारती, प्रसादी पासवान, परमेश्वर रविदास, सदस्य रामशीष यादव, मुकेश कुमार दांगी, विनोद पासवान, कर्मधारी रजक, रंजीत यादव, मनोज साहू, ममता देवी, तारा देवी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### छात्रों ने मनायी कारगिल विजय दिवस



**प्रतिनिधि हरिहरगंज :** मारिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में शुक्रवार को एम पब्लिक स्कूल छकनबाग के प्रांगण में करगिल विजय दिवस मनाया गया. इस अवसर पर शहीद भारतीय वीर जवानों की याद में एम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने श्रृंखला बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्कूल में बच्चों द्वारा भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी. साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया. इस मौके पर सोसायटी के चेयरमैन एम परवेज व संस्थान के सचिव रूमी नाज नूरी ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों ने जिस साहस और पराक्रम का परिचय पूरी दुनिया को दिया था, उससे आज भी हर हिंदुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा होता है. कार्यक्रम में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए पुरस्कृत भी किया गया. इस मौके पर संस्था के सचिव सह स्कूल के प्रधानाध्यापिका रूमी नाज नूरी, शिक्षक विवेक मवार, पवन शौंडिक, उज्जवल सिंह, सचिन कुमार, सुजीत कुमार, जागृति कुमारी, ब्यूटी कुमारी, शबाना परवीन, ज्योति कुमारी, खुशी कुमारी, रिया कुमारी, सोनी, डॉ आलमगीर, मो अजीज, अनुप, राकेश संहिता स्कूली बच्चें शामिल थे।

### उत्पाद विभाग और ओपी प्रभारी ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान

**20 क्विंटल जावा महुआ और 40 लीटर चुलाई शराब को किया गया नष्ट**

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज के पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने पथरा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत अकौनी गांव में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर 20 क्विंटल जावा महुआ और 40 लीटर चुलाई शराब को बरामद कर उसे घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया।इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी में बरामद महुआ शराब के ड्रम को जप्त कर उसे अपने साथ ले गई।वही मौके पर उपस्थित उत्पाद विभाग के एसआई देवीलाल सोरेन ने कहा कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री करने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब माफिया फरार हो गए. इस कारण मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।उन्होंने बताया की शराब निर्माण करने वाले लोगों का पता लगाया जा रहा है। उत्पाद विभाग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। छापामारी अभियान में उत्पाद विभाग के एएसआई अनूप प्रकाश सहित भारी संख्या में सशस्त्र के पुलिस जवान मुख्य रूप से शामिल थे।

### सीआरपीएफ जवान ने की आत्महत्या

**दबंग हिंद संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना के शिला ओपी स्थित सीआरपीएफ 22बी बटालियन कैंप में गुरुवार की रात एक जवान ने ड्युटी के दौरान खुद को गोली मारकर कर जीवन लीला समाप्त कर ली। जवान आशीष कुमार सिंह 38 वर्ष उत्तर प्रदेश के संत रविदास नगर जिले के रहने वाले थे। सामान्य दिन के तरह गुरुवार की रात भी अपना ड्युटी कर रहे थे। इस दौरान गोली की आवाज पर साथियो ने अपना मोर्चा संभाला तो देखा की खुन से सन्ना आशिष मृत पडा है। इस तरह की घटना के पिछे कदम उठाने के कारणो का पता नहीं चल पाया हैं। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद देर रात थाना प्रभारी मानव मयंक कैंप पहुंचे और कैंप में पदस्थापित सीआरपीएफ पदाधिकारी व जवानों से घटना से संबंधित जानकारी ली। शुक्रवार के सुबह सीआरपीएफ के अधिकारियो के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने घटना की जानकारी उसके परिजनो को देकर अंत्यपरीक्षण के बाद शव भेजने की तैयारी मे जुट गये है। मालूम हो कि जिले के विभिन्न कैंप में पहले भी जवान आत्महत्या कर चुके हैं। कुछ माह पूर्व चतरा जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ 190 बटालियन कैंप में मध्य प्रदेश के एक जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके पूर्व कान्हाचट्टी में एक जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। हालांकि लोगो का मानना है कि समय पर छुट्टी नही मिलने व घरेलू तनाव के कारण सीआरपीएफ जवान आत्महत्या कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

### परियोजना निदेशक के वायरल वीडियो के विरोध में शिक्षकों ने नंगे पांव जताया विरोध

**दबंग हिंद संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया एवं जिले भर से प्रशिक्षण हेतु आए शिक्षकों ने शुक्रवार को नंगे पाव रहकर विरोध जताया। यह विरोध राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के वायरल वीडियो, जिसमें उन्होंने शिक्षकों को चप्पल से मारने की बात को लेकर किया गया। विरोध दर्ज करने में राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय, सिमरिया के शिक्षकों के साथ प्रशिक्षण हेतु आए हुए जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक समाज के आदर्श होते हैं और अपने विपरित परिस्थितियों में अपूर्ण संसाधनों के साथ विद्यालय से हीं राष्ट्र का निर्माण का कार्य करते हैं। वातानुकूलित कक्ष में बैठकर शिक्षकों के विरुद्ध वक्तव्य देना बहुत आसान होता है। राज्य परियोजना निदेशक ने कई आपत्तिजनक वक्तव्य देकर संपूर्ण शिक्षक जाति का अपमान किया है।

### कारगिल दिवस पर शहीद के परिजनों को पूर्व सैनिकों ने किया सम्मानित

**दबंग हिंद संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** कारगिल दिवस के मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट संगठन के सदस्यो ने सिमरिया प्रखंड के पुंडरा निवासी उडी में शहीद राजेश कुमार साह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद शहीद के घर पुंडरा पहुंच कर माटी को नमन किया। ट्रस्ट और भाजपा के सदस्यो ने उनके पिता शिवनारायण साव, माता और भाई को सम्मानित किया। सम्मानित करने वालो में ट्रस्ट के भाजयुमो के सोशल मीडिया इंचार्ज अमन कुमार यादव, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, भाजपा प्रदेश संयोजक रणधीर कुमार दास, युवा मोर्चा मंत्री अभिषेक राज आदि शामिल थे। अतिथियों ने कहा कि राजेश कश्मीर में अदमय साहस का परिचय देते हुए देश के लिए न्योछावर हो गऐ थे। देश के लिए जान गंवाने वाले शहीद के पिरजनों से मिलकर देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है।

### कृषक मित्र के प्रखंड अध्यक्ष बने मनोज यादव

**दबंग हिंद संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** शुक्रवार को कुंदा प्रखंड के स्टीक सेंटर भवन में कृषक मित्र संघ के गठन को लेकर जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कृषक मित्रों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज यादव को अध्यक्ष, रामकुमार यादव को सचिव व अनुज कुमार साहु को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की किसानों की समस्या को लेकर गंभीरता से कार्य करेंगे। प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक किसानों की समस्याओ को रखा जाएगा। बैठक में बरदेव यादव, विजय चौधरी, राजेश महतो, महेश गंझु, सुरेश कुमार यादव, बैजनाथ साव समेत अन्य कृषक मित्र उपस्थित थे।

### ग्राम सभा में अबूआ आवास का चयन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड कार्यालय स्थित नए पंचायत भवन में शुक्रवार को अबूआ आवास योजना चयन को लेकर एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इटखोरी पंचायत के मुखिया जुगेश्वर दांगी ने किया। बैठक कहा गया कि अबूआ आवास सूची की जांच पड़ताल कर लाभुकों को लाभ दिया जाएगा। इसके लिए जल्द हीं चयनित अधिकारी और कर्मचारी लाभुकों के घरों की जांच पड़ताल करेंगें। इसके बाद उनकी आवश्यकता को देखते हुए उन्हें आवास मुहैया कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पंसस सरिता देवी, पंचायत सचिव अर्चना माथुर, सत्येंद्र गिरी आदि के अलावे भारी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला ने बीपीएम पर लगाया गंभीर आरोप

**दबंग हिंद संवाददाता**

**इटखोरी(चतरा)।** जेएसपीएल से जुड़ी एक सक्रिय महिला सदस्या ने इटखोरी थाने में जेएसपीएल के बीपीएम अमित कुमार गुप्ता के विरुद्ध छेड़छाड़ करने से संबंधित मुकदमा दर्ज करवाई है। पुलिस उक्त महिला द्वारा दिए गए आवेदन पर थाना कांड संख्या 79/2024 के तहत मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इधर बीपीएम अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि एक साजिश के तहत झूठे मुकदमे में मुझे फंसाया गया है। जो जांच का विषय है।

# आबुआ आवास योजना : पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर दिया पत्र



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रामगढ़।** पूर्व विधायक रामगढ़ ममता देवी ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन एवं ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर पत्र दिया उन्होंने कहा की रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में आबुआ आवास योजना के तहत अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं गरीब वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने का आग्रह किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख की आबादी निवास करती हैं जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, गरीब वर्ग के लोगों की संख्या अच्छी खासी है परंतु शहरी क्षेत्र होने के कारण किसी भी प्रकार के आवास योजना से यहां के लोग लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं जबकि कई ऐसी जगह पर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों की स्थिति काफी दयनीय है। मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से उन्होंने अबुआ आवास योजना को छावनी क्षेत्र में लागू करने का आग्रह किया है जिससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं गरीब वर्ग के लोगों को आवास योजना का लाभ मिल सके।

# छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह लोहरदगा में होगा आयोजित: आलोक कुमार दूबे

**जैक बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण मैट्रिक एवं इंटर के 10 हजार से अधिक प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य– आलोक कुमार दूबे**



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद आदरणीय धीरज प्रसाद साहू समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे सम्मिलित। लोहरदगा उपायुक्त डॉ बागमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा भी होंगे सम्मान समारोह में शामिल। पासवा के संयोजक रोहित उरांव होंगे समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर, जिले के महत्वपूर्ण एवं विख्यात शिक्षाविद भी होंगे शामिल। विधानसभा सत्र के बाद अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में बीएस कॉलेज मल्टीपरपज हॉल लोहरदगा में होगा सम्मान समारोह का आयोजन! रजिस्ट्रेशन के लिए जल्द ही पासवा व्हाट्सएप एवं मेल आईडी जारी कर प्रक्रिया प्रारंभ करेगी। आज दिनांक 26 जुलाई 2024 को पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे ने अपने लोहरदगा दौरा के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि बहुत जल्द विधानसभा सत्र के बाद अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन एक विशाल छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने जा रही है। जो लोहरदगा का अब तक का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। उन्होंने बताया कि लोहरदगा जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह बलदेव साहू कॉलेज मल्टीपरपस हॉल लोहरदगा में आयोजित होगा। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद आदरणीय धीरज प्रसाद साहू एवं ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। पासवा के राष्ट्रीय संयोजक श्री रोहित उरांव समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे ने आज लोहरदगा जिले के उपायुक्त आदरणीय श्री वाघमारे प्रसाद कृष्ण जी (डीसी लोहरदगा) और एसपी लोहरदगा हरीश बिन जमा पुलिस अधीक्षक लोहरदगा से भी एक विशेष मुलाकात किया और माननीय उपायुक्त महोदय से सम्मान समारोह के आयोजन एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया। पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने लोहरदगा उपयुक्त डॉ बागमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा से मुलाकात की एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पासवा के द्वारा आयोजित विशाल प्रतिभा सम्मान समारोह की सराहना एवं निश्चित रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की बात कही। विशाल सम्मान समारोह में 10 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। झारखंड बोर्ड, सीबीएसई तथा आईसीएससी के मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोमेंटो तथा मेडल के द्वारा सम्मानित किया जाएगा ताकि उनका मनोबल बढ़कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके। देश भर के विभिन्न राज्यों से पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी गण एवं झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के पदाधिकारी गण इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों के अतिरिक्त सीमित संसाधन में झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के विकास के लिए समर्पित लोहरदगा जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षाविद और झारखंड के महत्वपूर्ण शिक्षाविदों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## एक नजर

### डीएवी बरकाकाना में कारगिल के शहीदों को किया गया नमन



**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में कारगिल में शहीद हुए सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमर जवान ज्योति पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पचक्र अर्पित किया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर नवम् कक्षा की कोमल ने मंच संचालन किया, जबकि नवम् के आदित्य राय ने अपने विचार व्यक्त किए। आकांक्षा कुमारी ने कारगिल दिवस पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। डीएवी के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत एकांकी प्रस्तुत की, जिसने सभी उपस्थित जनों के हृदयों को छू लिया। बच्चों द्वारा तेरी मिट्टी समूह गान प्रस्तुत किया गया, जिसने समां बांध दिया। विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में देशप्रेम की भावना को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जिन जवानों के त्याग के कारण हम चैन से रह रहे हैं, उनके प्रति हमें कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। इस समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सबने मिलकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को नमन किया। इस अवसर पर प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने देशभक्ति की भावना को प्रबल किया और सभी को प्रेरित किया।

### जाम नालियों में सफाई नहीं जल्द कराई गई तो नगर परिषद में ताला बंदी किया जाएगा -खुर्शीद आलम



**गुमला।** झारखंड पार्टी के नेता खुर्शीद आलम ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि नगर परिषद के द्वारा विभिन्न वार्ड के नालियों में कचरे का साफ सफाई नहीं हो रही है बरसात आने को है स्थिति बहुत ही खराब हो सकती है खासकर वार्ड नम्बर 9 के इस्लामपुर चौक से हरिजन स्कूल मोड़ तक की नाली में आधा दूर तक नाली में मिट्टी गिराकर नाली को बंद कर दिया गया है जिसे नगर पालिका के द्वारा साफ नही किया जाता है नाली सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है उक्त बातें झारखंड पार्टी के नेता खुर्शीद आलम ने एक प्रेस बयान में बताया की अब समस्या यह हो गई है कि सड़क का पानी नाली मे बहाव नही हो पा रहा है और अंजुमन हॉस्पिटल के उत्तर तरफ के घरों में नाली का पानी घर के अंदर घुस गया है जिससे दस घर के परिवार वाले गंदगी में जीने को बेहाल हैं इस समस्या पर न तो वार्ड पार्षद गंभीर है न ही नगर परिषद अगर इस गंभीर समस्या का अविलंब निदान नही हुआ तो मामला विकट हो जायेगा नगर परिषद को ठेकेदार चला रहे हैं वार्ड 9 में जब भी सफाई कर्मी नाली सफाई की काम में लगते है उसी बीच नगर परिषद का ठेकेदार जो पंवरिया मोहल्ला में नाली निमार्ण का ठेका लिया है वह अपने निजी काम में नगर परिषद के सफाई कर्मियों को ले जाता है नगर परिषद को चेतावनी दी जाती है इस मामले का तुरंत निदान करे नही तो नगर परिषद कार्यालय में ताला बंदी की जायेगी मोहल्लेवासी इस समस्या को लेकर नगर परिषद के प्रति अंदर ही अंदर रोष व्याप्त है।

# प्रमुख ने 15वें वित्त मद से योजना का क्रियान्वयन एवं भुगतान को लेकर बीडीओ को सौपा मांग पत्र



**चक्रधरपुर/बंदगांव-** बंदगांव प्रखंड के प्रमुख पीटर घनश्याम तियू ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी को15वें वित्त मद से योजना का क्रियान्वयन एवं भुगतान को लेकर एक मांग पत्र सौंपा. मांग पत्र में कहा गया कि 15 में वित्त मद का भुगतान समय पर नहीं होने से नई योजनाओं का अग्रिम भुगतान में देरी हो रही है. एवं 2024-25 में नई योजना का ई ग्राम पोर्टल में नहीं चढ़ने से लाभुक समितियां को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा क्योंकि कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होने की संभावना है. जिससे आचार संहिता लग जाएगी. आचार संहिता लगने से पूरा कार्य ठप हो जाएगा. अतः जल्द से जल्द पर 15वीं वित्त मद योजना का कार्य एवं भुगतान समय पर किया जाए .उन्होंने कहा पहले भी इस संबंध में जानकारी दी गई है ,यथाशीघ्र कार्य को संपादित की जाए।

# वैश्य क्रांति सम्मेलन की तैयारी शुरू



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित मुकेशलाल सिंदूरिया के आवास में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया एवं संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, विशिष्ठ अतिथि जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बसंत प्रसाद साहु व केंद्रीय संगठन सचिव उपेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे। आगामी 9 अगस्त को क्रांति दिवस पर भुरकुंडा में प्रस्तावित वैश्य क्रांति सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक रखी गयी थी। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें मुकेशलाल सिंदूरिया, भुनेश्वर साव, कैलाश साव, उपेन्द्र गुप्ता, राजाराम प्रसाद, मद्धेश्वर केशरी, अशोक साव, भरत केशरी, गीता देवी राणा, गोपाल केशरी एवं पिंटू कुमार गुप्ता को सदस्य बनाया गया है। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष किए कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने संघर्ष के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अगस्त को वैश्य एवं ओबीसी की मांगों को लेकर बड़ी लड़ाई की घोषणा की जायेगी। इसलिए हमारी तैयारी भी बड़ी होनी चाहिए। अंत में तय किया गया कि आगामी 2 अगस्त से प्रचार अभियान चलाया जायेगा। पोस्टर साटने, पर्चा वितरण, बैनर लगाने का काम किया जायेगा। इसके पूर्व सभी पदाधिकारी और सदस्य अपने-अपने गांव,-मुहल्ले में बैठक आयोजित कर समाज को सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण देंगे। बैठक में प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष मद्धेश्वर केशरी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साव, सचिव अशोक साव, सह सचिव भरत केशरी, शत्रुघ्नलाल, गोपाल केशरी, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष पिंटू कुमार गुप्ता, संजय साव, सुमित साव, मिथिलेशलाल, संजूलाल, नरेश प्रसाद, अजयलाल सिंदूरिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# चक्रधरपुर पुलिस की सफलता : मोबाइल चोर की हुई गिरफ्तारी



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** विगत दिनों हुई मोबाइल दुकान की चोरी की घटना को चक्रधरपुर पुलिस ने उद्भेदन कर दी है पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजीव रंजन के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना में शामिल युवक की गिरफ्तारी की गई है जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार अग्रवाल, उम्र-52 वर्ष, पिता- स्व0 श्यामसुन्दर अग्रवाल, पता- शितला मंदिर चक्रधरपुर, थाना- चक्रधरपुर, जिला-प० सिंहभूम के आवेदन के आधार पर दुकान के छत का एलवेस्टर तोड़ कर अज्ञात चोर के द्वारा दुकान का सामान चोरी करने के संबंध में कांड दर्ज किया गया था। इस चोरी गई घंटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चाईबासा के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, चक्रधरपुर के निर्देशन में पु०नि० सह थाना प्रभारी चक्रधरपुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तुरन्त घटनास्थल पर पहुँच कर वैज्ञानिक रुप से साक्ष्य संकलन, आसूचना संकलन एवं गुप्तचर को सक्रिय करते हुए अभियुक्तों की पहचान, गिरफ्तारी एवं लूटे गये सामान की बरामदगी हेतु छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में गुप्तचरों से प्राप्त सूचना के आलोक में संदेही अभियुक्त निर्मल नायक उम्र 19 वर्ष पिता स्व० विरंची नायक ग्राम-बड़ाबाम्बो' थाना- आमदा ओ0पी0 जिला-सरायकेला-खरसवाँ को पकड़कर पुछताछ की गयी तो उक्त कांड में संलिप्ता स्वीकार करते हुए स्वीकारोक्ति बयान दिया। अभियुक्त के पास से 03 तीन सैमसंग मोबाईल फोन बरामद किया गया। घटना में शामिल अभियुक्त निर्मल नायक उम्र 19 वर्ष पिता स्व० विरंची नायक ग्राम-बड़ाबाम्बो थाना-आमदा ओ०पी० जिला- सरायकेला-खरसगँ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त- निर्मल नायक उम्र 19 वर्ष पिता स्व० विरंची नायक ग्राम-बड़ाबाम्बो थाना-आमदा ओ०पी० जिला-सरायकेला- खरसवाँ झारखंड ।

**जप्त / बरामद सामान-** सैमसंग मोबाईल फोन IMEI NO-354324783611987 & 35605203611988 सैमसंग मोबाईल फोन जिसका IMEI NO -35305650460064 & 359231950460061 सैमसंग मोबाईल फोन जिसका IMEI NO-354198345240877 & 355464265240878

**छापामारी दल :** पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, राजीव रंजन चक्रधरपुर थाना । पुलिस अवर निरीक्षक आकाश कुमार चक्रधरपुर थाना । पुलिस अवर निरीक्षक प्यारे हसन चक्रधरपुर थाना ।हवलदार सोनाराम दिग्गी, आ0/402 सुकरा उरांव सशस्त्र बल चक्रधरपुर थाना ।

### भाजयुमो ने कारगिल वीरों के सम्मान में निकाला मसाल जुलूस



**रामगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ जिला के तत्वधान में कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या को तिरंगों के साथ मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस रामगढ़ गांधी चौक से होते हुए रामगढ़ सुभाष चौक पहुंचकर कारगिल वीरो को श्रद्धांजलि देकर अपने वीर शहीदों को याद कर दीप प्रज्ज्वलित की गई एवं कार्यक्रम का समापन पूर्व सैनिक रंजन फौजी, फ्रिजबिहारी सिंह यादव, रामटहल महतो, दिनेश कुमार यादव, अरविंद यादव को अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभितेश सिंह एवं संचालन महामंत्री राजेश सोनी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रभारी रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश मंत्री पूजा सिंह, राजू चतुवेर्दी ,छोटन सिंह, प्रहलाद पांडे ,नीरज सिंह ,अंजू ठाकुर, युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री संजय अग्रवाल, धीरेंद्र साव ,त्रिलोकी गिरी राहुल सिंह, गणेश ठाकुर, ऋषिकेश सिंह ,शीतल सिंह, तरुण साव, राजू रंजन, प्रवीण सोनू, सुमित कुमार, शशि शेखर सिंह, राकेश सिंह, आकाश गुप्ता, मनीष कुमार, मनोज कुमार आदि आनेको कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 27 जुलाई से 3 अगस्त तक 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ 27 जुलाई से 3 अगस्त तक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में योगदान देने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभ आरम्भ कल सुबह दस बजे से है और समापन समारोह तीन अगस्त को किया जाएगा। यह हमारी माँ और माँ प्रकृति के प्रति एक श्रद्धांजलि है। विद्यालय के हितधारकों के समन्वय से आगामी सप्ताह वृक्षारोपण सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा।इस उपलक्ष्य मे विद्यालय प्रबंधन 2500 पौधे का वितरण बच्चो मे किया जायेगा। इस आगामी सप्ताह के दौरान बच्चे जैव विविधता के प्रति अपने अटूट समर्पण का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के शिक्षक बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की प्रतिबद्धता जताएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व और हमारे पर्यावरण पर इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। एसजीएनपीएस के बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर लगाए गए पेड़ों की निगरानी करेंगे। समय पर उनका पालन-पोषण किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पौधे स्वस्थ रहें और सदैव खिलते रहें। स्कूल के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह को स्थिरता की दिशा में यात्रा का हिस्सा होने पर गर्व है।

# जेएम कॉलेज में कारगिल विजय दिवस के अमर शहीदों को किया गया नमन

## पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कारगिल युद्ध के 25वें विजय दिवस के अवसर पर पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में कारगिल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरधर पाठक और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह देश के वीर शहीदों के तस्वीर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर गई। इस दौरान अमर जवानों के परिजनों के सुख-समृद्धि के लिए लोगों ने कामना की। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने कहा कि देश के वीर जवानों की बदौलत ही हमारी सरहदें व हम सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात जवान अपना सबकुछ छोड़ देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान तक गवां बैठते हैं। इनके बलिदानों का भुलाया नहीं जा सकता। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। प्राचार्य डॉ. गिरधर पाठक ने कहा कि जवान ही हमारे देश के असली रक्षक हैं, जो अपने घरों से हजारो किलोमीटर दूर सरहद पर हर दुःख सहते हुए देश की रक्षा में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि सैनिकों के मुस्तैदी के कारण ही देशवासी अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं। प्राचार्य श्री पाठक ने कहा कि सैनिकों का सम्मान करना गौरव की बात है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अरुणजय, प्रो. विजय मिश्रा, प्रो. नीला सिंह, डॉ. प्रमोद सिंह, प्रो. अनुज सहित तनीषा, खुशी, अंजू, तान्या, नंदिनी, आदित्य, कमलेश, सचिन, अमर, पूर्व स्वयंसेवक विक्रम सहित दर्जनों विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# मेन रोड गुमला में फायरिंग कांड का आरोपी शहजाद अंसारी गिरफ्तार

**एक देशी कट्टा एवं तीन गोली बरामद,भेजा गया जेल**



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिलने पर गठित पुलिस टीम ने गुमला बस स्टैंड पर छापामारी अभियान शुरू कर एक देशी कट्टा एवं तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पश्चात शनिवार को गुमला थाना परिसर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए शहजाद अंसारी उम्र करीब 22 वर्ष पिता असरफ अंसारी ग्राम अंबुवा वर्तमान पता अंबेडकर नगर गुमला को जेल भेजा गया इस मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि शुक्रवार को गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिलने पर गठित पुलिस टीम को थाना प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने तत्काल बस स्टैंड पर छापामारी अभियान करने के लिए भेजा पुलिस की घेराबंदी करने पर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा तब पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम शहजाद अंसारी बताया पुलिस टीम द्वारा गहनता से जांच करते पर उसके पास से एक देशी कट्टा एवं तीन कारतूस बरामद किए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि इसका अपराधिक इतिहास रहा है और मेन रोड में फायरिंग करने में भी आरोपी हैं। इसकी गिरफ्तारी में पुलिस अवर निरीक्षक अंकीत राज के नेतृत्व में सशस्त्र बल के जवान अभय शंकर पाण्डेय,बादल कुमार, अविनाश पांडेय, एवं दिनेश कुमार साहू के द्वारा अथक प्रयास से संभव हुआ है।

# जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान करना ट्रस्ट का लक्ष्य



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रामगढ़।** इल्म की रोशनी ट्रस्ट के जानिब से ट्रस्ट के सदस्यों ने ग्राम तुरॉव प्रखंड चूरचू के रहने वाली यतिम बच्ची को आथिर्क मदद किया। जिनकी सड़क दुघर्टना 16 जुलाई 2024 को स्कूल से आने के क्रम में हुई जिसमे वो गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जबडा तीन जगह से टूट गया था साथ ही गर्दन भी टूट गया और दांत टूट कर अन्दर घुस गया था। इनका इलाज मैक्स हॉस्पिटल हजारीबाग से चल रहा है जिसमें काफी खर्च आया। इसकी सूचना मिलते ही ट्रस्ट ने मामले को गंभीरता से लिया और लोगों से मदद की अपील की। इल्म की रौशनी ट्रस्ट के सचिव मुहम्मद वसीम कौसर रजवी ने बताया कि बच्ची को बेहतर इलाज के लिए उनके आवास में जा कर ट्रस्ट अध्यक्ष मौलाना नाजीम कौसर के हांथों मदद की गई। साथ ही पीड़ित बच्ची तथा उनकी मां को हिम्मत देते हुए कहा कि हमलोग हमेशा आपके साथ हैं आने वाले कल बेहतर हो जाएगा। बच्ची की जल्द सेहतयाबी के लिए दुआ भी की गई। साथ ही ट्रस्ट सचिव ने बताया कि ट्रस्ट लगभग हर जरूरतमंद का जो ट्रस्ट के किसी भी सदस्य से राब्ता कायम करते हैं तो उनकी जांच कर कुछ ना कुछ हमेशा मदद कर रही है और ये सिलसिला पिछले लगभग चार सालों से जारी है और अवाम का सहयोग रहा तो यह आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर मुहम्मद इकबाल अंसारी, मुहम्मद अब्दुल अंसारी मौजूद थें।

### कराइकेला में नए सीईओ का प्रमुख एवं बीडीओ ने किया स्वागत



**चक्रधरपुर/बंदगांव-** कराईकेला पंचायत भवन में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी भीकम कुमार का स्वागत प्रमुख पीटर घनश्याम तियु एवं बीडीओ नम्रता जोशी ने गुलदस्ता देखकर स्वागत किया. इस मौके पर प्रमुख पीटर घनश्याम तियु ने कहा कि नए सीईओ इस क्षेत्र की समस्या को दूर करेंगे.यही हम सभी उम्मीद करते हैं.उन्होंने कहा बंदगांव का अधिकांश भाग बीहड़ जंगल क्षेत्र है.यहां समस्या भी अधिक है.उन समस्या का दूर होना जरूरी है. नव पदस्थापित अंचल अधिकारी भीकम कुमार ने प्रमुख ,बीडीओ एवं ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह अपने कार्य में कोई कोताही नहीं बरतेंगे. साथ ही समस्याओं का समाधान अभिलंब किया जाएगा .जरूरतमंद लोगों को सरकारी लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास की जाएगी .इस मौके पर कृषि पदाधिकारी वीर सिंह जोंकों, सदानंद होता, लाल सिंह भूमिज, हुरषिकेस नायक, नसीम अहमद, लाल बाबू दास समेत प्रखंड कर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधि तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# सोलर आधारित डीप बोरिंग का विधायक सुखराम उरांव ने किया शिलान्यास



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** विधायक सुखराम उरांव ने शुक्रवार को शहर में जल समृद्धि योजना के तहत विधायक निधि से लगभग 8 लाख रुपए से सोलर आधारित डीप बोरिंग सह जल मीनार निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। शहर के सोनुआ बस स्टैंड के समीप भगवान हनुमान मंदिर के बगल में सोलर आधारित डीप बोरिंग निर्माण कार्यों का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि चक्रधरपुर विधानसभा में हर घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं, इसमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा भी पेयजल को प्राथमिकता देकर कई योजना चला रही है, उन्होंने कहा कि इससे पूर्व विधायक निधि से जरुरत के हिसाब से शहर, स्कूल, हाट बाजार और लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोलर आधारित डीप बोरिंग सह जल मीनार का शिलान्यास किया गया। विधायक ने कहा कि 2005 में हमारे द्वारा विधायक निधि से जो भी डिप बोरिंग शहर में किया गया है, उसका लाभ आज भी लोग लें रहे हैं। उम्मीद है कि चक्रधरपुर विधानसभा से पेयजल की समस्या को हमने भी प्राथमिकता देकर योजना को धरातल पर उतारा हैं, ताकि कहीं पर पानी की समस्या ना हो। विधायक ने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार की खराब पड़े चापाकल ओर मरम्मत करा रही है, ताकि लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि सोनुआ बस स्टैंड मंदिर में पूजा अर्चना करने रोजाना सैकड़ों लोग आते हैं। लेकिन पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने एक डीप बोरिंग की मांग किया गया था। जो आज पूरा हो गया। इससे आने जाने वाले लोगों को भी शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद लीला देवी, झामुमो नेता सरवर नेहाल उर्फ नज्जू, अमर बोदरा, संजीव विश्वकर्मा, भाजपा नेता शेष नारायण लाल, कुमार विवेक, गुड्डू सिंह, परमिंदर चौहान, संजय पासवान, बुलटन रवानी, शिव चर्चा समिति से प्रतिमा साव, बबिता गुप्ता, अनिता गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित है।

# बंदगांव में रुआर अभियान हेतु कार्यशाला आयोजित



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चक्रधरपुर/बंदगांव।** बंदगांव प्रखंड के बिरसा भगवान प्लस टू उच्च विद्यालय में स्कूल रुआर'2024 कार्यशाला का आयोजन किया गया.जिसका उद्घाटन बीडीओ नम्रता जोशी,बीईईओ रंजना पांडे,प्रमुख पीटर घनश्याम तियु एवं बीपीओ काली प्रसाद गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर बीडीओ नम्रता जोशी ने कहा कि कार्यशाला में 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन औरउसके ठहराव हेतु प्रयास करना है.उन्होंने कहा यह कार्यक्रम एवं प्रोजेक्ट इंम्पैक्ट पूरी तरह विद्यालय में लागू करने के लिये रखा गया है.इसकी सफलता में विद्यालय में गठित विभिन्न क्लबों, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति सरस्वती वाहिनी,बाल संसद सदस्य, जनप्रतिनिधियों, सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों की सहयोग से विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय से जोड़ा जाएगा.बीईईओ रंजना पांडे ने कहा इस अभियान के माध्यम से समावेशी शिक्षा और कक्षा प्रोन्नति की उद्देश्य को पूरा करने के लिए सीडब्ल्यूएसएन समेत शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोड़ा जाएगा.बीपीओ काली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह अभियान 27 जुलाई से 16 अगस्त तक विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर चलाया जाएगा.प्रमुख पीटर घनश्याम तियु ने कहा कि इस प्रोग्राम को बंदगांव प्रखंड में शत प्रतिशत सफल बनाना है.जिससे यहां सभी बच्चों का नाम विद्यालय में जुड़ सके. उन्होंने कहा आज के समय मे सभी को शिक्षा प्राप्त करना बहुत ही अनिवार्य है.हमें अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर एक योग्य ब्यक्ति बनाना है.इस अवसर पर बीआरपी अनिल महतो,पुष्पा सांडिल,लोकनाथ सारंगी, करम सिंह,संजीव मंडल, सत्यनारायण प्रधान समेत सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### मार्केटिंग और बैंकिंग क्षेत्र में करियर की व्यापक संभावनाएं : विवेक प्रधान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को बैंकिंग और मार्केटिंग कौशल विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें सीनियर क्लास के विद्यार्थी शामिल हुए। सेमिनार में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मार्केटिंग और बैंकिंग कौशल पर चर्चा की गई। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि वर्तमान समय में मार्केटिंग और बैंकिंग बड़े क्षेत्र में शुमार है। इसमें करियर की व्यापक संभावनाएं होती है। लेकिन इस क्षेत्र में सफल होने के लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक- रामाकांत दूबे ,मो. नं0. 9771998118 समाचार संपादक : अब्दुल कुदुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# कारगिल विजय दिवस के शहीदों को नमन



प्रेम कुमार धूमल

**उस ऐतिहासिक क्षण में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का यह कथन 'जब तक एक भी घुसपैठिया कारगिल में है, तब तक न युद्ध विराम होगा और न मैं देश छोड़कर कहीं जाऊंगा' इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा । प्रधानमन्त्री के इस दृढ़संकल्प को देखते हुये सारे राष्ट्र में एक नई ऊर्जा आ गई और सैनिकों में यह संकल्प और दृढ़ हो गया और भारत की वीर सेना ने निर्णायक विजय प्राप्त की ।**

देश में राष्ट्रभक्ति का गजब का माहौल था ऐसा लगता था सारा भारत एक है, देश की एकता, अखण्डता, सर्वभौमिकता बचाये रखने के लिये कुछ भी कर गुजरने को तैयार था । कारगिल का संघर्ष क्या शुरू हुआ ऐसा लगा जैसे सारा राष्ट्र और राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक देष के लिये कोई भी कुबार्नी देने को तैयार था । विश्व के इतिहास में पहली बार हुआ जब देशाभक्ति से ओत-प्रोत विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र के प्रधानमन्त्री, अटल जी सभी चुनौतियों, चेतावनियों और व्यक्तिगत सुरक्षा के खतरों को नजर अन्दाज करते हुये 2 जुलाई 1999 को सीमा पर तैनात युद्वरत सैनिकों की पीठ थपथपाने के लिये स्वयं सीमा पर जा पहुंचे । आप अनुमान लगा सकते हैं कि प्रधानमन्त्री को अपने साथ सीमा पर खड़ा देखकर सैनिकों का साहस तो सातवें आसमान पर पहुंचना स्वभाविक था । 5 जुलाई 1999 को कारगिल के युद्व क्षेत्र में जाने के बाद श्रीनगर के सैनिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल सैनिकों को दैनिक उपयोग का आवश्यक सामान दे रहे थे, एक जवान चादर ओढ़े हुये लेटा था उसने सामान पकड़ा नहीं, हमने विस्तर के साईड टेबल पर सामान रखा और आगे बढ़ने लगे तभी डॉक्टर ने कहा कि माईन ब्लास्ट में इस वीर सैनिक के दोनों हाथ और दोनों पैर चले गये थे । हम फिर मुड़े और पूछा, 'बहुत दर्द होता होगा', सैनिक ने उतर दिया, 'कल शाम से नहीं हो रहा है' । हमने पूछा क्या कोई (पेन किलर) दर्द निवारक दवाई ली या टीका लगा ? उसने उतर दिया ह्यह्यनहीं, कल शाम (4 जुलाई को) टाईगर हिल वापस ले लिया और तिरंगा फहरा दिया, मेरा दर्द चला गया । राष्टभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को शत शत नमन ।



आजकल एक और विवाद मीडिया में देखने को मिला यहां शहीद की नौजवान विधवा ने मरणोपरान्त मिलने वाले सम्मान को शहीद के मॉ-बाप के साथ सांझा करना उचित नहीं समझा। ऐसी समस्यायें आप्रेशन विजय के बाद भी आई थीं, अधिकतर विधवायें नवविवाहिता थीं और उनका पुनर्विवाह होना स्वभाविक और न्यायोचित भी था परन्तु बजुर्ग मॉ-बाप का सहारा भी तो शहीद जवान ही होता था इसलिये पुनर्विवाह के समय प्रदेश और केन्द्र सरकार की ओर से मिली सारी की सारी अनुदान राषि, पैट्रोल पम्प या गैस एजैन्सी आदि सभी को साथ ले जाना मॉ-बाप के साथ अन्याय था क्योंकि अधिकतर मामलों में गरीब मॉ-बाप ने अपना पेट काट कर बेटे को पाला पोसा होता था और बुढ़ापे में नौजवान बेटे की शहादत और बहु का सब कुछ अपने साथ ले जाना उनके लिये दोहरा अघात होता था। इसलिये हमने प्रदेश कैबिनेट की बैठक में सारी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये निर्णय लिया कि अगर तो पुनर्विवाह उसी परिवार में होता है तो सभी कुछ वैसे ही रहेगा लेकिन यदि वीर नारी कहीं दूसरी जगह शादी करती है तो सरकार की ओर से मिली राषि दो हिस्सों बांट दी जायेगी । आधी राषि उस युद्व विधवा को और आधी राषि बूढ़े मॉ-बाप को दी जायेगी और यदि शहीद के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हों और मॉ तथा दादा-दादी से अलग रहते हों तो राषि तीन भागों में बांटी जायेगी और एक तिहाई बच्चों को दी जायेगी। इस निर्णय से सभी की समस्या का समाधान हो गया ।

राष्ट्रभक्ति के साथ साथ एक दूसरे के प्रति सम्बेदनशीलता के भी कई उदाहरण देखने को मिले, शमिला जिले का एक अनुसूचित जाति से सम्बन्ध रखने वाला जवान शहीद हुआ था, घर की अर्थिक स्थिति भी कमजोर थी । जब हमने अनुग्रह राषि उन्हें दी तो उस गरीब परिवार ने कहा हमें आधी राषि ही दीजिए, अभी युद्व चल रहा है और शहीद हो रहे हैं और आपको कई और परिवारों की सहायता करनी है, हमें आधी राशाि दे दो बाकि किसी और परिवार के काम आ जायेगी । शहीद की शहादत को तो नमन था ही पर गरीब परिवार की सम्बेदनशीलता और दूसरों के प्रति समर्पण की भावना से हम सभी द्रवित हो गये और उन्हें धन्यवाद देते हुये हमने कहा कि राषि आपके लिये ही है और आवश्यकता होगी तो लोग योगदान दे ही रहे हैं ।

पालमपुर में तो जहां एक ओर प्रथम परमवीर चक्र विजेता, मेजर सोमनाथ शर्मा वहीं कारगिल युद्व के नायक कै. विक्रम बतरा, परमवीर चक्र विजेता का भी घर है, उस दिन हम कै. विक्रम बतरा के पार्थिव शरीर का इन्तजार कर रहे थे वहीं पर कारगिल युद्व के प्रथम शहीद कै. सौरभ कालिया की माता जी, विजय कालिया और कै. विक्रम बतरा की माता जी साथ साथ बैठी थीं । विजय कालिया श्रीमति बतरा को ढांढस बंधा रही थीं, एक महान मां दूसरी महान माता को साहस बंधा रही थी, शायद यही जीवन है।

इसी प्रकार जिला बिलासपुर की एक बहादुर मां, कौषल्या देवी जी जब मिली तो अन्होंने कहा, 'धूमल जी कल मंगल सिंह की अर्थी को डेढ किलो मीटर मैंने कंधा दिया'। मैंने पहली बार सुना कि शहीद की मॉ ने अपने शहीद सुपुत्र की अर्थी को कंधा दिया हो । शहीद की शहादत और मॉ की हिम्मत को सलाम ।

सोलन जिला मुख्यालय में चपरासी के पद पर नियुक्त एक व्यक्ति का सैनिक बेटा शहीद हो गया, अन्तिम संस्कार में भाग लेने के बाद हम उसके घर ढांढस बंधाने के लिये गये। शहीद की मॉ ने कहा मेरा बेटा देश के काम आ गया, दूसरा बेटा दसवीं कक्षा में पढ़ रहा है यह भी पढ़कर फौज में भर्ती होगा और देश की सेवा करेगा।

जिला हमीरपुर के बमसन क्षेत्र में पहाड़ी के ऊपर एक बगलू गांव है यहां से राज कुमार सुपुत्र खजान सिंह शहीद हुये थे। चढ़ाई चढ़ते मैं सोच रहा था कि शहीद के बजुर्ग पिता जी से कैसे बात करूंगा । मैं उनके आंगन में पहुंच गया और इससे पहले कि मैं कुछ बोलता, खजान सिंह बोले, 'धूमल साहब, बेटे तो पैदा ही इसलिये किये जाते हैं कि पढ़ें, लिखें और बड़े होकर फौज में भर्ती हों और देश की रक्षा करें । उन्होंने अपने दोनो पोते मुझे मिलाये और कहा ये भी पढ़कर फौज में भर्ती होंगे और देश की सेवा करेंगे । उन्होंने मुझे कहा आप दिल्ली जायेंगे तो प्रधानमन्त्री, वाजपेयी जी को कहना कि जवानों की यदि कमी हो तो 82 वर्ष का हबलदार खजान सिंह आज भी हथियार उठाकर देष की रक्षा करने के लिये तैयार है ।

शहीदों का आदम्य साहस, परिवारों का सम्पूर्ण समर्पण, अटल जी का दृढ़निष्चयी नेतृत्व सदियों तक देष के लिये प्रेरणा रहेगा ।

5 जुलाई को जब अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने आदरणीय अटल जी को फोन करके कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री नवाज शरीफ इनके पास पहुंच गये हैं और अटल जी से आग्रह किया कि वे भी युद्व विराम की घोषणा कर दें और अमेरिका आ जायें ताकि समस्या का सर्वमान्य हल निकाला जा सके ।

उस ऐतिहासिक क्षण में श्रद्वेय अटल बिहारी वाजपेयी का यह कथन 'जब तक एक भी घुसपैठिया कारगिल में है, तब तक न युद्व विराम होगा और न मैं देश छोड़कर कहीं जाऊंगा' इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा ।

प्रधानमन्त्री के इस दृढ़संकल्प को देखते हुये सारे राष्ट्र में एक नई ऊर्जा आ गई और सैनिकों में यह संकल्प और दृढ़ हो गया और भारत की वीर सेना ने निर्णायक विजय प्राप्त की ।

कारगिल से वापसी पर हम प्रभु अमरनाथ की पवित्र गुफा के पास उतरे, दर्षन किये और संयोग से टाईगर हिल विजय प्राप्त करने वाले जवान भी उसी समय गुफा में दर्षन करने के लिये आये हमने उन से चर्चा की और नरेन्द्र मोदी जी ने तो उनके हथियार लेकर उन हथियारों के बारे में जानकारी भी ली ।

यह उचित ही है कि 26 जुलाई को प्रतिवर्ष हम कारगिल विजय दिवस मनाते हैं और उन शहीदों को श्रद्वासुमन अर्पित करते हैं । ठीक ही कहा है 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही निशां होगा'।

**-(लेखक हिमाचल के पूर्व मुख्यमन्त्री रहे हैं व कारगिल युद्व के समय मुख्यमन्त्री थे।)**

## संपादकीय

# अनावश्यक फैसला

भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) किसी न किसी कारण से हमेशा चर्चा और विवादों के केंद्र में रहा है। अभी पिछले दिनों केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगे करीब छह दशक पुराने प्रतिबंध को हटाने का फैसला लिया है जिसे बुद्धिमत्तापूर्ण नहीं कहा जा सकता। जाहिर है कि राजनीतिक क्षेत्रों में इस फैसले की कड़ी आलोचना हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्मचारियों को वैचारिक आधार पर विभाजित करना चाहते हैं। वस्तुतः आरएसएस की चाहे जितनी आलोचना या निंदा की जाए लेकिन राष्ट्र के उत्थान में इस संगठन की सार्थक भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। ब्रिटिश सरकार में भी 1932 में सरकारी कर्मचारियों की आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन इस प्रतिबंध के कारण आरएसएस के विस्तार में रुकावट नहीं आई। यह संगठन अपने ध्येय को लेकर आगे बढ़स्ता गया। आरएसएस अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है और अब यह संगठन समाज की मुख्यधारा में है। आरएसएस पर महात्मा गांधी की हत्या, आपातकाल और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद प्रतिबंध लगाया गया। लेकिन क्या यह हैरानी की बात नहीं है कि इतने प्रतिबंधों के बावजूद इस संगठन से जुड़े.हुए लोग आज देश के शीर्ष पदों पर आसीन हैं। कुछ लोग संघ और सरकार के बीच संबंधों की तुलना चर्च और राज्य के रिश्ते से करते हैं। उनका विश्वास है कि धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक देश में चर्च और राज्य के बीच विभाजन रेखा का सम्मान किया जाता है लेकिन आरएसएस दावा करता है कि वह सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है और राजनीति एवं धर्म से इसका दूर-दूर तक रिश्ता नहीं है। आरएसएस पर ब्रिटिश सरकार से लेकर आज तक हमले होते रहे हैं लेकिन अपनी स्थापना के सौ वर्षों में यह संगठन बरगद का रूप ले चुका है। पूर्वोत्तर भारत यदि देश की मुख्यधारा में शामिल हुआ है तो इसका श्रेय आरएसएस को ही दिया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के लिए आरएसएस का द्वार खोलने का केंद्र सरकार का फैसला एक नये विवाद को जन्म देने वाला है। संघ को इसकी कोई आवश्यकता नहीं थी।

## चिंतन-मनन

# सत्ता-संपदा का उन्माद

मनुष्य विचारशील प्राणी है, विवेकशील प्राणी है। उसके पास बुद्धि है, शक्ति है। वह अपनी बुद्धि का उपयोग करता है, चिंतन के हर कोण पर रुकता है, विवेक को जगाता है, शक्ति का नियोजन करता है और संसार के अन्य प्राणियों से बेहतर जीवन जीता है। जीने के लिए वह अनेक प्रकार की सुविधाओं को जुटाता है। सत्ता और संपदा ये तो ऐसे तत्व हैं, जिनका आकषर्ण अधिकांश लोगों को बना रहता है। सत्ता के मूल में सेवा की भावना है और संपदा के मूल में जीवनयापन की। न सत्ता के बल पर कोई व्यक्ति बड़ा बनता है और न संपदा ही किसी को शिखर पर बिठा सकती है। जो लोग सेवा की पवित्र भावना से सत्ता के गलियारे में पांव रखते हैं और जीवनयापन के साधन के रूप में अर्थ का उपयोग करते हैं, वे सत्ता और संपदा प्राप्त करके भी कुछ अतिरिक्त अनुभव नहीं करते। सहज सादगीमय जीवन जीते हुए वे सत्ता और संपदा के द्वारा हितकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाते हैं।

कुछ लोगों की अवधारणा है कि व्यक्ति का अस्तित्व और व्यक्तित्व सत्ता और संपदा पर ही निर्भर है। इसलिए वे जैसे-तैसे इन्हें हथियाने का प्रयास करते हैं और ये हस्तगत हो जाएं तो इनका उचित-अनुचित लाभ भी उठा लेते हैं। ऐसे लोगों में न तो सेवा की भावना होती है और न ही वे उपयोगितावादी दृष्टि से अर्थ का अंकन करते हैं। इनके द्वारा अहंकार बढ़ता है और वे स्वयं को आम आदमी से बहुत बड़ा मानने लगते हैं। यहीं से एक भेद-रेखा बनने लगती है, जो सत्ताधीश और संपत्तिशाली को दूसरे नजरिए से देखने का धरातल तैयार करती है। जिस व्यक्ति के पास सत्ता हो और संपदा हो, फिर भी उन्माद न हो; बहुत कठिन बात है। इन दोनों में से एक पर अधिकार पाने वाला व्यक्ति भी मूढ़ हो सकता है। जहां दोनों का योग हो जाए, वहां मूढ़ता न आए, यह तो संभव ही नहीं है। इस बात को सब लोग जानते हैं, फिर भी सत्ता और संपदा पाने की आकांक्षा का संवरण नहीं होता। जिनकी आकांक्षा पूरी हो जाती है, वे सौभाग्य से ही मूढ़ता से बच पाते हैं। किंतु जिनकी आकांक्षा पूरी नहीं होती, वे एक दूसरे प्रकार के उन्माद का शिकार हो जाते हैं।

# किसान आन्दोलन की समाधान राहें बातचीत से ही खुलेगी



ललित गर्ग

मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला-युवा विकास के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने किसान-आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक 'तटस्थ मध्यस्थ' की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान-आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते है? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून-व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है।

विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान-आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती-किसानी की दशा-दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन-तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति शृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा।

असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है। जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद थी की सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है। दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं। लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। विपक्षी दल किसानों के हित में आन्दोलन की बजाय बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़े। स्तरीय विरोध हो, किसानों को गुमराह करने एवं उनका मनोबल कमजोर करने के लिये विपक्षी दल उजालों पर कालिख न पोते, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं है।

# मुद्दा: जमानत पर 'सुप्रीम' फैसला



रजनीश कपूर

किसी भी अपराध के संबंध में निर्दोषता की धारणा एक कानूनी सिद्धांत है। जिसके अनुसार किसी भी अपराध के लिए आरोपी प्रत्येक व्यक्ति को तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उसे दोषी साबित न कर दिया जाए। देश की शीर्ष अदालत ने अपने कई आदेशों में यह भी स्पष्ट किया है कि 'जमानत देना नियम है और जेल में रखना अपवाद।' परंतु आए दिन यह देखने को मिलता है कि जब भी किसी आरोपी को निचली अदालत से जमानत दी जाती है तो सरकारी एजेंसियां तुरंत उस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंच कर रोक लगवा लेती हैं। बीते मंगलवार सुप्रीम कोर्ट ने इस चलन पर आपत्ति जताते हुए एक अहम फैसला दिया।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय सिंह ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने धन शोधन के मामले में आरोपी परविंदर सिंह खुराना की याचिका पर सुनवाई करते हुए देश भर के हाई कोर्टों को यह निर्देश दिया कि, 'कोर्ट को स्टे लगाने का अधिकार होता है, लेकिन किसी की जमानत पर यूं ही रोक नहीं लगाई जा सकती। सिर्फ असामान्य मामलों और असाधारण परिस्थितियों में ही ऐसा करना चाहिए। हाई कोर्ट को ऐसे मामलों में सोच समझकर फैसला देना चाहिए। सामान्य तौर पर हाईकोर्ट को जमानत के आदेशों पर रोक नहीं लगानी चाहिए।' उल्लेखनीय है कि मनी लॉड्रिंग के आरोपी परविंदर सिंह खुराना को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2023 में गिरफ्तार किया था, लेकिन खुराना को ट्रायल कोर्ट से जून 2023 में ही बेल मिल गई थी, जिसके खिलाफ ईडी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के बेल ऑर्डर पर रोक लगा दी। जिसे चुनौती देते हुए खुराना सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि, 'एक साल तक एक शख्स बिना किसी कारण के जेल में सड़ रहा है।' केस की पिछली सुनवाई पर ईडी की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि खुराना को जमानत मिलते ही वो देश छोड़ कर जा सकता है। यदि वो देश छोड़ कर चला गया तो जमानत के क्या मायने? शीर्ष अदालत ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए यह स्पष्ट किया कि, 'जमानत पर रोक केवल बहुत ही दुर्लभ मामलों में लगाई जा सकती है। यदि आरोपी पर देशद्रोह, आतंकवाद या एनईए जैसे संगीन मामले दर्ज हों तभी जमानत पर रोक लगाई जानी चाहिए।' गौरतलब है कि देश भर की जेलों में लगभग 6 लाख कैदी बंद हैं। इनमें से बहुत सारे कैदी ऐसे हैं, जिनका आरोप सिद्ध भी नहीं हुआ है। वहीं दूसरी तरफ, जिन मामलों में सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियों को तत्परता दिखानी होती है वहां तो रातों-रात गिरफ्तारी भी हो जाती है, परंतु जहां ढील देने का मन होता है या ऊपर से ढील देने के 'निर्देश' होते हैं, वहां विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी जैसे आर्थिक अपराधियों को देश छोड़ कर भाग जाने का मौका भी दे दिया जाता है। यदि जांच एजेंसियां वास्तव में संगीन अपराधों को गंभीरता से लें तो उन्हें देश में लंबित पड़े सैंकड़ों मामलों में तेजी दिखानी चाहिए। केवल चुनिंदा मामलों में तेजी दिखाने से जांच एजेंसियों पर सवाल तो उठेंगे ही। अब बनी खॅड के मामलों को ही लें तो पिछली लोक सभा में एक सवाल का उत्तर देते हुए भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड ने बताया था कि 31 मार्च 2022 को खत्म होने वाले वित्तीय वर्ष में 'टॉप 50 विल्फुल लोन डिफॉल्टरों' ने बैंकों के साथ 5,40,958 करोड़ धोखाधड़ी की है, परंतु सीबीआई, ईडी व इनकम टैक्स विभाग ने इन मामलों में काफी ढुलमुल रवैया अपनाया। मिसाल के तौर पर लोक सभा में दिए गए इसी उत्तर में देश के 'टॉप 50 विल्फुल लोन डिफॉल्टरों' की सूची में छटे नंबर पर एक नाम 'खॅस्ट इंटरनेशनल लिमिटेड' का भी है। सूची के अनुसार इनके बैंक खॅड की रकम 3311 करोड़ है। इस कंपनी पर 14 बैंकों के एक समूह के साथ धोखाधड़ी का आरोप है।



गौरतलब है कि बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक ने 2020 में उदय देसाई और 13 अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई में धोखाधड़ी के मामलों की एफआईआर लिखवाई थी, परंतु इस मामले की जांच कर रही एजेंसियां किन्हीं कारणों से इस गंभीर मामले में फुर्ती नहीं दिखा रही हैं। 2020 में जब इस मामले की एफआईआर दर्ज हुई थी तब यह मामला नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के 13,000 करोड़ के बैंक खॅड मामले के बाद दूसरा सबसे बड़ा मामला था, लेकिन इतने संगीन मामले के अपराधी आज तक खुले घूम रहे हैं। वहीं इससे कई छोटे अपराध के मामले में यदि अपराधी जमानत लेता है तो जांच एजेंसियां इसका विरोध करने हाई कोर्ट पहुंच जाती हैं। ऐसे में देश की शीर्ष अदालत के आदेश के बाद जांच एजेंसियों द्वारा अपनाए गए दोहरे मापदंड का भी पदार्फाश होता है। इसलिए जांच एजेंसियों को संगीन मामलों में फुर्ती दिखानी चाहिए न कि चुनिंदा मामलों में जमानत का विरोध कर सुप्रीम कोर्ट की लताड़ का सामना करना चाहिए।

## दुनिया की 73.3 करोड़ आबादी खाली पेट सोने को मजबूर, पिछले 5 वर्षों में 233 करोड लोग कुपोषण के शिकार

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र संघ की पांच एजेंसियों द्वारा रिपोर्ट जारी की गई है। द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन 2024 की रिपोर्ट में विश्व खाद्य सुरक्षा की स्थिति पर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। कॉविड-19 के पहले जो स्थिति थी। उससे भयावह स्थिति में 2024 मे हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में हर 11 इंसान मे 1 इंसान खाली पेट सोने के लिए मजबूर हो गया है। दुनिया के देशों में 73.3 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिल पा रहा है। इतनी बड़ी आबादी अल्प पोषण के शिकार है। 2019 में ऐसे लोगों की संख्या मात्र 15.2 करोड़ थी। संयुक्त राष्ट्र संघ की इस रिपोर्ट में अफ्रीका के देशों की स्थिति इसमें सबसे ज्यादा खराब है। यहां हर पांचवा व्यक्ति भुखमरी का शिकार है। दुनिया की नामी गिरामी कंपनियों द्वारा जिस तरह से खाद्य पदार्थों विक्रय किये जा रहे हैं। उनके 90 फ़ीसदी उत्पाद कुपोषण को बढ़ाने वाले साबित हो रहे हैं। पेकफूड के उत्पाद कुपोषण बढ़ा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 233 करोड़ आबादी को पर्याप्त भोजन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। भोजन प्राप्त करने के लिए उन्हें नियमित रूप से संघर्ष करना पड़ रहा है। दुनिया के 86.4 करोड़ लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा से गुजर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार सारी दुनिया के देश कुपोषण के मामले में 2008-09 की तुलना में काफ़ी नीचे चले गए हैं। पिछले 15 वर्षों में हालत में सुधार होने थे। उससे भी खराब स्थिति में दुनिया के देश पहुंच गए हैं। दुनिया के लिए यह चिंता का सबसे बड़ा विषय बन गया है।

## उत्तरी जापान में बाढ़ व भूस्खलन से सैकड़ों लोग बेघर, शरण लेने को मजबूर

टोक्यो। देश ही नहीं इस बार बारिश ने कई दशों में तबाही मचा रखी है। उत्तरी जापान में भी भारी बारिश के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से आवागमन बाधित हो गया है और सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। जापान मौसम विभाग ने यामागाटा और अकिता प्रांत के कई शहरों के लिए चेतावनी जारी की है। इन शहरों में अब तक गर्म हवाएं चलने के कारण उमस से लोग परेशान थे। जापानी पीएम फूमियो किशिदा ने प्रभावित इलाकों के लोगों से मौसम संबंधी जानकारियों पर लगातार नजर बनाए रखने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। अकिता प्रांत के युजावा शहर में एक व्यक्ति सड़क निर्माण स्थल पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक युजावा में बचाव कर्मियों ने नाव की मदद से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से 11 प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाला है। यामागाटा प्रांत में सबसे त्यादा प्रभावित युजा और सकाटा कस्बों में एक घंटे में चार इंच से ज्यादा बारिश हुई। क्षेत्र के हजारों लोगों को ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी गई। हालांकि, शरण लेने वाले लोगों की संख्या के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है। पूर्वी जापान यामागाटा शिंकानसेन बुलेट ट्रेन सेवाएं आंशिक रूप से निलंबित कर दी गईं हैं। यहां भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया और लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया।

## साइबर हमले के लिए उत्तर कोरियाई का हैकर जिम्मेदार !



वाशिंगटन। संघीय अभियोजकों ने घोषणा की कि उत्तर कोरिया की सैन्य खुफिया एजेंसियों में काम करने वाले एक व्यक्ति पर अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की साइबर सेल में सेंध लगाने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि कंसास में एक 'ग्रैंड जूरी' ने रिम जोंग ह्योक को हिरासत में लिया है जिस पर फिरौती के पैसे को वैध बनाने और उस धन का इस्तेमाल दुनिया भर में रक्षा, प्रौद्योगिकी और सरकारी संस्थाओं पर अतिरिक्त साइबर हमलों के लिए करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर हैकिंग के कारण मरीजों के उपचार में बाधा आई।

## पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इमरान की पार्टी के 39 सदस्यों को माना सांसद



इस्लामाबाद। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आरक्षित सीटों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इमरान खान की पार्टी के 39 निर्वाचित उम्मीदवारों को सांसद के तौर पर अधिसूचित किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को महिलाओं और गैर-मुस्लिमों के लिए नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओं में आरक्षित सीट हासिल करने के योग्य घोषित किया था। पीटीआई को संसदीय दल घोषित करने के बाद बड़ी राहत मिली थी। अधिकतर जजों ने पाया कि चुनाव आयोग ने उल्लेखित नेशनल असेंबली के पीटीआई के 80 में से 39 सदस्य पार्टी से संबद्ध हैं। शेष 41 सदस्यों को 15 दिन में चुनाव आयोग को बताना होगा कि उन्होंने आठ फरवरी का आम चुनाव पीटीआई के उम्मीदवार के तौर पर लड़ा था। आयोग ने पिछले सप्ताह कोर्ट के आदेश के पालन का फैसला किया था।

## हर साल डूबने से करीब 236,000 लोगों की मौत... डब्ल्यूएचओ का आंकड़ा

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की दक्षिण पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने बताया कि दुनिया भर में हर साल डूबने से करीब 236,000 लोगों की मौत होती है। यह आंकड़ा प्रतिदिन 350 या प्रति घंटे 26 है। हर साल 25 जुलाई का दिन वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेंशन डे के रूप में मनाया जाता है। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा, 2019 में दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में डूबने से 70,034 लोगों की जान चली गई, इससे यह दुनिया भर में डूबने से होने वाली मौतों में दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बन गया। उन्होंने कहा, डूबना एक अचानक और खामोश मौत है। अधिकांश घटनाएं निगरानी की कमी, खतरनाक जल निकायों के संपर्क में आने, अपर्याप्त जागरूकता और गरीबी के कारण घरों के पास होती हैं। वाजेद ने कहा कि इसके लिए कई निवारक उपाय मौजूद हैं जो इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वाजेद ने कहा, डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम में हम सभी की भूमिका आवश्यक है, चाहे जागरूकता बढ़ानी हो, प्रभावी समाधानों के बारे में जानकारी को बढ़ावा देना हो, स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारों के साथ रोकथाम योजनाओं और नीतियों पर सहयोग करना हो, संबंधित संगठनों के साथ स्वयं सेवा करनी हो या पानी के आसपास व्यक्तिगत और पारिवारिक सुरक्षा सुनिश्चित करनी हो, हममें से हर कोई इसमें बदलाव ला सकता है।





कनाडा के टूरिस्ट शहर जेसपर में जंगल की आग पहुंच गयी जिसके बाद दमकलकर्मयों को लोगों को बचाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।

## हैरिस की नेतन्याहू को दो टूक... गाजा में मासूमों की हत्या पर चुप नहीं रहूंगी

वॉशिंगटन। अमेरिका में जारी राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कमला हैरिस से मुलाकात की। मुलाकात में कमला हैरिस ने हमास के द्वारा बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिकों के मुक्त करवाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने नेतन्याहू को दो टूक कहा कि गाजा में मासूमों की हत्या पर वे चुप नहीं रहेंगी। उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि तत्काल बातचीत के जरिए युद्धविराम की जरूरत है।



नेतन्याहू से मुलाकात के बाद हैरिस ने कहा कि गाजा में युद्धविराम जरूरी है। यहां लाखों की संख्या में मासूमों की जान पर बनी है और वे भुखमरी के शिकार हैं। हैरिस ने कहा कि वह गाजा के लोगों की दिक्कतों को लेकर चुप नहीं रहेंगी। हैरिस ने कहा कि इजरायल को अपने बचाव का अधिकार है लेकिन बीते 9 महीने में जो कुछ भी हुआ वह बेहद खतरनाक और विनाशकारी है। बता दें कि गाजा युद्ध से डेमोक्रेटिक पार्टी में भी इस मामले को लेकर दो धड़े बन गए हैं। हालांकि कमला का बयान पार्टी में बैलेंस बनाने वाला लगता है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस ने कहा कि सभी लोग आतंकवाद, हिंसा, इस्लामोफोबिया और हेट की आलोचना करते हैं। हालांकि मानवता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। गाजा में 20 लाख लोग भुखमरी के शिकार हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने जो बाइडेन से भी मुलाकात की थी।

## भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का आधार है आसियान, लाओस में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर खुलकर बोले जयशंकर

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के लिए, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) उसकी एक्ट ईस्ट नीति और उसके इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण की आधारशिला है। आसियान-भारत के विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए, आसियान उसकी एक्ट ईस्ट नीति और उसके बाद बने इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण की आधारशिला है। हमारे लिए आसियान के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोगों से लोगों के बीच संबंध भी ऐसे ही हैं जिनका हम लगातार विस्तार करना चाह रहे हैं।




उन्होंने कहा कि भारत आसियान को कितनी प्राथमिकता देता है, यह पिछले साल हमारे अपने जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधान मंत्री मोदी की जकार्ता यात्रा से स्पष्ट था। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने 12-सूत्रीय योजना की घोषणा की थी जिस पर काफी हद तक काम किया गया है। उन्होंने कहा कि यह जानना उत्साहजनक है कि भारत-आसियान साझेदारी हर गुजरते दिन के साथ और अधिक आयाम हासिल कर रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा जयशंकर कि लाओस यात्रा का विशेष महत्व है क्योंकि यह वर्ष भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का प्रतीक है, जिसकी घोषणा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में 9वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में की थी।

'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' विभिन्न स्तरों पर विशाल एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक राजनयिक पहल है। भारत एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की परिकल्पना करता है, जो नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर बना हो। आसियान के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया हैं। इससे पहले शुक्रवार को जयशंकर ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष विंस्टन पीटर्स से मुलाकात की और शिक्षा, कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशांत द्वीप समूह और क्रिकेट पर चर्चा की।

## अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स की कब होगी वापसी? नासा ने दिया स्पेस स्टेशन से चिपके बोइंग स्टारलाइनर का अपडेट

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** पिछले डेढ़ महीने से अंतरिक्ष में फंसी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स की वापसी को लेकर नासा ने नया अपडेट दिया है। नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर जुलाई में पृथ्वी पर नहीं लौटेंगे। नासा ने कहा कि उनके बोइंग कैप्सूल में आई दिक्कतों को इंजीनियर के दूर करने तक वे आईएसएस पर ही रहेंगी। स्टारलाइनर टीम अब अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए डेटा की समीक्षा कर रही है। न्यू मैक्सिको में नासा की व्हाइट सैंड्स टेस्ट सुविधा में आरसीएस थ्रस्टर परीक्षण ने मूल कारण मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की और नाममात्र अनडॉक और लैंडिंग के लिए उड़ान तर्क को अंतिम रूप देने में मदद की।

संवाददाता सम्मेलन के दौरान स्टारलाइनर कार्यक्रम प्रबंधक और उपाध्यक्ष मार्क नैप्पी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे पास चालक दल को वापस लाने के लिए एक अच्छा वाहन है। टीम ने इस सप्ताह के अंत में 28 आरसीएस थ्रस्टर्स में से 27 को गर्म करने की योजना बनाई है, जबकि अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में सुरक्षित रूप से डॉक किया गया है। इस परीक्षण का उद्देश्य थ्रस्टर्स के प्रदर्शन को सत्यापित करना और अतिरिक्त हीलियम रिसाव डेटा इकट्ठा करना है, जो 6 जून को अंतरिक्ष यान के आगमन के बाद से स्थिर बना हुआ है।

रवानगी के एक दिन बाद छह जून को 'कैप्सूल' के अंतरिक्ष स्टेशन के पास पहुंचने पर पांच थ्रस्टर में गड़बड़ी आ गई। तब से चार को फिर से चालू किया जा चुका है। स्पेस शटल के सेवा से हटने के बाद, नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की अंतरिक्ष स्टेशन पर आवाजाही के लिए निजी कंपनियों को काम पर रखा है, जिसके लिए बोइंग और स्पेसएक्स को अरबों डॉलर का भुगतान किया गया है। यह बोइंग की पहली परीक्षण उड़ान थी जिसमें चालक दल सवार था। स्पेसएक्स 2020 से मानव को अंतरिक्ष में ले जा रहा है।

## कमला हैरिस अपने प्रतिद्वंदी ट्रंप को हरा देंगी, ओबामा को नहीं है यकीन

### -बराक का सपोर्ट हैरिस की जीत-हार में निभा सकता है बड़ा रोल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव जोर पकड़ता जा रहा है और सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस इस चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराने के लिए जी जान से जुटी हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने खुद इस चुनाव से पीछे हटते हुए कमला हैरिस को सपोर्ट किया है और आज फिर उनकी तारीफ करते हुए उन्हें वोट देने की अपील की।

बाइडन के इस ऐलान के बाद ज्यादातर डेमोक्रेट्स नेता तुरंत ही हैरिस के पीछे खड़े हो गए। हालांकि इसमें सबसे खटकने वाली बात यह है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अब तक उन्हें लेकर कोई बयान नहीं दिया है। एक रिपोर्ट में बाइडन परिवार के एक करीबी सूत्र ने बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को यकीन नहीं है कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस रिपब्लिकन प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप को हरा पाएंगी। इसलिए उन्होंने इस चुनाव में हैरिस का समर्थन करने से परहेज किया है। वैसे डेमोक्रेट्स समर्थकों में बराक ओबामा की आज भी काफी अपील मानी जाती है। ऐसे में उनका सपोर्ट हैरिस की जीत-हार में बड़ा रोल निभा सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओबामा परेशान हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि कमला हैरिस जीत नहीं सकती हैं, इसमें यह भी कहा गया है कि वह अयोग्य हैं। वह आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। हालांकि अमेरिकी इतिहास में यह पहला मौका था, जबकि राष्ट्रपति चुनाव से इतने दिन पहले टीवी डीबेट रखा गया। आमतौर पर ऐसे डीबेट चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में होते हैं। वहीं बाइडन समर्थन का दावा है कि मौजूदा राष्ट्रपति को रेस से बाहर करने के लिए जानबूझकर यह किया गया था। बाइडन परिवार के करीबी सूत्र ने आशंका जताई कि ट्रंप के खिलाफ टीवी डीबेट में हैरिस भी नहीं टिक पाएंगी। उन्होंने शक जताया कि इजरायल, फिलिस्तीन और यूक्रेन जैसे मुद्दों पर वह गलत बयान दे सकती हैं। अपनी बात रखते हुए ही वो कोई न कोई गलती कर बैठेंगी।

## म्यांमार के एनएसए से मिले अजीत डोभाल, द्विपक्षीय बैठक में हुई अहम बातचीत

**(एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और उनके म्यांमार समकक्ष एडमिरल मो आंग के बीच एक बैठक में म्यांमार में हिंसा और अस्थिरता के परिणामों के बारे में भारत की चिंताओं पर चर्चा हुई। डोभाल बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के लिए म्यांमार में हैं। यह 2021 में जुंटा द्वारा तख्तापलट के बाद किसी वरिष्ठ भारतीय पदाधिकारी की म्यांमार की पहली यात्राओं में से एक है। पिछले साल अक्टूबर में कई सशस्त्र समूहों द्वारा समन्वित आक्रमण शुरू करने के बाद से जुंटा को प्रतिरोध बलों और लोगों की रक्षा बलों के हाथों अपमानजनक सैन्य हार का सामना करना पड़ा है।




आक्रामक को जुंटा के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि 1 फरवरी, 2021 को तख्तापलट में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से म्यांमार में व्यापक हिंसा देखी जा रही है। चूंकि प्रतिरोध बलों ने सैन्य पदों पर कब्जा कर लिया है और प्रमुख व्यापारिक पदों पर कब्जा कर लिया है। भारत, बांग्लादेश और चीन से लगी सीमाओं पर, पूर्वोत्तर राज्यों पर पड़ने वाले असर को लेकर नई दिल्ली में चिंताएं बढ़ गई हैं। म्यांमार में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डोभाल बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो शुक्रवार को नेपीता में हो रही है।

भारतीय दूतावास ने कहा कि उन्होंने म्यांमार के एनएसए एडमिरल मो आंग से मुलाकात की, और बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों ने प्रधान मंत्री वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की। डोभाल की अपने म्यांमार समकक्ष के साथ बैठक में म्यांमार में सुरक्षा स्थिति के बारे में भारत की चिंताओं पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने म्यांमार में हिंसा और अस्थिरता का भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों पर प्रभाव को उठाया।

## नाटो देशों की तरह भारत को टेक्नोलॉजी और हथियार मुहैया कराएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** वॉशिंगटन(ईएमएस)। बीते रोज अमेरिकी सीनेट में लाए गए विधेयक में कहा गया है कि भारत की सुरक्षा के लिए अमेरिका को तत्पर रहने की जरुरत है। पाकिस्तान से आ रहा आतंकवाद और चीन से जुड़े सीमा विवाद जैसे मुददों पर भारत का सहयोग करना चाहिए। साथ ही प्रस्तावित विधेयक में ये भी कहा गया है कि अमेरिकी सरकार को भारत के साथ ठीक वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा कि वह अपने शीर्ष सहयोगियों के साथ करता है। जिस तरह अमेरिका नाटो के सहयोगियों के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और उनकी संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं ठीक वैसे ही हमें भारत के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

विधेयक को प्रस्तुत करने के बाद रुबियो ने कहा,कम्युनिस्ट चीन लगातार अपनी विस्तारवादी नीति से इंडो पैसेफिक में अपनी सीमाओं का विस्तार करने की कोशिश कर रहा है। इस क्षेत्र में चीन की इन हरकतों को सुधारने के लिए हमें भारत के साथ-साथ अपने सभी सहयोगियों की हरसंभव मदद करने की जरूरत है।

रुबियो द्वारा लाया गया यह बिल भारत और अमेरिका के रिश्तों को आगे बढ़ाने में भूमिका निभा सकता है लेकिन इस समय अमेरिका में चुनावी महौल है। समय की कमी और कांग्रेस के आपसी विभाजन के कारण इस विधेयक के आगे बढ़ने की संभावना न के बराबर है। लेकिन इस बात से यह साफ है कि अमेरिका की दोनों पार्टियां भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने को महत्व देती हैं। ऐसे में इस बिल को अगली कांग्रेस में फिर से पेश किया जा सकता है। विधेयक में कहा गया कि कम्युनिस्ट चीन का मुकाबला करने के लिए भारत और अमेरिका की साझेदारी महत्वपूर्ण है। ऐसे में हमें अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली के साथ अपने रणनीतिक, राजनयिक, आर्थिक और सैन्य संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही इस विधेयक के अनुसार, अमेरिका भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए बढ़ते खतरों के जवाब में उसका समर्थन करेगा। और भारत के विरोधियों को रोकने के लिए भारत की हर संभव मदद भी करेगा इसके साथ ही वह अमेरिका रक्षा,नागरिक अंतरिक्ष के संबंध में भारत के साथ सहयोग करेगा।

पाकिस्तान को इस मामले में दो टूक कह देंगे कि यदि वह भारत के खिलाफ किसी भी तरह के आतंक में शामिल होता है तो उसको मिल रही तमाम सहायता और सुरक्षा को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाएगा। यह पहली बार है जब अमेरिकी कांग्रेस में इस तरीके का भारत-केंद्रित विधेयक पेश किया गया हो, जिसमें भारत को अपने नाटो सहयोगी के स्थान पर रखने और काट्सा प्रतिबंधों से छूट देने और भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध की बात कही गई हो।



इस कानून के पारित होने के बाद, यह भारत को रूसी सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए सीएटीएसए प्रतिबंधों से एक सीमित छूट प्रदान करेगा जो वर्तमान में भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाते हैं। इसके साथ ही कांग्रेस जल्दी से जल्दी भारत की जरूरतों के हिसाब से सैन्य हथियार और सेवाओं को तैयार करने में और उनकों भारत तक पहुंचाने में अपनी भूमिका को निभाएगा। विधेयक के अनुसार यह अमेरिका के हित में हैं कि भारत के पास खतरों को रोकने की आवश्यक क्षमताएं हों। इस लिए भारत के साथ भी नाटो सहयोगियों जैसा व्यवहार करना चाहिए, जिसमें साथी देशों को हथियारों के साथ-साथ टेक्नोलॉजी भी प्रदान की जाती है। भारत के साथ एक समझौता किया जाए और उसे दो वर्षों के लिए अतिरिक्त सैन्य सामग्री देना चाहिए।



# शादी अटेंड करने के बाद प्रियंका ने शुरु किया पुनः काम

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के बाद इंटरनेशनल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने फिर से काम शुरू कर दिया है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एक के बाद एक कमाल के प्रोजेक्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। द ब्लफ के सेट से उनकी कई तस्वीरें सामने आई हैं और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। पीसी के लुक ने ही लोगों को हैरान कर दिया है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों द ब्लफ की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म के सेट से एक्ट्रेस के नए लुक की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फ्रैंक ई टावर्स की पीरियड एक्शन फिल्म द ब्लफ में वह एक समुद्री डाकू का किरदार निभा रही हैं। लीक हुई तस्वीरों में वह एक समुद्री डाकू जहाज पर एक सीक्वेंस के बीच में नजर आ रही हैं। वह ब्लैक स्पेगेटी पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने बाल भी अजीबोगरीब तरीके से कटवाए हैं और यह हेयरस्टाइल अब चर्चा का विषय बन गया है। इस रोल के लिए प्रियंका ने अपने लंबे बालों से अलग हेयरस्टाइल अपनाया है। उन्हें पहली बार मोहॉक के साथ देखा जा सकता है, जो 19वीं सदी के कैरिबियन समुद्री डाकू के रूप में उनके लुक को और निखार रहा है। इंस्टाग्राम यूजर्स इस लुक से इतने उत्साहित हो गए कि उनमें से एक ने कमेंट सेक्शन में यह भी पूछ लिया, 'क्या यह पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन पीरियड में है या कुछ अलग है?' फैन अकाउंट ने जवाब दिया, 'हां। यह 1800 के दशक में कैरेबियन आइलैंड में है।' एक अन्य ने पूछा कि प्रियंका ऑस्ट्रेलिया में कब तक फिल्मांकन करने वाली हैं, जिस पर फैन अकाउंट ने जवाब दिया, 'मुझे नहीं पता कि प्री शूटिंग खत्म होने तक रुकेगी या नहीं, क्योंकि उसने पहले शुरू कर दिया है, अगस्त के अंत तक सामान्य शूटिंग की जाएगी। बता दें, प्रियंका चोपड़ा जल्द ही द ब्लफ और हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आएंगी। इसके अलावा वह जी ले जरा से भी बॉलीवुड में वापसी करने के लिए तैयार हैं।



# साउथ से मिल रहे ऑफर्स, लेकिन बालीवुड से नहीं: नेहा धूपिया

बालीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि साउथ इंडस्ट्री से उन्हें काम मिल रहा है, लेकिन बॉलीवुड में नहीं। एक इंटरव्यू के दौरान नेहा धूपिया ने बताया कि वह पिछले 22 साल से स्ट्रगल कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अच्छी फिल्मों के लिए पिछले 22 सालों से संघर्ष कर रही हूं। मेरी कुछ फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया। वहीं, कुछ फिल्मों को कम ऑडियंस मिली। एक चालीस की लास्ट लोकल, मिथ्या और अ थर्सडे ऑडियंस को बहुत पसंद आईं। लोगों ने खुद कहा कि उन्हें मेरा काम बहुत अच्छा लगा।' नेहा धूपिया ने आगे बताया, पिछले तीन महीने में मुझे बैक-टू-बैक 2 फिल्में मिली हैं, लेकिन आखिरी बार मुझे कब किसी हिंदी फिल्म का ऑफर मिला, ये याद नहीं है। इंडस्ट्री बुरे दौर से गुजर रही है।' नेहा धूपिया का कहना है कि काम मांगना कोई बुरी बात नहीं है। अगर आप बाहर जाकर किसी से काम मांग रहे हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन जो लोग काम देते हैं, वे इंडस्ट्री की मैथ को लेकर खुद स्ट्रगल कर रहे हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो नेहा धूपिया की हाल ही में फिल्म 'बैड न्यूज' रिलीज हुई है, जिसमें उन्होंने विक्की कौशल, एमी विर्क और तृप्ति डिमरी के साथ काम किया है। 'बैड न्यूज' में नेहा धूपिया ने मालिनी शर्मा का रोल निभाया है, जिसे ऑडियंस से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म अच्छा कलेक्शन कर रही है। 19 जुलाई को रिलीज हुई 'बैड न्यूज' का डायरेक्शन आनंद तिवारी ने किया है। बता दें कि नेहा धूपिया बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह पिछले दो दशकों से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। नेहा धूपिया ने साल 2003 में तेलुगु फिल्म इश्तापडानू से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। उसी साल उन्होंने 'कयामत' फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया।



# हिमेश ने अपन जन्मदिन पर किया नई फिल्म का ऐलान

बालीवुड के सिंगर, म्यूजिक डायरेक्टर और एक्टर हिमेश रेशमिया ने 23 जुलाई को अपना 51वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया और देर रात नई फिल्म की घोषणा भी की। हिमेश रेशमिया ने अपनी नई फिल्म जानम तेरी कसम लेकर आ रहे है। सिंगर ने फिल्म के ऐलान के साथ-साथ इसका एक पोस्टर और सॉन्ग टीजर भी जारी किया। इसके अलावा, फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। यह फिल्म 2025 में दशहरे के मौके पर रिलीज होगी। हिमेश ने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद! जानम तेरी कसम एक दर्दभरी प्रेम कहानी है। राव और सप्रू फिल्म्स के सहयोग से हिमेश रेशमिया मेलोडीज द्वारा निर्मित यह फिल्म दशहरा 2025 पर रिलीज होगी। इस फिल्म को राधिका राव और विनय सप्रू डायरेक्ट करेंगे। फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर करते हुए हिमेश ने इंस्टा पर एक और पोस्ट शेयर किया, इस पर रील्स बनाने की अपील की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिस दर्द में आराम है... इश्क उसी का नाम है... जानम तेरी कसम के टाइटल ट्रैक पर अपनी खुद की रील बनाएं सिंगर के करियर की बात करें तो हिमेश रेशमिया ने म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर 1998 में प्यार किया तो डरना क्या से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में संगीत दिया, जिसमें हेलो ब्रदर, दुल्हन हम ले जाएंगे, बंधन और तेरे नाम शामिल हैं। झलक दिखला जा, आशिक बनाया आपने, आप की कशिश, नाम है तेरा तेरा जैसे कई हिट गानों के जरिए उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। हिमेश ने एक्टिंग में भी किस्मत आजमाई। उन्होंने साल 2007 में फिल्म आप का सुरूर से बॉलीवुड में एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद वह फिल्म कर्ज में नजर आए। उन्होंने रेडियो, कजरारे, दमादम, द एक्सपॉज, तेरा सुरूर, खिलाड़ी 786 और हैप्पी हार्डी एंड हीर जैसी फिल्मों में काम किया। वह जल्द ही बडास रवि कुमार और जानम तेरी कमस में नजर आएंगे। बता दें कि हिमेश रेशमिया इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम है। उन्होंने बॉलीवुड में नाम कमाने के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। वह उन सितारों में से एक हैं, जिन्होंने सिंगिंग के अलावा एक्टिंग में भी अपना जलवा बिखेरा।

# दृष्टि धामी अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में

छोटे परदे की एक्ट्रेस दृष्टि धामी अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर खूब चर्चा में हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस ने अपनी मैटरनिटी फोटोशूट शेयर करते हुए अपने फैंस को खुशखबरी दी थी कि वह मां बनाने वाली हैं। मधुबाला के नाम से भी जानने वाली एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर



सामने है, जिसमें आप उन्हें प्रेग्नेंसी के दौरान खुद का बहुत ही अनोखे तरीके से ध्यान रखते हुए देख सकते हैं। वहीं मॉम टू बी दृष्टि धामी का ये हेवी वर्कआउट वीडियो देख कुछ लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं तो कुछ उनकी चिंता करते हुए अलग-अलग तरह की फिटनेस टिप्स दे रहे हैं। दृष्टि धामी ने अपने इंस्टाग्राम जो वर्कआउट वीडियो शेयर किया है वो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इतना ही नहीं लोगों के बीच खूब चर्चा में भी बना हुआ है। हाल ही में एक मजेदार वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने अपनी पहली प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। 40 साल की उम्र में मां बनने जा रहीं दृष्टि धामी का प्रेग्नेंसी वर्कआउट लोगों को बहुत पसंद आ रहे है। इंस्पायर करती नजर आ रही हैं। वहीं कुछ लोग एक्ट्रेस को इस तरह एक्सरसाइज करता देखने के बाद कुछ सेकंड के लिए घबरा गए। इस वीडियो में एक्ट्रेस का प्रेग्नेंसी ग्लो साफ दिखाई दे रहा है। दृष्टि धामी ने ये वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, कुकिंग अप बेबी... जिम में प्रेग्नेंसी के दौरान और हेल्थी होने के लिए... चिंता न करें, मेरे पास इन रिप्स के लिए डॉक्टर का नोट है। बता दें कि दृष्टि धामी के वर्कआउट वीडियो के कमेंट बॉक्स में यूजर्स उनकी चिंता करते हुए सलाह दे रहे हैं कि ऐसे हेवी वर्कआउट करने की जगह आप योग करें। योग से भी आपका बेबी हेल्थी होगा। वहीं कुछ स्टार्स दृष्टि के फिट रहने के जज्बा को देख उनके कायल हो गए हैं।

# जान्हवी ने फिल्म उलझ के गाने का टीज़र किया शेयर



बालीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपकमिंग फिल्म उलझ के पहले गाने का टीज़र अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। प्रशंसक पूरा गाना देखने का इंतज़ार कर रहे थे। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए निर्माताओं ने फिल्म का पूरा गाना रिलीज़ कर दिया है। उलझ के पहले ट्रैक का नाम शौकन है और यह एक पेपी ट्रैक है। गाने को जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव ने गाया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। उलझ फिल्म में जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू जैसे कलाकार हैं। गाने में जान्हवी और गुलशन की केमिस्ट्री ज़बरदस्त है और यह कहना गलत नहीं होगा कि दर्शकों को एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी मिल गई है। न केवल केमिस्ट्री बल्कि प्रशंसक जेके के डांस मूव्स और स्क्रीन प्रेजेंस की भी प्रशंसा कर रहे हैं। कई प्रशंसक अभिनेत्री के लिए टिप्पणी अनुभाग में प्यार बरसाने से खुद को रोक नहीं पाए। एक उपयोगकर्ता ने लिखा, जान्हवी और यह गाना, परफेक्ट कॉम्बो!, एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी की, जान्हवी का नया गाना, शानदार होने वाला है! जबकि, कई लोगों ने गायक जुबिन नौटियाल और नेहा कक्कड़ की भी इतनी अच्छी तरह से गाने के लिए प्रशंसा की। हाल ही में 16 जुलाई को फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज हुआ। दर्शक जाह्नवी कपूर को सुहाना नाम की लड़की की भूमिका निभाते हुए देखेंगे, जो लंदन दूतावास में एक महत्वपूर्ण काम पर काम करते हुए एक खतरनाक निजी साजिश में फंस जाती है। वह अपने काम के जटिल मुद्दों का सामना करती है, जो उसके करियर को परिभाषित करेगा, और खुद को अपनी विरासत के बोझ तले और धोखाधड़ी के जाल में फंसा हुआ पाती है, जहां कोई भी साथी दुश्मन बन सकता है। डार्लिंग्स में काम कर चुके रोशन मैथ्यू और बधाई दो के अभिनेता गुलशन देवैया भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। आगामी फिल्म उलझ एक भारतीय हिंदी भाषा की जासूसी थ्रिलर फिल्म है। इसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया ने निर्देशित किया है। फिल्म में राजेश तैलंग और आदिल हुसैन जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे।उलझ 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। जंगली पिक्चर्स के तहत विनीत जैन ने इस फिल्म का निर्माण किया है।

# जूनियर एनटीआर की झोली में है देवरा, वॉर 2 और ड्रैगन...

सुपरस्टार जूनियर एनटीआर आगामी 18 अगस्त को फिल्म वॉर 2 का दूसरा शेड्यूल शुरू करने के लिए मुंबई आएंगे। इस फिल्म के जरिए वह बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। जल्द ही फिल्म का दूसरा शेड्यूल शुरू करेंगे। वॉर 2 को अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। एक्टर की झोली में इस वक्त तीन बड़ी फिल्में हैं- देवरा, वॉर 2 और ड्रैगन... देवरा फिल्म में एक्शन और ड्रामा देखने को मिलेगा। इसको कोराताला शिवा डायरेक्ट कर रहे है। इसमें वह देवराजू या देवरा का किरदार निभाते दिखाई देंगे। उनके अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर नजर आएंगी, जो इस फिल्म के जरिए तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। वहीं सैफ अली खान विलेन के रोल में दिखाई देंगे। इनके अलावा, फिल्म में प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, नरैन, मीरा जैस्मिन सहित कई सितारे हैं। यह हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। एक सूत्र ने कहा, जूनियर एनटीआर वॉर 2 का दूसरा शेड्यूल शुरू करने से पहले देवरा से जुड़े सभी कामों को पूरा कर रहे हैं। वह बड़े एक्शन सीक्वेंस का प्लान बनाकर एक शानदार शुरुआत करेंगे। अयान वॉर 2 में जूनियर एनटीआर को पहले कभी न देखे गए अवतार में पेश करने जा रहे हैं, और इस शेड्यूल में निर्देशक उन हिस्सों को फिल्माते हुए दिखाई देंगे। सूत्र ने आगे बताया, जूनियर एनटीआर पैन-इंडिया सुपरस्टार हैं, और अयान अच्छे से जानते हैं कि वॉर 2 में उन्हें किस अवतार में पेश करना है, ताकि दर्शकों को आकर्षित किया जा सके। ऐसा करने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जूनियर एनटीआर 18 अगस्त को मुंबई में इसका दूसरा शेड्यूल शुरू करेंगे। वॉर 2 2019 की ब्लॉकबस्टर वॉर का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन ने मेजर कबीर धालीवाल की भूमिका निभाई थी, जो एक दुष्ट रॉ एजेंट है और एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था, जो पठान और फाइटर के लिए जाने जाते हैं। 2019 में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की फिल्म वॉर ब्लॉबस्टर हिट रही। इसमें ऋतिक रोशन ने मेजर कबीर धालीवाल की भूमिका निभाई थी, जो एक रॉ एजेंट है और एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ डबल रोल में हैं।



# अगली फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे आयुष्मान



वैम्पायर्स ऑफ विजयनगर की शूटिंग पूरी करने के बाद बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना राज शांडिल्य की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। साल 2019 में आयुष्मान ने पहली बार राज शांडिल्य के साथ मिलकर एक बेहतरीन कॉमिक एंटरटेनर, ड्रीम गर्ल बनाई और यह फिल्म हिट साबित हुई, जो अभिनेता की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। 4 साल बाद, फिल्म को एक फ्रैंचाइज़ी में बदल दिया गया और सीक्वल भी बड़े पर्दे पर एक बड़ी हिट साबित हुआ। जानकारी के अनुसार, राज ने एक मजेदार पारिवारिक कॉमेडी लिखी है और आयुष्मान ने इस फिल्म में काम करने में अपनी रुचि दिखाई है। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, यह फिल्म एक स्टैंडअलोन कॉमेडी फिल्म है, न कि ड्रीम गर्ल 3। राज एक हटके कॉमिक एंटरटेनर लिख रहे हैं और आयुष्मान फिल्म के मूल विचार से प्रभावित हैं। एक महीने में फिल्म की कहानी पूरी हो जाएगी, उसके बाद कहानी सुनाई जाएगी। राज फिलहाल विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में व्यस्त हैं, वहीं आयुष्मान करण जौहर और गुनीत मोंगा द्वारा निर्मित अभी तक बिना शीर्षक वाली कॉमेडी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इसके बाद वह अक्टूबर में दिनेश विजान के लिए वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर में काम करेंगे। सूत्र ने कहा, शूटिंग की टाइमलाइन को लेकर दोनों ही टैलेंट एकमत हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ, तो अभी तक बिना शीर्षक वाली कॉमिक कैपर मार्च-2024 तक फ्लोर पर आ जाएगी, जब वे अपनी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा कर लेंगे। बता दें कि दो बैक-टू-बैक सफ़लताओं के साथ, आयुष्मान और राज के बीच एक तालमेल विकसित हुआ है। अब यह जोड़ी अपने तीसरे सहयोग के लिए बातचीत कर रही हैं।

# साउथ के डायरेक्टर बच्चन फेमिली के साथ बनाना चाहते थे अनारकली



साउथ के एक जाने-माने प्रोड्यूसर अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या, जया और अभिषेक को लेकर इतिहास रचने वाली फिल्म 'मुगल ए आजम' का रीमेक बनाना चाहते थे। लेकिन मेहुल कुमार ने उन्हें बताया कि ये फिल्म सफल नहीं हो पाएगी। साल 1960 में दिलीप कुमार और मधुबाली स्टारर फिल्म मुगल ए आजम एक ऐसी फिल्म थी, जिसे बनने में सालों लग गए थे।

रिलीज के बाद इस फिल्म ने तो इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाया था। दिलीप कुमार और मधुबाला की जोड़ी ने लोगों को दीवाना बना दिया था। फिल्म पर मेकर्स ने पानी की तरह पैसा बहाया था। सिर्फ एक गाने को ही फिल्माने में 10 लाख रूपए खर्च किए गए थे। फिल्म को न सिर्फ क्रिटिक्स की सराहना मिली थी, बल्कि दर्शकों का भी खूब प्यार मिला था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिल्म को दोबारा बनाया जा रहा था जिसमें अमिताभ बच्चन का पूरा परिवार नजर आने वाला था। एक इंटरव्यू में फिल्ममेकर मेहुल कुमार ने खुद इस बात का खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि साउथ इंडस्ट्री के एक बड़े प्रोड्यूसर मेरे पास इस फिल्म का रीमेक बनाने का आइडिया लेकर आए थे। वो इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जया, अभिषेक और ऐश्वर्या राय बच्चन को कास्ट करना चाहते थे। अमिताभ को अकबर, जया को जोधा बाई, अभिषेक बच्चन को सलीम और ऐश्वर्या को अनारकली के किरदार में पेश करना चाहते थे।'

मेहुल ने इस बात का भी खुलासा किया कि प्रोड्यूसर ने इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन से भी संपर्क किया था। लेकिन बिग बी ने कहा कि वह पहले मुझसे यानी मेहुल कुमार से ही बात कर लें। मैंने उस वक्त उन्हें समझाया था कि 'मुगल ए आजम की जगह इंडस्ट्री की कोई दूसरी फिल्म नहीं ले सकती। यह आइडिया हिट नहीं हो पाएगा, क्योंकि ऑडियंस इस फिल्म को ओरिजनल फिल्म से जरूर कंपेयर करेंगे। वो एक इतिहास रचने वाली फिल्म थी।' बता दें कि 'मुगल-ए-आजम' बॉलीवुड की क्लासिक कल्ट फिल्म मानी जाती है। जब कभी भी हिंदी सिनेमा की इतिहास रचने वाली फिल्मों का जिक्र होता है तो 'मुगल-ए-आजम' का जिक्र जरूर होता है।

# महिला एशिया कप - भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी



**दांबुला (एजेंसी)।** रेणुका ठाकुर ओर राधा यादव की शानदार गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना के लगाये अर्धशतक की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला एशिया कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारत की ओर से मंधाना ने 55 जबकि शैफाली वर्मा ने 26 रन बनाये। इस मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 80 रनों पर रोकने के बाद एक भी विकेट गंवाये बिना जीत के लिए मिला 81 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम की जीत में तेज गेंदबाज रेणुका और स्पिनर राधा की भी अहम भूमिका रही। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट लेकर बांग्लादेश के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। वहीं राधा ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश की ओर से कप्तान निगार सुल्ताना 32 और शोर्ना अख्तर नाबाद 19 रन ही भारतीय गेंदबाजों का कुछ हद तक सामना कर पाये। इनके अलावा अन्य बल्लेबाज विफल रहे।

इस मैच में टॉस जीतकर बांग्लादेश का पहले बल्लेबाजी का फैसला गलत रहा। रेणुका ने पहले ओवर में ही विकेट ले लिया। रेणुका ने दिलारा को आउट कर दिया। उन्होंने अपने अगले दो ओवरों में इश्मा तंजीम और मुर्शिदा खातून को भी पेवेलियन भेज दिया। पावर प्ले में बांग्लादेश की टीम तीन विकेट पर 25 रन ही बना पायी। कप्तान सुल्ताना ने पारी संभालने का प्रयास किया पर वह विफल रहीं। भारतीय गेंदबाजों के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आये।

भारत का क्षेत्ररक्षण भी काफी अच्छा रहा। शेफाली ने छलांग लगाकर एक शानदार कैच पकड़ा। सुल्ताना ने शोर्ना के ने 35 गेंद में 36 रन बनाकर पारी संभालने का प्रयास किया पर इनके आउट होने ही विकेटों की लाइन लग गयी। राधा ने सुल्ताना को आउट कर बांग्लादेश की रही सही उम्मीदें तोड़ दीं।

# श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में एक अहम रिकार्ड बना सकते हैं विराट

**मुम्बई (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ अगले माह होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। विराट इस सीरीज के दौरान ऐसा रिकॉर्ड बना सकते है जो किसी अन्य क्रिकेटर के लिए तोड़ना असंभव की तरह रहेगा। विराट इस सीरीज में 27,000 रन का आंकड़ा पार कर सकते हैं।



विराट के नाम अभी 53.55 की औसत से 26,884 रन हैं। ऐसे में अगर वह श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में 116 रन बनाते हैं तो उनके तीनों प्रारुपों को मिलाकर कुल 27 हजार रन हो जाएंगे। यह वो आंकड़ा है, जो अब तक केवल तीन खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर 34357, कुमार संगकारा 28016 और रिकी पोंटिंग 27483 ही हासिल कर पाये हैं।

आज के दौर के क्रिकेटरों की बात करें तो विराट के अलावा एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जिसने 20,000 रन बनाए हों। वर्तमान समय के क्रिकेटरों में विराट कोहली के बाद जो रूट 19,355 रनों के साथ दूसरे और रोहित 19,077 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं। रूट 33 साल के हैं जबकि रोहित की उम्र 37 साल है। अब अगर ये दोनों खिलाड़ी 40 साल की उम्र तक खेलें तो जो रूट के लिए तो यह संभव है कि वे 27 हजार रन बना लें। रोहित के लिए भी ये काफी कठिन है। रोहित ने अब तक कुल 480 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 43.25 की औसत से 19,077 रन बनाए हैं। उन्हें 27 हजार रन का आंकड़ा हासिल करने के लिए 7923 रन और बनाने होंगे। रोहित को 27 हजार रन तक पहुंचने में करीब चार साल लगेंगे। उनके 40 साल की उम्र तक खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। ऐसे में वह इस रिकार्ड तक नहीं पहुंच सकते।

# शोएब मलिक ने भारतीय टीम से चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आने की अपील की

**लाहौर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावनएं नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भारतीय टीम के मुकाबलों को किसी अन्य जगह पर आयोजित करने की मांग करेगा। शाहिद अफरीदी के बाद अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने भारतीय टीम से पाकिस्तान दौरे पर आने की अपील की है। माना जा रहा है कि दोनो देशों के बीच तनाव को देखते हुए ही सरकार टीम को सुरक्षा कारणों से पाक जाने की अनुमति नहीं देगी। इसी को लेकर पाक खिलाड़ी निराश हैं और भारतीय टीम से दौरे पर आने को कह रहे हैं। अब पूर्व पाक कप्तान शोएब मलिक ने भारतीय टीम से पाकिस्तान आने की अपील करते हुए कहा कि खेल को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिये। मलिक ने कहा कि पाक ने भारत में हुए एकदिवसीय विश्वकप में भाग लिया था। ऐसे में अब भारतीय टीम की बारी है। साथ ही कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो भी परेशानियां हैं, उसे निजी तौर पर हल करना चाहिए। राजनीति को खेल से नहीं जोड़ना चाहिए। साथ ही कहा कि भारतीय टीम के कई खिलाड़ी पाकिस्तान में नहीं खेले हैं तो उनके लिए यह अच्छा मौका होगा। हम बहुत अच्छे लोग हैं। मुझे विश्वास है कि भारतीय टीम यहां जरूर आएगी।



वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय टीम को मनाने का काम आईसीसी पर छोड़ दिया है। आईसीसी की वार्षिक बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम और प्रारूप पर कोई विचार-विमर्श नहीं हुआ था। इसमें आगे बताया गया कि पीसीबी ने आईसीसी पर भारत को राजी करने की जिम्मेदारी छोड़ दी है। पीसीबी ने भारत के सभी मैच लाहौर में रखे हैं, जहां चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल और फाइनल भी खेले जाएंगे।

# सूर्यकुमार की कप्तानी में श्रीलंका के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**पालेकल (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को नये कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम इस दौरे में श्रीलंका से तीन मैच खेलेगी और गंभीर व सूर्या की जोड़ी का लक्ष्य इसमें टीम को जीत दिलाना रहेगा।

गंभीर को राहुल द्रविड़ की जगह कोच बनाया गया है। गंभीर को अब उनके काम को आगे बढ़ाना होगा। गंभीर को इस दौरे में उनकी मांग के अनुसार टीम दी गयी है। ऐसे में उनकी पहली परीक्षा ये दौरा होगा। इस दौर में सूर्यकुमार को कप्तान बनाया गया है जबकि हार्दिक पंड्या इस पद के स्वाभाविक दावेदार माने जा रहे थे। इसके अलावा कई युवा खिलाड़ियों को भी अवसर मिला है।

भारतीय टीम में यह बदलाव पिछले महीने विश्व कप जीतने तथा रोहित, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है। इस सीरीज में उपकप्तानी संभाल रहे शुभमन गिल इसे अपनी जगह पक्की करने के अवसर के रूप में देखेंगे। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और यहां तक ??कि रियान पराग जैसे अन्य खिलाड़ी भी यही चाहेंगे। अक्षर पटेल टीम में जडेजा की जगह लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनके अलावा भारत के पास हार्दिक, शिवम दुबे और



वाशिंगटन सुंदर जैसे बेहतरीन ऑलराउंडर हैं।

इस दौरे में अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है और ऐसे में गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज पर रहेगी। बल्लेबाजी की जिम्मेदारी शुभमन , सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाजों पर रहेगी। वहीं दूसरी ओर मेजबान श्रीलंकाई टीम की राह भी आसान नहीं है। उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। अब उनकी जगह असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका को टीम में लिया गया है।

श्रीलंकाई टीम इस सीरीज में नये कतान चरिथ असलांका और अंतरिम कोच सनत जयसूर्या के मार्गदर्शन में उतरेगी। मेजबान टीम घरेलू हालातों का लाभ उठाकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। उसके पास दासुन शनाका, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। गेंदबाजी की जिम्मेदारी वानिंदु हसरंगा, मथीशा पथिराना जैसे खिलाड़ियों के पास रहेगी।

# जुबिन से मिली सीख का लाभ उठाएंगे हमारे खिलाड़ी : जयसूर्या

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के अंतरिम कोच सनथ जयसूर्या ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा से मिली सीख से उनकी टीम भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। साथ ही कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के नहीं होने से भी उनकी टीम को लाभ होगा। रोहित और विराट ने टी20 विश्वकप के बाद संन्यास ले लिया था। भारत और मेजबान श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज 27 जुलाई से शुरू होगी। जयसूर्या ने कहा कि टीम के लिए जुबिन के साथ छह दिन का कैंप रखा गया था। जयसूर्या ने कहा, 'हमने एलपीएल के तुरंत बाद ही ये कैंप शुरू कर दिया था। इस दौरान अधिकतर खिलाड़ी एलपीएल में खेल रहे थे पर इसके बाद भी उन्हें जुबिन के पास भेजा गया। साथ ही कहा कि. हमने उनके साथ लगभग छह दिन काम किया। लीगमें खेलने बाद अन्य क्रिकेटर भी उनके साथ जुड़े और उनके अनुभवों से खिलाड़ियों को लाभ भी हुआ है। ' जयसूर्या ने कहा कि भरूचा के साथ सत्र काफी गंभीर रहा और खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिला।



# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं अर्शदीप



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टेस्ट टीम में जगह मिल सकती है। अर्शदीप ने हाल ही में सीमिल ओवरों के प्रारुप में शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 विश्वकप में भी उनकी गेंदबाजी काफी अच्छी रही थी। विश्वकप में अर्शदीप ने 17 विकेट लिए थे। इसी कारण उन्हें अब श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भी शामिल किया गया है। अटकलें हैं कि अर्शदीप को इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से टेस्ट क्रिकेट में अवसर मिल सकता है। इसी कारण उन्हें दलीप ट्रॉफी के कुछ मुकाबले खेलने को कहा गया है। अर्शदीप ने 2022 का टी20 वर्ल्ड कप भी खेला था। तब भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। उस समय इस तेज गेंदबाज ने 10 विकेट लिए थे। अर्शदीप को टी20 क्रिकेट खेलते हैं। हालांकि, अब उन्हें वनडे क्रिकेट में भी आगे बढ़ाया जा रहा है। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए अर्शदीप को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। अब उन्हें टेस्ट क्रिकेट के लिए भी देखा जा रहा है।

# बालाजी के साथ बोपन्ना ओलंपिक में आखिरी बार लगाएंगे जोर, एकल में नागल के सामने कड़ी चुनौती

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 44 वर्षीय रोहन बोपन्ना के पास पिछले ओलंपिक की तरह मजबूत जोड़ीदार नहीं है लेकिन पुरुष युगल में उनके साथ चुनौती पेश करने को तैयार अनुभवी एन श्रीराम बालाजी मुश्किल परिस्थितियों से लड़ना जानते हैं।

## एकमात्र पदक

ओलंपिक में भारत का पहला और एकमात्र टेनिस पदक 1996 में आया, जब लिएंडर पेस ने अटलांटा खेलों में एकल कांस्य पदक के साथ इतिहास रचा था। जब महान पेस और महेश भूपति ने एथेंस (2004) और बीजिंग (2008) में एक साथ प्रतिस्पर्धा की थी तब भी भारत ने ओलंपिक पदक नहीं जीता था।

भारत को लंदन 2012 में भी पदक के सूखे का सामना करना पड़ा जब बोपन्ना ने दिग्गज भूपति के साथ जोड़ी बनाई थी। बोपन्ना 2016 रियो ओलंपिक में पुरुष युगल में पेस और मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा के साथ खेले लेकिन उनका पदक का सपना तब भी पूरा नहीं हुआ। ये सभी भारतीय टेनिस के सबसे सफल नाम है और इन सबने देश के लिए कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

## बालाजी-बोपन्ना के लिए खेलना



## मुश्किल

बालाजी ने हाल ही में युगल में खेलना शुरू किया है। इस भारतीय जोड़ी के लिए पदक जीतना काफी मुश्किल होगा लेकिन उन्होंने रोला गैरां में अभ्यास करने के लिए क्रोएशिया में उमाग टूर्नामेंट को छोड़कर यहां एक साथ अभ्यास करना बेहतर समझा। बोपन्ना ने पेरिस में कुछ यादगार जीत दर्ज की है। उन्होंने इसी स्थान पर अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था। उन्होंने 2017 में गैब्रिएला डाब्रोवस्की के साथ मिश्रित युगल में जीत हासिल की थी।

बोपन्ना ने कहा, 'यह क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के लिए सबसे बड़ा मैदान है। रोलां गैरा में भारत का प्रतिनिधित्व करना बहुत ही खास है। जब भी मैं यहां आता हूं तो वे यादें मेरी मदद करती हैं। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां मैंने उन यादों के कारण हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है।' बोपन्ना उम्र के इस पड़ाव पर शानदार लय में है और पिछले कुछ समय से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। वह बेखौफ हो कर खेल रहे हैं और उनके पास दबाव झेलने की शानदार क्षमता है।

दूसरी ओर बालाजी ने सीमित मौकों पर युगल मैचों में खुद को साबित किया है। उन्होंने डेविस कप में इस्लामाबाद में एकल मैच में दमखम दिखाने के बाद फ्रेंच ओपन में बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की दिग्गज जोड़ी को मैक्सिको के अपने जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वेरेलास के साथ जैसी टक्कर दी वह शानदार था। इन दो प्रदर्शनों ने बोपन्ना को उन्हें जोड़ीदार के तौर पर चुनने के लिए प्रेरित किया।

## डेविस कप से संन्यास ले चुके है बोपन्ना

बोपन्ना डेविस कप से संन्यास ले चुके है और एटीपी टूर पर अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर है। ऐसे में उन्हें बालाजी की तरह किसी जोड़ीदार से अच्छा साथ मिलेगा। बालाजी को उनकी सर्विस और तेज-तर्रार खेल के लिए जाना जाता है। वह बोपन्ना के अनुभव के साथ अच्छे से तालमेल बिठायेंगे। बोपन्ना 43 साल की उम्र में एबडेन के साथ 2023 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। वह इसके बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर भी पहुंचे थे। भारतीय जोड़ी पेरिस में पदक के सपने को पूरा करने के अभियान का आगाज स्थानीय खिलाड़ी एडवर्ड रोजर-वैसलीन और फैबियन रेबौल के खिलाफ करेंगे।

## पुरुष एकल में सुमित नागल पर दारोमदार

पुरुष एकल में देश का दारोमदार सुमित नागल पर होगा। नागल ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया। वह साल 2023 की शुरूआत में रैंकिंग में शीर्ष 500 में भी नहीं थे। उन्होंने इसके बाद शानदर प्रदर्शन करते हुए कई उलटफेर किये जिसमें एडवर्ड रोजर-वैसलीन और फैबियन रेबौल जैसे नाम शामिल है।

ओलंपिक के एकल वर्ग में मुकाबले में ग्रैंड स्लैम विजेता खिलाड़ी है ऐसे में नागल के लिए अपने अभियान को ज्यादा आगे ले जाना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। वह अपने अभियान की शुरुआत स्थानीय खिलाड़ी कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ करेंगे और अगर शुरुआती बाधा पार करने में सफल रहे तो उनके सामने ऑस्ट्रेलिया के दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी और विंबलडन क्वार्टर फाइनलिस्ट एलेक्स डि मिनौर की चुनौती होगी।

# ओलंपिक के लिए गूगल ने बनाया अपना डूडल, नदी में तैरते पक्षी दिख रहे




पेरिस। सर्च इंजन गूगल ने पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए एक डूडल बनाया है। गूगल ने पेरिस में 100 साल बाद ओलंपिक खेलों की वापसी हो देखते हुए ही अपने डूडल को इन खेलों को समर्पित किया है। इसलिए गूगल पर सर्च के दौरान उसके लोगो की जगह पर ये खेलों का डूडल नजर आयेगा। इसलिए आज जब आप गूगल पर जाएंगे तो सामने सबसे पहले एक एनिमिटेड ग्राफिक्स दिखाई देगा। जिसमें नदी में कुछ पक्षी तैर रहे हैं। वहीं जब आप माउस के कर्सर को इस डूडल पर ले जाएंगे तो उस पर लिखा आएगा पेरिस गेम्स बिगिन्स । गूगल पूरी दुनिया में होने वाले घटनाक्रम पर नजर रखता है और उसी के अनुसार अपना डडूल भी बनाता है। ओलंपिक खेल चार साल में होते हैं। इसलिए इन पर पूरी दुनिया की नजरें रहती हैं। ऐसे में गूगल भी इसका जश्न मनाने में पीछे नहीं है। ये ओलंपिक खेल 11 अगस्त तक चलेंगे। इस दौरान दुनिया भर के हजारों खिलाड़ी इन खेलों में अपने कौशल के बल पर पदक जीतने का प्रयास करेंगे।

# टेस्ट सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका को झटका, तेज गेंदबाज हुआ बाहर, प्रीटोरियस शामिल

पोर्ट ऑफ स्पेन। दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले ही करारा झटका लगा है। उसके तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस सीरीज से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि कोएत्जी अगले माह सात अगस्त से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज खेलने तक फिट नहीं हो सकते हैं। इसीलिए उनको टीम में नहीं रखा गया है। कोएत्जी को यह चोट अमेरिका की टी-20 फ्रेंचाइजी लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दौरान ही लगी थी। इस लीग में टेक्सास सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे थे। अब कोएत्जी की जगह मिगेल प्रीटोरियस को टीम में जगह मिली है। प्रीटोरियस ने अभी तक टेस्ट स्तर का कोई मैच नहीं खेला है हालांकि उन्होंने 64 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। प्रीटोरियस को इससे पहले दिसंबर 2020 में श्रीलंका में टेस्ट सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम में भी शामिल किया गया था पर वह कंधे में चोट के कारण तब नहीं खेल पाये थे।



# पेरिस ओलंपिक में महिला मुक्केबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद : विजेंदर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के एकमात्र ओलंपिक पदक विजेता पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह को लगता है कि पेरिस ओलंपिक में देश की पदक की संभावनायें महिला मुक्केबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर होंगी और उन्हें उम्मीद है कि निकहत जरीन की अगुआई वाली टीम कम से कम दो पोडियम स्थान हासिल करेगी। जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लम्बोरिया (57 किग्रा) और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) भारतीय महिला टीम में शामिल हैं जबकि अमित पंघाल (51 किग्रा) और पदार्पण कर रहे निशांत देव (71 किग्रा) पेरिस के लिए क्वालीफाई करने वाले दो पुरुष मुक्केबाज हैं।

38 वर्षीय विजेंदर ने कहा कि उन्हें महिला मुक्केबाजों के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता और भाजपा नेता विजेंदर ने कहा, 'पुरुष मुक्केबाजों के बारे में मैं इतना ज्यादा नहीं जानता लेकिन मैंने महिला मुक्केबाजों के बारे में जो पढ़ा है, उससे उम्मीद जगती है कि लड़कियां अच्छा प्रदर्शन करेंगी, मुझे उम्मीद है कि हमें एक या दो पदक मिलेंगे। यह रजत हो सकता है और शायद स्वर्ण पदक भी हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'ऐसा भी हो सकता है कि महिला मुक्केबाज अभी तक देश को मिले पदकों का रंग बदल दें।'

विजेंदर के अलावा केवल दो अन्य भारतीय महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम (लंदन 2012) और बोरगोहेन (तोक्यो 2021) ही अभी तक ओलंपिक में कांस्य पदक जीत सकी हैं। लेकिन देश का कोई भी मुक्केबाज फाइनल में पहुंचकर स्वर्ण पदक का मुकाबला नहीं खेल पाया है। महिला मुक्केबाजों ने पेरिस ओलंपिक से पहले अच्छा प्रदर्शन किया है जिसमें जरीन और बोरगोहेन 2023 में विश्व चैम्पियन बनीं।

पवार और लम्बोरिया ने एशियाई खेलों के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतें। वहीं अगर पुरुष मुक्केबाजों को देखा जाये तो देव को छोड़कर उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। देव ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। भारत के पहले पुरुष विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विजेंदर ने कहा, 'इस दफा काफी कम पुरुष मुक्केबाज हैं। पहले हम पांच से छह तक हुआ करते थे लेकिन इस बार बस दो ही पुरुष मुक्केबाज पेरिस गए हैं।'

भारत से सर्वाधिक सात पुरुष मुक्केबाज ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते थे और ऐसा 2012 चरण में हुआ था। 2008 में तब रिकॉर्ड पांच मुक्केबाज क्वालीफाइंग अभियान में शानदार प्रदर्शन के बाद ओलंपिक पहुंचे थे। विजेंदर ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि इसमें इतनी गिरावट क्यों हुई, शायद खुद मुक्केबाज ही इसके बारे में बेहतर तरीके से बता सकते हैं।' तीन बार के ओलंपियन विजेंदर ने अमेच्योर मुक्केबाजी छोड़कर 2015 में पेशेवर मुक्केबाजी में आने का फैसला किया था। उन्होंने इसके बाद अभिनय, रिएलिटी टीवी और राजनीति में भी हाथ आजमाये। उन्हें खेल प्रशासक के तौर पर भी काम करने से गुरेज नहीं है और अगर उन्हें मौका मिलता है तो वह भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) का चुनाव लड़ने को भी तैयार हैं।

विजेंदर ने कहा, 'अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं भारतीय मुक्केबाजी महासंघ का अध्यक्ष बनने को तैयार हूं। मैं चुनाव लड़ना चाहूंगा क्योंकि मैं भारतीय मुक्केबाजों को बेहतर करते हुए देखना चाहता हूं।' साथ ही उन्होंने कहा कि वे युवाओं को खेल के बारे में अच्छी जानकारी दे सकते हैं। विजेंदर ने कहा, 'जो युवा अपने पहले ओलंपिक में हिस्सा ले रहे हैं तो मैं उनके साथ अपने पहले ओलंपिक का अनुभव साझा कर सकता हूं। मैं उन्हें बता सकता हूं कि मैंने भी इन्हीं दिक्कतों का सामना किया था और उन्हें बता सकता हूं कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं।'



उन्होंने कहा, 'अगर मुझे बीएफआई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने का मौका मिलता है तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। अगर किसी को मेरी मदद चाहिए तो मैं उपलब्ध हूं।' इस समय बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह हैं जो स्पाइसजेट एयरलाइंस के मालिक भी हैं। विजेंदर ने कहा कि मुक्केबाजी एक 'अकेलेपन' का खेल है जिसमें आपको बाहर रिंग में लड़ना पड़ता है जबकि एक द्वंद्व आपके अंदर भी चलता रहता है।

# लतीफ ने पंड्या की उपेक्षा पर नाराजगी जतायी

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने श्रीलंकाई दौरे के लिए हार्दिक पंड्या को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नहीं बनाये जाने के फैसले को गलत बताया है। लतीफ ने कहा कि जिस प्रकार का तर्क चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने दिया है। वह केवल बहाने बाजी भर है। अगरकर ने कहा था कि पंड्या को खराब फिटनेस के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं दी है। अगरकर के इस फैसले से लतीफ को निराशा हुई है। उन्होंने कहा है कि फिटनेस का बहाना देकर हार्दिक को कप्तानी नहीं दी गई। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'उन्होंने पंड्या को सर्टिफिकेट दे दिया है कि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं। उनकी फिटनेस को लेकर अब भी कई सवाल हैं पर अगर देखा जाये तो ऐसे कई खिलाड़ी रहे हैं जो फिट नहीं हैं लेकिन इसके बाद भी भी वे बहुत अच्छे कप्तान बने हैं। मुझे लगता है कि यह एक बहाना है क्योंकि नये कप्तान सूर्यकुमार यादव का नाम पहले दावेदारी में नहीं था।

## हिंदु जनसंख्या नियंत्रित कर रहे... मुसलमान 10 बच्चे पैदा कर रहे

### –प्रेमानंद महाराज के बयान परमहंस आचार्य ने दी प्रतिक्रिया

अयोध्या। पश्चिम बंगाल में बिगड़ते हालात को देखकर पंचायती अखाड़ा निरंजन के महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू बहनें चार बच्चे पैदा करें, जिसमें से 2 हमें सौंप दें। वहीं प्रेमानंद महाराज के बयान पर अयोध्या के संतों ने प्रतिक्रिया दी है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, 'प्रेमानंद महाराज कथा वाचक हैं, कुछ भी कहते रहते हैं, जिसका कोई मतलब नहीं है। सरकार परिवार नियोजन की बात कर रही है। शास्त्रों में संतान उत्पत्ति व्यवस्था की बात कही गई है। प्रेमानंद महाराज को ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए। तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य ने कहा, 'हिंदुस्तान में कई राज्यों में हिंदुओं की संख्या कम हुई है और कई जगह अल्पसंख्यक हो चुके हैं, जहां हिंदू कम हो रहे है, वहां सरेआम गाय की हत्या हो रही है। निर्भया जैसे कांड हो रहे हैं। हिंदुओं को अल्पसंख्यक होने से बचने के लिए प्रेमानंद महाराज ने ये बात कही है। हिंदू अपने आप जनसंख्या नियंत्रण कर रहे हैं। मुस्लिम समाज के लोग हिंदुओं से 10 गुना ज्यादा बच्चे पैदा कर रहे हैं। जहां मुस्लिम आबादी बढ़ रही है, वहां हिंदू को प्रताड़ित किया जा रहा है।

## सीमा हैदर की सगी बहन का आरोप... अय्याशी और पैसा चाहिए

नई दिल्ली। खुद को सीमा हैदर की बहन बताते हुए एक बुर्कानशी महिला ने पाकिस्तानी भाभी को खूब खरी-खोटी सुनाई है। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के चैनल पर महिला ने खुद को सीमा हैदर की सगी बहन बताकर भारत सरकार से अपील की कि बच्चों को वापस पाकिस्तान भेज दिया जाए। 10 मिनट के वीडियो में महिला फूट-फूटकर रोई और सीमा को अय्याश और डायन कहकर कोसती रही। सीमा हैदर की कथित बहन ने कहा, मैं भारत सरकार से कहूंगी कि आप उसको (सीमा) को रखो। लेकिन बच्चों को वापस भेज दो। खुदा के लिए हमारी मदद करो। वह डायन बच्चों को मार देगी अपनी अय्याशी के लिए। उसे कुछ नहीं चाहिए, उसको अय्याशी चाहिए, पैसा चाहिए, मेकअप चाहिए उसको वीडियो बनानी है, सारी दुनिया को दिखानी है। उसे बच्चों से कोई ताल्लुक नहीं। किस तरह की कपड़े पहनाती है, लोग उन मासूम बच्चों को भी नहीं छोड़ते। उनका वीडियो बनाकर डालते है। सीमा की बहन ने रोते हुए कहा, हम पर रहम करो। हमारे बच्चे को पाकिस्तान डिपोर्ट करो। हमें नहीं चाहिए। उसे रखो अपने पास, उसे नचवाओ, उससे पैसे कमबाओ, उसका जो करवाना है करवाओ, लेकिन चार बच्चों की जिंदगी तबाह मत करो। तुम्हें शर्म नहीं आती, तुम किस तरह की मां हो। किस तरह बच्चों के कपड़े पहनाती हो, तुम्हारे बच्चों के लोगों ने प्राइवेट पार्ट के वीडियो बनाकर पैसे कमाए हैं। खुदा के लिए उन बच्चों को छोड़ दो। उनका क्या कसूर है, यही ना कि तुम उनकी मां हो।

## गुप्त दान देने वालों पर शिकंजा नहीं कस सकता है, आयकर विभाग- हाईकोर्ट

मुंबई। मुंबई हाईकोर्ट ने शिर्डी के सांई बाबा ट्रस्ट को मिलने वाले गुप्त दान पर दायर आयकर विभाग की याचिका पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा है, आयकर विभाग मंदिरों को गुप्त दान देने पर भक्तों की भावना को नियंत्रित नहीं कर सकता है। मुंबई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति सोमशेखर की खंडपीठ ने कहा सांई बाबा भगवान दत्तात्रेय के अवतार माने जाते हैं। भक्त उनकी पूजा करते हैं। जो भी दान भक्त करते हैं। वह उनकी आस्था का प्रतीक है। सांई बाबा ट्रस्ट एक धार्मिक संस्थान है। इसे आयकर से छूट प्राप्त है। आयकर ट्रिब्यूनल का मानना है, सांई बाबा ट्रस्ट धर्मार्थ है, धार्मिक ट्रस्ट नहीं है। आयकर विभाग का कहना था। ट्रस्ट की आय 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। धार्मिक कार्यों पर ट्रस्ट ने मात्र 2.30 करोड़ रुपए ही खर्च किए हैं। आयकर विभाग का कहना था, धार्मिक कार्यों के लिए यह राशि खर्च नहीं की जा रही है। मुंबई हाईकोर्ट की खंड पीठ ने इस मामले की सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है।

## कंगना रनौत ने लोकसभा में कांग्रेस को खूब सुनाया, बोलीं- पिछले 10 साल में जितना विकास हुआ है, 60 साल में नहीं हुआ



नई दिल्ली। बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने 26 जुलाई को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024 पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हिमाचल प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में हिमाचल प्रदेश इतना फला-फूला, जो पिछले 60 वर्षों में नहीं हुआ था। उन्होंने भ्रष्ट नीतियों को लागू करने के लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की। कंगना ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि दस साल पहले देश में अर्थव्यवस्था चरमराती और लड़खड़ाती हालत में थी, लेकिन पिछले दस साल में यह विश्व में 11वें स्थान से पांचवें नंबर पर आई है और तीसरे स्थान की ओर बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी से निर्वाचित भाजपा सांसद ने कहा कि उनके राज्य में पिछले साल आई बाढ़ में व्यापक जनधन की हानि हुई और राज्य सरकार की ''लापरवाही की वजह से अब भी हिमाचल त्रासदी की हानि से बाहर नहीं आ पा रहा।'' उन्होंने बजट में हिमाचल प्रदेश में बाढ़ राहत के लिए विशेष पैकेज की घोषणा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और सरकार का आभार जताते हुए कहा कि ''पिछले दस साल में भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में जितना विकास का काम किया है, उतना 60 साल में भी नहीं हुआ।'' कंगना ने कहा कि राज्य को अटल सुरंग जैसी वैश्विक अवसंरचना वाली परियोजनाएं मिली हैं, 11 हजार करोड़ रुपये की जलविद्युत परियोजनाएं स्वीकृत की गईहैं। उन्होंने मंडी में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा, ''इस बजट में 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प है और तब भारत दुनिया की पहली अर्थव्यवस्था होगा।'' उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्गों को सशक्त बनाने वाला है। कंगना ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के बाद तीसरी बार सरकार बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी।

## अग्निपथ योजना पर खुलेआम झूठ बोल रहे पीएम मोदी : खड़गे

### –पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे के बयान का ज़िक

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कारगिल विजय दिवस पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की आलोचना पीएम मोदी द्वारा द्रास में एक संबोधन के दौरान अग्निपथ योजना की आलोचना के लिए विपक्ष पर निशाना साधकर सेना को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाने के कुछ घंटों बाद आई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी जी कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने जैसे अवसरों पर भी तुच्छ राजनीति कर रहे हैं।

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी का दावा कि उनकी सरकार ने सेना के आदेश पर अग्निपथ योजना लागू सरासर झूठ और हमारे बहादुर सशस्त्र बलों का अक्षम्य अपमान है। खरगे ने कहा कि मोदी जी, आप ही हैं जो झूठ फैला रहे हैं! पूर्व सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) जनरल एमएम नरवणे ने ऑन रिकॉर्ड कहा है कि अग्निपथ योजना में 75 प्रमतिशत भर्तियों को स्थायित्व के लिए लिया जाना था और 25 प्रतिशत लोगों को 4 साल बाद जाने दिया जाना था। लेकिन मोदी सरकार ने इसका उलटा कर योजना को तीनों सशस्त्र बलों के लिए जबरन लागू कर दिया।

उन्होंने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) जनरल नरवणे ने अपनी पुस्तक में, इस मोदी सरकार ने प्रकाशित होने से रोक दिया है, कहा है कि अग्निपथ योजना सेना और नौसेना और वायु सेना के लिए चौंकाने वाली थी।

# मुंबई में भारी बारिश... पुलिस की लोगों को सलाह घर पर ही रहे

## मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार तक के लिए रेड अलर्ट जारी किया





**मुंबई (एजेंसी)**। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भारी बारिश के पूर्वानुमान के बाद पुलिस ने मुंबई निवासियों को शनिवार सुबह 8-30 बजे तक घर के अंदर ही रहने की सलाह दी है। यह सलाह भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी रेड अलर्ट के बाद है। पिछले 24 घंटों में शुक्रवार सुबह 8-30 बजे तक मुंबई शहर में 44 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 90 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 89 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति का आकलन कर रायगढ़ कलेक्टर को बाढ़ प्रभावित निवासियों की सहायता करने का निर्देश दिया। भूस्खलन के कारण रायगढ़-पुणे मार्ग पर तम्हिनी घाट पर यातायात रोक दिया गया।

पुणे में सड़कों पर और लोगों के घरों में पानी घुस गया है। खडकवासला बांध और जलग्रहण क्षेत्र में काफी बारिश हो रही है। जिला कलेक्टर, नगर आयुक्त और पुलिस आयुक्त अलर्ट पर हैं, सीएम शिंदे ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य समकक्ष की टीमों को तैनात किया गया है, और सेना की एयरलिफ्टिंग टीमें स्टैंडबाय पर हैं।

### सार्वजनिक सुरक्षा संदेश

मुंबई पुलिस ने पोस्ट किया, आईएमडी ने कल सुबह 8-30 बजे तक मुंबई के लिए रेड अलर्ट घोषित किया है। सभी मुंबईवासियों से अनुरोध है कि जब तक जरूरी न हो, घर के अंदर ही रहें। कृपया सुरक्षित रहें। आपात स्थिति के लिए 100, 112 डायल करें।

रनवे परिचालन को पहले सुबह 8-32 बजे से सुबह 8-43 बजे तक 11 मिनट के लिए रोका गया, और फिर सुबह 10-36 बजे से 10-55 बजे तक 19 मिनट के लिए रोका गया क्योंकि दृश्यता 300 मीटर तक गिर गई और रनवे विजुअल रेंज (आरवीआर) गिर गई।

### यात्री मार्गदर्शन

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइन वेबसाइटों और सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से उड़ान की स्थिति के बारे में अपडेट रहें और मुंबई में चल रही भारी बारिश और यातायात की भीड़ के बीच हवाई अड्डे के लिए अतिरिक्त यात्रा समय की योजना बनाएं।

## पुतिन-मोदी मुलाकात से भन्नाया चीन... अब चौधरी बनने में जुटा

नई दिल्ली। भारत और रूस की दोस्ती की पूरी दुनिया में मिसाल दी जाती है। चाहे संयुक्त राष्ट्र का मंच हो या कोई बड़ा मसलाज्दोनों ने शुरू से एक-दूसरे का साथ दिया है। लेकिन भारत और रूस की यारी से चीन परेशान हो रहा है। चीन दोस्ती में दरार लाने की हरसंभव कोशिश करता रहता है। मगर यह दोस्ती अटूट है। खुद अमेरिका मानता है कि रूस-यूक्रेन जंग में भारत ही शांति दूत का काम कर सकता है। इस हकीकत से अनजान होकर चीन रूस-यूक्रेन जंग में चौधरी बनना चाहता है। दरअसल, जब से जंग भड़की है, चीन रूस पर डोरे डालने की पूरी कोशिश कर रहा है। ड्रैगन ने पुतिन को अलग-अलग तरीकों से बीते कुछ समय से लुभाने का प्रयास किया है। मगर पीएम मोदी के मॉस्को दौरे ने चीन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। चीन अब पीएम मोदी की पुतिन संग मुलाकात से भन्ना गया है। आनन-फानन में चीन रूस-यूक्रेन जंग और हमास-इजरायल जंग खत्म करवाने की झूठी कवायद में जुट गया है। इसके लिए चीन ने हमास और फतह के बीच सुलह करा दी है। ये दोनों कट्टर दुश्मन रहे हैं। चीन ने यूक्रेन के विदेश मंत्री को बीजिंग में बुला लिया। वह यूक्रेन को भरोसा दिला रहा है कि वह शांति दूत बनकर जंग खत्म करा देगा। यूक्रेनी विदेश मंत्री का बीजिंग आया इसलिए भी खास है, क्योंकि रूस और यूक्रेन जंग के शुरू होने के बाद पहली बार चीन ने किसी यूक्रेनी नेता की बीजिंग में मेजबानी की है। दरअसल चीन दुनिया को दिखाना चाहता है कि वर्ल्ड ऑर्डर में वह अब चीजें तय कर सकता है। चीन यूक्रेनी विदेश मंत्री संग मुलाकात के जरिए खुद को एक तटस्थ और शांति दूत के तौर पर पेश करना चाहता है।जबकि हकीकत यह है कि चीन जंग को और भड़काता रहा है।

# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह का समर्थन करना चन्नी को पड़ा भारी, कांग्रेस घिरी

### –बीजेपी बोली–कांग्रेस अलगाववादियों और आतंकवादियों की वकालत क्यों करती है?



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थन में कांग्रेस के लोकसभा सदस्य चरणजीत सिंह चन्नी की टिप्पणी पार्टी पर भारी पड़ती दिख रही है। विवाद बढ़ने पर कांग्रेस ने चन्नी के बयान से कन्नी काट ली है। कांग्रेस ने साफ कहा कि चन्नी के विचार पार्टी की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि अमृतपाल सिंह पर सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के विचार उनके अपने और निजी हैं, और किसी भी तरह से कांग्रेस की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।

चन्नी के बयान के बाद बीजेपी, कांग्रेस पर हमलावर है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने चन्नी की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी की दादी और दिवंगत पीएम इंदिरा गांधी की हत्या के पीछे खालिस्तान का विचार था। उन्होंने कहा कि भारत के टुकड़े-टुकड़े चाहने वाले अलगाववादी के लिए बल्लेबाजी? राहुलजी को जवाब देना चाहिए कि खालिस्तान के जिस विचार के कारण पीएम इंदिराजी की हत्या हुई, उसकी सराहना की जा रही है। कांग्रेस हमेशा अलगाववादियों और आतंकवादियों की वकालत क्यों करती है?

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस सांसद चन्नी की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिस खालिस्तानी ने इंदिरा गांधी की हत्या की, उसे आज चन्नी का खुला समर्थन मिल गया है, इसका मतलब है कि कांग्रेस खालिस्तानियों के साथ है। यह भारत की अखंडता पर हमला है...कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उन्होंने बजट पर कुछ नहीं बोला। उन्होंने आपातकाल पर बात की। मुझे लगता है चन्नी को नहीं पता। उन्हें पता होना चाहिए कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हमारे संविधान के साथ क्या किया था। चन्नी को इतिहास पढ़ना चाहिए और आप पंजाब के पूर्व सीएम हैं। आपको 1984 के दंगों के पीड़ितों की विधवाओं से मिलना चाहिए।

## मुझे मत सिखाओ, बल्कि मेरे से सीख लो, बांग्लादेशियों को शरण देने वाले मुद्दे पर विदेश मंत्रालय को ममता की नसीहत



**कोलकाता (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंसा प्रभावित बांग्लादेश के शरणार्थियों को आश्रय देने की उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताने के लिए विदेश मंत्रालय (एमईए) पर पलटवार किया। बनर्जी ने कहा कि मैं संघीय ढांचे को अच्छी तरह से जानती हूं। मैं सात बार सांसद रही, मैं दो बार केंद्रीय मंत्री रही। मैं विदेश मंत्रालय की नीति को किसी और से बेहतर जानती हूं। उन्हें मुझे सबक नहीं सिखाना चाहिए। उन्हें इससे सीखना चाहिए। नौकरी में आरक्षण के विरोध को लेकर बांग्लादेश में हुई हिंसक झड़पों के बाद ममता बनर्जी ने संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव के तहत बांग्लादेशी शरणार्थियों को आश्रय प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बात की थी। उनकी टिप्पणी कोलकाता में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान आई, जहां उन्होंने हिंसा से प्रभावित लोगों की मदद करने की इच्छा व्यक्त की।

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की 'शहीद दिवस' रैली में कहा कि अगर असहाय लोग बंगाल के दरवाजे पर दस्तक देंगे तो हम निश्चित रूप से उन्हें आश्रय देंगे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बनर्जी की टिप्पणियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजनयिक चैनलों के माध्यम से कहा कि उनकी टिप्पणियां भ्रम पैदा कर सकती हैं और जनता को गुमराह कर सकती हैं। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि उसे ममता बनर्जी की टिप्पणी पर ढाका से एक लिखित आपत्ति मिली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि विदेशी संबंधों से जुड़े मामले केंद्र सरकार का विशेषाधिकार है।

जयसवाल ने कहा कि हमारे संविधान की सातवीं अनुसूची - सूची एक - संघ सूची - आइटम 10 के तहत, विदेशी मामलों का संचालन और सभी मामले जो संघ को किसी विदेशी देश के साथ संबंध में लाते हैं, केंद्र सरकार का एकमात्र विशेषाधिकार है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच राहुल गांधी विशेष कोर्ट में हुए हाजिर, दर्ज कराया अपना बयान

सुलतानपुर । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने वकील काशी प्रसाद शुक्ल व परिवादी के वकील संतोष पांडेय की मौजूदगी में अपना बयान दर्ज कराया। कोर्ट ने परिवादी के साक्ष्य के लिए 12 अगस्त की तारीख नियत की है। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत पहले ही हो चुकी है। कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराने के बाद कोर्ट से बाहर आते ही राहुल गांधी जिन्दाबाद के जमकर नारे लगे।

## बजट में नहीं मिली राहत, आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्याज बनेगी मुद्दा

**मुंबई, (एजेंसी)**। एनडीए सरकार को हाल के लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के प्याज बेल्ट में झटका लगा है। पार्टी को छह सीटों में से केवल एक पर जीत हासिल हुई है। मुख्य रूप से फसल निर्यात पर प्रतिबंध के चलते व्यापारियों के रूप में आगामी विधानसभा चुनावों में भी इसका असर दिखाई दे सकता है। किसानों में बजट द्वारा इस पर प्रतिबंध न हटाए जाने पर निराशा है। प्याज के मुफ्त निर्यात पर लंबे समय तक प्रतिबंध एनडीए की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा रहा है, नासिक में एक बीजेपी नेता ने निराशा जताते हुए कहा कि हमारे नेता इसके राजनीतिक प्रभाव के बारे में केंद्रीय नेतृत्व को समझाने में सक्षम नहीं थे।

डिंडोरी, नासिक, बीड, औरंगाबाद, अहमदनगर और धुले लोकसभा सीटें राज्य की प्याज बेल्ट वाली हैं, जो देश के प्याज उत्पादन का करीब 34फीसदी हिस्सा है। राज्य की 40फीसदी से ज्यादा प्याज की खेती नासिक में ही होती है। औरंगाबाद को छोड़कर, जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के संदीपन भुमारे ने जीत हासिल की, बाकी सभी सीटें एनडीए हार गईं है। अहमदनगर और बीड में, एनसीपी (सपा) के नीलेश लंके और बजरंग सोनावणे जैसे अपेक्षाकृत नए लोगों ने सुजय विखे-पाटिल और पंकजा मुंडे जैसे बीजेपी के दिग्गजों को हार का मजा चखाया है।

नासिक जिले के बलगन तालुका से शिवसेना नेता (शिंदे गुट) ने कहा कि विपक्ष लगातार प्याज की कीमतों का मुद्दा उठा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने अपने नेताओं से निर्यात का मुद्दा केंद्र के समक्ष उठाने को कहा था। विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और बजट में इस मुद्दे का समाधान नहीं किया गया है, इसका उल्टा असर पड़ सकता है। निर्यात प्रतिबंध के कारण पिछले साल ज्यादातर समय प्याज की कीमतें कम रहीं। डिंडोरी लोकसभा सीट के एक किसान ने कहा कि सरकार बजट में प्रतिबंध हटा देगी, लेकिन लगता है कि केंद्र ने इससे सबक नहीं सीखा है। विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा बना रहेगा। हम लोगों में से ज्यादातर सरकार के इस कदम से आहत हैं।

## केजरीवाल की सेहत को लेकर इंडिया गठबंधन का 30 को दिल्ली में प्रदर्शन



**नई दिल्ली (एजेंसी)**।आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि इंडिया ब्लॉक 30 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक रैली आयोजित कर रहा है, जिसमें तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरती सेहत का मुद्दा उठाया जाएगा। आप नेता बीजेपी पर जेल में केजरीवाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगा रहे हैं, जिसमें उनकी मेडिकल रिपोर्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें दिखाया है कि तीन जून से सात जुलाई के बीच उनका शुगर लेवल 26 बार नीचे आया।

आप नेताओं ने कहा कि केजरीवाल की गिरती सेहत का मुद्दा उठाने के लिए इंडिया ब्लॉक 30 जुलाई को जंतर-मंतर पर एक बड़ी रैली करेगा। दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर सीएम केजरीवाल की जान से खेलने का आरोप लगाया है। दिल्ली की मंत्री आतिशी से रैली के बारे में कहा कि बीजेपी दिल्ली के लोगों के खिलाफ साजिश कर रही है। वह दिल्ली के लोगों के काम रोक रही है। वह दिल्ली के लोगों के पैसा रोक रही है। बीजेपी ने दिल्ली के लोगों के लिए काम करने वाले अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया है।

आतिशी ने यह भी दावा किया कि जब बीजेपी को पता चला कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल सकती है तो उन्होंने उन्हें सीबीआई से गिरफ्तार करवाया। आतिशी ने दावा किया कि उन्हें पता है कि केजरीवाल को पिछले 30 सालों से डायबिटीज है। हिरासत में उनका वजन 8.5 किलो कम हो गया है। ग्लूकोमीटर पूरे दिन उनके शुगर लेवल पर नजर रखता है। इस डिवाइस का डेटा एलजी और केंद्र के साथ साझा किया जाता है। उन्हें पता है कि केजरीवाल का शुगर लेवल कुल 34 बार गिरा है। बीजेपी चाहती है कि उनका स्वास्थ्य खराब हो जाए।

सभी ब्लॉक पार्टियां केजरीवाल की हिरासत और उनके स्वास्थ्य पर मौजूदा खतरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगी। पिछले हफ्ते, वीके सक्सेना ने दिल्ली के मुख्य सचिव को केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति को रेखांकित करते हुए लिखा था, जिसमें कहा गया था कि तिहाड़ जेल अधीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट से पता चला है कि सीएम जानबूझकर अनुशंसित कैलोरी से कम कैलोरी ले रहे हैं। एलजी ने तत्काल कार्रवाई और केजरीवाल के रक्त शर्करा के स्तर की निगरानी के लिए सख्त प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की।

## अग्निपथ योजना पर खुलेआम झूठ बोल रहे पीएम मोदी : खड़गे

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कारगिल विजय दिवस पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की आलोचना पीएम मोदी द्वारा द्रास में एक संबोधन के दौरान अग्निपथ योजना की आलोचना के लिए विपक्ष पर निशाना साधकर सेना को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाने के कुछ घंटों बाद आई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी जी कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने जैसे अवसरों पर भी तुच्छ राजनीति कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी का दावा कि उनकी सरकार ने सेना के आदेश पर अग्निपथ योजना लागू सरासर झूठ और हमारे बहादुर सशस्त्र बलों का अक्षम्य अपमान है। खरगे ने कहा कि मोदी जी, आप ही हैं जो झूठ फैला रहे हैं! पूर्व सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) जनरल एमएम नरवणे ने ऑन रिकॉर्ड कहा है कि अग्निपथ योजना में 75 प्रमतिशत भर्तियों को स्थायित्व के लिए लिया जाना था और 25 प्रतिशत लोगों को 4 साल बाद जाने दिया जाना था। लेकिन मोदी सरकार ने इसका उलटा कर योजना को तीनों सशस्त्र बलों के लिए जबरन लागू कर दिया।

# नीट पेपर लीक मामला: अधजले पेपरों ने सीबीआई को आरोपियों तक पहुंचाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। । नीट-यूजी 2024 परीक्षा के आधे जले हुए पेपर ने सीबीआई को एक अहम सुराग मिला और उसने पेपर लीक मामले को सुलझाने में मदद की। नीट पेपर लीक मामले में अपने आधिकारिक बयान में सीबीआई ने अपराध के बारे में खुलासा किया। सीबीआई के मुताबिक नीट यूजी 2024 पेपर पांच मई, 2024 को झारखंड के हजारीबाग में ओएसिस स्कूल से अवैध रूप से प्राप्त किया गया था।

सीबीआई ने कहा कि पंकज कुमार जिसे आदित्य और साहिल के नाम से भी जाना जाता है, पेपर लीक के पीछे के मास्टरमाइंड में से है, साथ ही स्कूल के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और एक सहयोगी परीक्षा के पेपर तक अनाधिकृत पहुंच में शामिल थे।

आधे जले हुए पेपरों के बरामद टुकड़ों ने सीबीआई को नीट परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में मदद की, जहां से इसे लीक किया गया था। पांच मई की सुबह नीट पेपर से भरे ट्रंक स्कूल लाए गए और उन्हें नियंत्रण कक्ष में रख दिया गया। सीबीआई ने कहा कि ट्रंक पहुंचने के कुछ ही मिनट बाद स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल ने पेपर लीक के मास्टरमाइंड को कमरे में जाने दिया।

गिरोह ने पेपर से भरे ट्रंक को खोलने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया और बिना इजाजत उसमें से सामग्री निकाल ली। पेपर तक पहुंचने के बाद, इसे हजारीबाग में एमबीबीएस छात्रों द्वारा हल कराया गया। हल किए गए पेपर को फिर चुनिंदा छात्रों को पहुंचा दिया गया, जिन्होंने उत्तरों के लिए रकम भी दी। सीबीआई ने ऑपरेशन में शामिल अधिकांश सॉल्वरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जांच में यह भी पता चला है कि आरोपियों को ऐसे व्यक्तियों के एक नेटवर्क का समर्थन प्राप्त था, जिन्होंने उम्मीदवारों के आवास और उनके परिवहन का प्रबंध किया था।

वर्तमान में उन सभी छात्रों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्हें लीक हुए पेपर मिले थे और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जा रही है। इस साल 23 जून से चल रही सीबीआई जांच में अब तक 36 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिनमें बिहार पुलिस द्वारा पकड़े गए 15 लोग शामिल हैं।